आषाढ़ शुक्ल प्रतिपदा 01:24 तक उपरांत द्वितीया विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 26 जून 2025
वर्ष 6, अंक 88, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

www.amritvichar.com

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार




अमेरिका के कैनेडी स्पेस सेंटर से उड़ान भरता फाल्कन 9 रॉकेट

## शुभांशु शुक्ला सहित चार अंतरिक्ष यात्री आईएसएस के लिए रवाना, 41 साल बाद भारत की वापसी

# अंतरिक्ष में लहराएगा तिरंगा



अंतरिक्ष के लिए रवाना होने से पहले हाथ हिलाकर उत्साह जताते शुभांशु शुक्ला

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने एक्सिओम स्पेस द्वारा संचालित वाणिज्यिक मिशन के तहत बुधवार को तीन अन्य अंतरिक्ष यात्रियों के साथ अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की यात्रा के लिए रवाना होकर इतिहास रच दिया। रूसी अंतरिक्ष यान के जरिए भारतीय अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा की अंतरिक्ष यात्रा के 41 साल बाद किसी भारतीय की यह यात्रा हो रही है। स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट ने दोपहर 12:01 बजे एक्सिओम मिशन के अंतरिक्ष यात्रियों के लेकर फ्लोरिडा के केनेडी स्पेस सेंटर से आईएसएस के लिए उड़ान भरी। शुक्ला के माता-पिता लखनऊ स्थित सिटी मोंटेसरी स्कूल में इस ऐतिहासिक उड़ान के गवाह बने। इसी स्कूल से शुक्ला ने पढ़ाई की है। प्रक्षेपण के 10 मिनट बाद अंतरिक्ष यात्रियों ने धरती का चक्कर काटना शुरू कर दिया, जिसके बाद शुक्ला ने अपने संदेश में कहा कि 41 साल बाद भारत की मानव अंतरिक्ष यात्रा में वापसी। ड्रैगन अंतरिक्षयान के धरती से ऊपर 200 किलोमीटर की ऊंचाई पर कक्षा में प्रवेश करने के तुरंत बाद शुक्ला ने कहा कि कमाल की राइड (यात्रा) थी। करीब 28 घंटे की यात्रा के बाद यान के गुरुवार शाम साढ़े चार बजे आईएसएस पहुंचने की उम्मीद है। लखनऊ में जन्मे शुक्ला, अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा की अंतरिक्ष यात्री पूर्व मिशन कमांडर पैगी व्हिटसन, हंगरी के अंतरिक्ष यात्री टिबोर कपू एवं पोलैंड के स्लावोज उज्नान्स्की-विस्नीव्स्की एक्सिओम-4 मिशन का हिस्सा हैं, जो भारत, पोलैंड और हंगरी के लिए मानव अंतरिक्ष यान की ओर वापसी को साकार करेगा। कक्षा में पहुंचने के बाद अंतरिक्ष यात्रियों ने अपने नए कैप्सूल का नाम 'ग्रेस' बताया। अंतरिक्ष यात्री अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में 14 दिन बिताएंगे और अपने मिशन के दौरान 60 प्रयोग करेंगे।



स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान में सवार होकर अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए रवाना होते शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य यात्री।

### यह भारत के लिए गौरव का क्षण : योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में जन्मे ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को अंतरिक्ष में उड़ान भरने के लिए हार्दिक बधाई दी है। इसे भारत के लिए गौरव का क्षण बताते हुए भारत की वैज्ञानिक क्षमता की उपलब्धि कहा।

### शुभांशु के साथ 140 करोड़ भारतीयों की शुभेच्छा : मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक्सिओम-4 मिशन के सफल प्रक्षेपण का स्वागत किया और कहा कि इस मिशन में भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला अपने साथ 140 करोड़ भारतीयों की शुभेच्छाएं, उम्मीदें और आकांक्षाएं लेकर गए हैं। मोदी ने 'एक्स' पर कहा कि हम भारत, हंगरी, पोलैंड और अमेरिका के अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर रवाना हुए अंतरिक्ष मिशन के सफल प्रक्षेपण का स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा कि ग्रुप कैप्टन शुक्ला अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर जाने वाले पहले भारतीय बनने की राह पर हैं। वह अपने साथ 1.4 अरब भारतीयों की शुभेच्छाएं, उम्मीदें और आकांक्षाएं लेकर गए हैं। उन्हें और अन्य अंतरिक्ष यात्रियों को शुभकामनाएं।

### अंतरिक्ष से शुभांशु बोले क्या कमाल की राइड थी

**नई दिल्ली।** स्पेसएक्स का ड्रैगन अंतरिक्ष यान फ्लोरिडा में नासा के अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपण के 10 मिनट के भीतर पृथ्वी की कक्षा में प्रवेश कर गया और इसमें रवाना हुए भारत के अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने कहा कि कमाल की राइड (सफर) थी! अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले दूसरे भारतीय बने शुक्ला ने 41 वर्षों के अंतराल के बाद भारत की अंतरिक्ष में वापसी की घोषणा हिन्दी में की तथा सभी से उनकी यात्रा का हिस्सा बनने का आग्रह किया। शुक्ला (39) ने पृथ्वी की कक्षा से अपनी पहली टिप्पणी में कहा कि मेरे कंधों पर तिरंगा मुझे बताता है कि मैं अकेला नहीं हूं और मैं आप सभी के साथ हूं। उन्होंने कहा, नमस्कार, मेरे प्यारे देशवासियों। क्या सफर था! हम 41 साल के अंतराल के बाद अंतरिक्ष में लौटे हैं और क्या कमाल की राइड थी!

अंतरिक्ष की उड़ान ...पेज-11

# संविधान की भावना का उल्लंघन भूलने वाला नहीं

**आपातकाल के 50 साल**

## इमरजेंसी देश के लोकतांत्रिक इतिहास का सबसे काला अध्याय : प्रधानमंत्री

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि कोई भी भारतीय यह कभी नहीं भूलेगा कि आपातकाल के दौरान संविधान की भावना का कैसे उल्लंघन किया गया। उन्होंने संवैधानिक सिद्धांतों को मजबूत करने की अपनी सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। आपातकाल के 50 साल पूरे होने पर सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कई पोस्ट कर मोदी ने कहा कि यह भारतीय लोकतंत्र के इतिहास के सबसे अंधकारमय अध्याय में से एक है। कहा कि आपातकाल में संविधान में निहित मूल्यों को दरकिनार कर दिया गया, मौलिक अधिकारों को निलंबित कर दिया गया, प्रेस की स्वतंत्रता को दबा दिया गया और बड़ी संख्या में राजनीतिक दलों के नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, छात्रों और आम नागरिकों को जेल में डाल दिया गया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसा लग रहा था जैसे उस समय सत्ता में बैठी कांग्रेस सरकार ने लोकतंत्र को बंधक बना लिया था। मोदी सरकार ने पिछले साल घोषणा की थी कि आपातकाल की बरसी को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि 42वें संशोधन में संविधान में व्यापक परिवर्तन किए गए जो आपातकाल लगाने वाली कांग्रेस सरकार की चालों का एक प्रमुख उदाहरण है, जिसे जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार ने बाद में पलट दिया था। मोदी ने कहा कि हम अपने संविधान में निहित सिद्धांतों को मजबूत करने और विकसित भारत के अपने दृष्टिकोण को साकार करने के लिए मिलकर काम करने की अपनी प्रतिबद्धता भी दोहराते हैं।

हम प्रगति की नई ऊंचाइयों को छूएं और गरीबों तथा दलितों के सपनों को पूरा करें। आपातकाल के खिलाफ लड़ाई में डटे रहने वाले हर व्यक्ति को सलाम करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि ये लोग पूरे भारत से, हर क्षेत्र से, हर विचारधारा से थे, जिन्होंने देश के लोकतांत्रिक ढांचे की रक्षा करने के लिए मिलकर कार्य किया।

### केंद्रीय मंत्रिमंडल का संकल्प, पीड़ितों का करेंगे सम्मान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को आपातकाल का विरोध करने वाले लोगों के बलिदान का स्मरण और सम्मानित करने का संकल्प लिया। मंत्रिमंडल ने आपातकाल का विरोध करने वालों को श्रद्धांजलि देने के लिए कुछ क्षणों का मौन रखा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने उन लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए दो मिनट का मौन रखा, जिनके संविधान प्रदत्त लोकतांत्रिक अधिकार छीने गए और जिन्हें अकल्पनीय यातनाओं का सामना करना पड़ा। प्रस्ताव में कहा गया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने उन अनगिनत व्यक्तियों के बलिदान को स्मरण और सम्मानित करने का संकल्प लिया, जिन्होंने आपातकाल और भारतीय संविधान की भावना को कुचलने के प्रयासों का साहसपूर्वक विरोध किया। यह दमनचक्र 1974 में नवनिर्माण आंदोलन और संपूर्ण क्रांति अभियान को कुचलने के प्रयासों से शुरू हुआ था।

### लोकतंत्र सेनानियों एवं परिजनों का अब होगा कैशलेस उपचार




लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योगी बोले-आपातकाल के लिए कांग्रेस को माफी मांगनी चाहिए

**अमृत विचार :** आपातकाल की 50वीं बरसी पर बुधवार को लोकभवन में आयोजित भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय विषयक संगोष्ठी की शुरुआत करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आपातकाल के दौरान संविधान की प्रस्तावना में संशोधन करके धर्म निरपेक्ष और समाजवादी शब्द जोड़ना भारत की आत्मा पर कुठाराघात था।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस को आपातकाल के लिए दलितों, वंचितों एवं पूरे देशवासियों से माफी मांगनी चाहिए। बाबा साहब अंबेडकर ने अपनी लेखनी के माध्यम से जिन दलितों एवं वंचितों को अधिकार दिलाया था, कांग्रेस ने उनकी आवाज को दबाने का कार्य किया। योगी ने इस मौके पर लोकतंत्र सेनानियों एवं उनके परिवार के सदस्यों को कैशलेस उपचार की सुविधा की घोषणा की। इस अवसर पर एक प्रदर्शनी लगाई गई जिसका मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया।

### नीट एमडीएस की काउंसिलिंग 01 जुलाई से

**लखनऊ।** यूपी नीट एमडीएस-2025 की प्रथम चरण की काउंसिलिंग के लिए एक जुलाई से पंजीकरण शुरू हो जाएगा। चार जुलाई तक अभ्यर्थियों को धरोहर राशि जमा करनी होगी, आठ को सीट आवंटन के बाद 14 जुलाई तक दाखिले की प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक कार्यालय द्वारा काउंसिलिंग की समय सारिणी बुधवार को घोषित कर दी गई है।

चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने बताया कि नीट एमडीएस-2025 की पहली काउंसिलिंग एक जुलाई से शुरू हो रही है। धरोहर राशि जमा करने वाले अभ्यर्थियों के प्रपत्रों की जांच होगी और चार जुलाई को मेरिट सूची जारी की जाएगी।

तत्पश्चात अभ्यर्थियों को कॉलेज की प्राथमिकता ऑनलाइन देनी होगी। आठ जुलाई को सीट आवंटन के परिणाम घोषित होंगे, अगले दिन से संबन्धित मेडिकल कॉलेज में दाखिले की प्रक्रिया पूरी करनी होगी। सरकारी डेंटल कॉलेजों के लिए 30 हजार और निजी डेंटल कॉलेजों के लिए एक लाख रुपये धरोहर राशि जमा करनी होगी।

# सीबीएसई 10वीं की परीक्षा 2026 से साल में दो बार होगी

नई दिल्ली, एजेंसी

- फरवरी में होने वाला पहला चरण अनिवार्य, दूसरा चरण वैकल्पिक
- दोनों चरणों के परिणाम क्रमशः अप्रैल और जून माह में घोषित होंगे

सीबीएसई के 10वीं कक्षा के छात्र 2026 से एक शैक्षणिक सत्र में दो बार बोर्ड परीक्षा दे सकेंगे, हालांकि फरवरी में होने वाले पहले चरण की परीक्षा में शामिल होना अनिवार्य होगा। अधिकारियों ने बुधवार को कहा कि मई में होने वाला दूसरा चरण उन छात्रों के लिए वैकल्पिक होगा जो अपना प्रदर्शन सुधारना चाहते हैं। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 10वीं कक्षा के लिए वर्ष में दो बार बोर्ड परीक्षा आयोजित करने के मानदंडों को मंजूरी दे दी है, जिसकी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) में अनुशंसा की गई है।

सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने कहा कि पहला चरण फरवरी में और दूसरा मई में आयोजित किया जाएगा। दोनों चरणों के परिणाम क्रमशः अप्रैल और जून में घोषित किए जाएंगे।

छात्रों के लिए पहले चरण में शामिल होना अनिवार्य होगा, जबकि दूसरा चरण वैकल्पिक होगा। छात्रों को विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान और भाषाओं में से किसी भी तीन विषयों में अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने का मौका मिल सकेगा।

तय मानदंडों के अनुसार, शीतकाल में बंद रहने वाले स्कूलों के दसवीं कक्षा के छात्रों को किसी भी चरण में उपस्थित होने का विकल्प मिलेगा। इसके अनुसार, शैक्षणिक सत्र के दौरान आंतरिक मूल्यांकन केवल एक बार किया जाएगा।

सीबीएसई ने फरवरी में मसौदा मानदंडों की घोषणा की थी और हितधारकों की प्रतिक्रिया मांगी गई थी। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति की सिफारिश के मुताबिक, बोर्ड परीक्षाओं की उच्च अपेक्षा वाले पहलू को खत्म करने के लिए सभी छात्रों को किसी भी शैक्षणिक वर्ष के दौरान दो मौकों पर परीक्षा देने की अनुमति दी जाएगी।

# आकाली नेता बिक्रम मजीठिया गिरफ्तार

चंडीगढ़, एजेंसी

- मादक पदार्थ से जुड़े मामले में सतर्कता ब्यूरो ने की कार्रवाई
- गिरफ्तारी से पूर्व उनके आवास सहित 25 जगहों पर मारे छापे

पंजाब सतर्कता ब्यूरो ने मादक पदार्थों से जुड़े एक मामले में बुधवार को राज्य में 25 स्थानों पर छापेमारी के बाद वरिष्ठ अकाली नेता बिक्रम सिंह मजीठिया को गिरफ्तार कर लिया। जिन स्थान पर छापे मारे गए उनमें मजीठिया का अमृतसर स्थित आवास भी शामिल है।

मजीठिया की पत्नी और अकाली दल की विधायक गनीव कौर मजीठिया ने दावा किया कि बिक्रम के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया गया है। हालांकि, ब्यूरो ने अभी तक उस मामले के विवरण की पुष्टि नहीं की है। ब्यूरो ने पुलिस के साथ मिलकर पंजाब में 25 स्थानों पर छापे मारे, जिनमें अमृतसर



और चंडीगढ़ में मजीठिया के आवास समेत नौ स्थान शामिल हैं। शिरोमणि अकाली दल (शिअद) प्रमुख सुखबीर सिंह बादल उनके बहनोई हैं। मजीठिया 2021 के एक मादक पदार्थ मामले में भी जांच का सामना कर रहे हैं। मजीठिया और उनकी पत्नी ने दावा किया कि सतर्कता ब्यूरो के सदस्य अमृतसर के ग्रीन एवेन्यू स्थित घर में जबरन घुस आए।

**विडंबना** लोग आगे आए, संस्थाएं आईं, अभियान चले... फिर भी नहीं हो सका नदी का कायाकल्प

# आज भी अपने अस्तित्व को तलाश रही गोमती की धारा

श्रीकांत सिंह, पसगवां (लखीमपुर खीरी)

**अमृत विचार :** देश में नदियों को बचाने, उनकी अविरलता को कायम रखने के लिए समय-समय पर तमाम अभियान चलाए जाते रहे हैं, लेकिन इन सबके बीच आदि गंगा के नाम से प्रसिद्ध पौराणिक नदी गोमती लखीमपुर में आज भी अपने अस्तित्व को तलाश रही है। गोमती की अविरल जलधारा के लिए भी लोग आगे आए, अभियान चले, लेकिन इस नदी का कायाकल्प नहीं हो सका।

जिले में बरवर (मोहम्मदी क्षेत्र) से गुजरती नदी में घटता जलस्तर, व्याप्त गंदगी, जनता, जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अनदेखी भारी पड़ रही है। गोमती अपने गरिमामयी इतिहास पर आंसू बहा रही है। राज्य चिह्न में सुशोभित मछली भी गोमती नदी का स्वरूप है। पीलीभीत के माधोटांडा से उद्गमित गोमती का लगभग 40 किमी सफर लखीमपुर जिले में है। मोहम्मदी से थोड़ा पहले शुरू होकर बरवर, जहानीखेड़ा, रहजनियां होते हुए मैगलगंज से छह किमी दूर प्रसिद्ध मढ़िया घाट से एक किमी सीतापुर जिले में प्रवेश करती है। अत्यधिक जलदोहन, अतिक्रमण व खनन से सिकुड़ रहा भौगोलिक क्षेत्र गोमती के अस्तित्व व जलस्रोत के लिए संकट बन गया है। बरवर, अमरी घाट, सेमरा, जतनगंज और रहजनियां में इसमें बहुत गंदगी है, जिसके कारण इसकी धारा अवरुद्ध हो जाती है।

नदी क्षेत्र में अजबापुर चीनी मिल है। इस नदी में दो प्रमुख नाले आकर मिलते हैं, जिनमें एक छोहा है और दूसरा अंधरा छोहा है। छोहा अजबापुर चीनी मिल के किनारे से आकर सोहौना गांव होते हुए गोमती नदी में मिलता है। अंधरा छोहा मोहम्मदी के पास से निकलकर मकसूदपुर और बरवर के बीच निकलकर गोमती में मिलता है।



मोहम्मदी क्षेत्र में इस तरह नजर आती है गोमती नदी।

### प्रयास हुए पर अपेक्षित परिणाम नहीं

सुशील सीतापुरी मैं तुम्हारी गोमती हूं अभियान चला रहे हैं। वॉटर वुमन शिप्रा पाठक गोमती के किनारे यात्रा करते हुए नागरिकों से रूबरू हुईं। अंतर्राष्ट्रीय वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर सतपाल सिंह ने मोहम्मदी में गोमती सेवा समाज की स्थापना की। पैदल यात्राएं कीं और अभी हाल ही में उन्होंने गोमती उद्गम से गोमती के गंगा में मिलने तक एक यात्रा की। गोमती मित्र और पर्यावरण प्रेमी हरेंद्र वर्मा ने भी गोमती यात्राएं कीं। ये दोनों गोमती के किनारे जैव विविधता का भी अध्ययन करते हैं और अनवरत प्रयास करते हैं, लेकिन प्रशासनिक और जन सहयोग न मिलने से तमाम प्रयासों का परिणाम अपेक्षित नहीं मिला। वर्ष 2018 में आए बालीवुड अभिनेता राजपाल यादव ने गोमती के उद्धार के लिए बड़ी-बड़ी घोषणाएं की थीं, लेकिन लौटकर नहीं आए।

### विधायक ने उठाया था गोमती बचाओ का मुद्दा



मोहम्मदी से भाजपा विधायक और पंचायती राज विभाग के सभापति लोकेन्द्र प्रताप सिंह ने गोमती नदी के अस्तित्व को बचाने के लिए मई 2022 में विधानसभा सत्र में अपना पक्ष रखा था। उन्होंने कहा था कि गोमती उद्गम स्थल और शारदा नदी में बहुत लंबी दूरी नहीं है। ऐसी स्थिति में शारदा का अतिरिक्त पानी गोमती में छोड़े जाने पर गोमती को जीवनदान मिल जाएगा। नहर निर्माण से शारदा को बाढ़ से राहत, गोमती को निर्मलता और अविरलता के साथ ही मनरेगा मजदूरों को रोजगार भी मिलेगा।

## शहर में आज



☞ मंडलीय एवं जिला होमगाड्‌र्स कार्यालय का शिलान्यास एवं भूमि पूजन तहसील सदर के निकट चिन्हित जमीन पर 10 :00 बजे
☞ मंगल चातुर्मास प्रवेशोत्सव सुमतिनाथ जैन मंदिर में सुबह 9 :00 बजे
☞ लालबाग स्थित काली मंदिर में सायंकालीन आरती 7 :00 बजे






### जंडियाला स्टेशन पर गुरुवार से शुरू होगा प्री नॉन व नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य

# इंटरलॉकिंग: मंडल की कई ट्रेनें रद, मार्ग व समय में बदलाव

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● रेलवे अधिकारियों ने यात्रियों से की जानकारी लेकर ही यात्रा करने की अपील

**अमृत विचार :** फिरोजपुर मंडल के सनेहवाल-अमृतसर रेल खंड के जंडियाला स्टेशन पर होने वाले प्री-नॉन इंटरलॉकिंग और नॉन-इंटरलॉकिंग कार्यों के चलते मुरादाबाद रेल मंडल की कई ट्रेनों के संचालन में अस्थाई परिवर्तन किया गया है।

यह कार्य 26 जून गुरुवार से 14 जुलाई तक चलेगा। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि 26 जून से 11 जुलाई तक प्री नॉन इंटरलॉकिंग जबकि 12 जुलाई से 14 जुलाई तक नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य किया जाएगा। उन्होंने यात्रियों से अपील करते हुए



कहा है कि यात्रा से पूर्व अपनी ट्रेनों की जानकारी रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट, हेल्पलाइन नंबर अथवा संबंधित स्टेशन से प्राप्त कर लें। असुविधा के लिए खेद प्रकट किया गया है।

**परिवर्तित मार्ग से चलने वाली ट्रेनें (अमृतसर–तरनतारन–ब्यास मार्ग)**

12408 अमृतसर–न्यू जलपाईगुड़ी (27 जून), 04652 अमृतसर–जयनगर (27, 29 जून, 2, 4, 6, 9, 11, 13 जुलाई), 18104 अमृतसर–टाटानगर (27 जून, 2 जुलाई), 14650/14674 अमृतसर –जयनगर (27 जून से 2 जुलाई, 5 व 14 जुलाई), 22424 अमृतसर –गोरखपुर (29 जून), 22446 अमृतसर –कानपुर (1 जुलाई), 14603 सहरसा –अमृतसर (27 जून), 14673/14649 जयनगर–अमृतसर (30 जून से 10 जुलाई), 12317 कोलकाता–अमृतसर (2, 6, 9 जुलाई), 12407 न्यू जलपाईगुड़ी–अमृतसर (2 व 9 जुलाई), 04651 जयनगर–अमृतसर (4, 6, 8 जुलाई), 04653 न्यू जलपाईगुड़ी–अमृतसर (4 जुलाई), 14615 लखनऊ –अमृतसर (5 जुलाई), 12357 कोलकाता–अमृतसर (5 व 8 जुलाई), 15531 सहरसा –अमृतसर (13 जुलाई), 15211 दरभंगा–अमृतसर (26–30 जून, 2, 7, 8, 10 जुलाई)।

**रद की गई ट्रेनें:** 12054 अमृतसर–हरिद्वार (13 व 14 जुलाई), 12053 हरिद्वार–अमृतसर (13 व 14 जुलाई)।

**पुनर्निर्धारित व नियंत्रित ट्रेनें**

14604 अमृतसर–सहरसा (2 जुलाई) : 35 मिनट पुनर्निर्धारण, 25 मिनट नियंत्रण (कुल 60 मिनट देरी), 14650 अमृतसर–जयनगर (12 जुलाई) : 25 मिनट नियंत्रण, 22424 अमृतसर–गोरखपुर (13 जुलाई) : 20 मिनट पुनर्निर्धारण व 20 मिनट नियंत्रण, 14674 अमृतसर–जयनगर (13 जुलाई) : 25 मिनट पुनर्निर्धारण व 20 मिनट नियंत्रण।

# एकल वर्ग में विख्यात व मान्या ने मारी बाजी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● रेलवे मनोरंजन सदन में आयोजित टेबिल टेनिस टूर्नामेंट का समापन

**अमृत विचार :** रेलवे मनोरंजन सदन में जिला टेबिल टेनिस संघ की ओर से आयोजित दो दिवसीय टूर्नामेंट का बुधवार को समापन हो गया। पुरुष एकल स्पर्धा में विख्यात कत्याल विजेता बने। महिला एकल में मान्या ने शानदार प्रदर्शन कर जीत अपने नाम की।

40 वर्ष से अधिक उम्र के वर्ग में महेश पांडे, 50 वर्ष से अधिक उम्र के वर्ग में राजेंद्र शर्मा और 60 वर्ष से अधिक उम्र के वर्ग में उपेंद्र अग्रवाल विजेता रहे। अंडर-11 के बालक वर्ग में कविश, अंडर-13 में अर्नव मदान, अंडर-15 में प्रिंस, अंडर-17 में मोहम्मद नोमान और अंडर-19 में विख्यात को विजेता चुना गया। अंडर-11 के बालिका वर्ग लक्षिका विजेता रहीं। अंडर-13 में अद्वैता गौतम, अंडर-15 में अद्वैता, अंडर-17 में भव्या और अंडर-19 में मान्या विजेता रहीं। एडीआरएम परितोष गौतम ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर जिला टेबिल टेनिस संघ के सचिव योगेंद्र गौतम, रेलवे के क्रीड़ाधिकारी सचिन कुमार, रॉबिन बंसल, डॉ. आरपी सिंह, मुज्जमिल हुसैन, राजेंद्र शर्मा, रफी हुसैन, पीके सक्सेना, संजय माथुर आदि मौजूद रहे।

# मीसा बंदियों ने जेल में झेलीं प्रताड़नाएं, हम दे रहे उन्हें सम्मान

### भाजपा जिला व महानगर की ओर से आपातकाल काला दिवस पर आयोजित संगोष्ठी में बोले प्रदेश अध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



आपातकाल को लेकर लगी प्रदर्शनी देखते प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी व अन्य नेता।





दिल्ली रोड स्थित होटल में लोकतंत्र रक्षक सेनानी व उनके परिजनों को सम्मानित करते प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी व मंत्री जितिन प्रसाद। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** भाजपा जिला व महानगर इकाई की ओर से बुधवार को आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर दिल्ली रोड स्थित एक होटल में संगोष्ठी आयोजित की गई। इसमें लोकतंत्र रक्षक सेनानियों और उनके परिवार के सदस्यों को सम्मानित किया गया।

मुख्य वक्ता व मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी व विशिष्ट अतिथि केंद्रीय उद्योग एवं वाणिज्य राज्यमंत्री जितिन प्रसाद रहे। अतिथियों ने कार्यक्रम का उद्घाटन करने के साथ ही होटल परिसर में पौधरोपण किया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपने निजी हितों को ध्यान में रखते हुए देश के संविधान को स्थगित करके आपातकाल लगाया था। इसका

● कांग्रेस ने हमेशा लोकतंत्र का गला घोंटने की कोशिश की: भूपेंद्र सिंह

राजनीतिक, सामाजिक संगठनों ने विरोध किया। जिसके चलते लाखों की संख्या में लोगों को जेल की काल कोठरियों में बंद कर दिया गया। मीसा बंदियों ने जेल में विभिन्न प्रताड़नाएं झेलीं। आज हम उन्हीं लोगों और उनके परिवार के लोगों का सम्मान कर रहे हैं। उन्हीं के संघर्ष और त्याग का परिणाम हैं आज हमारा लोकतंत्र तेजी से आगे बढ़ रहा है।

केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि आपातकाल भारतीय संविधान पर कुठाराघात था। वर्तमान समय में चुनाव आयोग, मीडिया, न्यायपालिका पूरी तरह से स्वतंत्र हैं यही भारत का स्वरूप हैं और यही भारत की शक्ति हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष आकाश पाल ने कार्यक्रम की प्रस्तावना पढ़ते हुए कहा कि आज आपातकाल के 50 साल पूरे हो गए हैं।

भाजपा महानगर अध्यक्ष गिरिश भंडूला ने आभार जताया। संचालन कार्यक्रम संयोजक भाजपा महानगर उपाध्यक्ष विशाल त्यागी ने किया।

इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य सतपाल सैनी, क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा, नगर विधायक रितेश गुप्ता, कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह, एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, महापौर विनोद अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शेफाली सिंह, निमित जायसवाल, राजीव गुप्ता, संजय ढाका, विजयभान सिंह, गो सेवा आयोग के सदस्य दीपक गोयल, पूर्व सांसद वीर सिंह, राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष मनोज चौधरी, पूर्व विधायक राजेश चुन्नू, डॉ. केके मिश्रा सहित अन्य लोग मौजूद रहे। इससे पहले भाजपा कार्यालय में प्रदर्शनी का प्रदेश अध्यक्ष व अन्य अतिथियों ने उद्घाटन किया।

**आपातकाल इंदिरा गांधी सरकार की तानाशाही का प्रतीक**

अध्यक्षता कर रहे लोकतंत्र रक्षक सेनानी कमलकांत राय ने कहा कि आपातकाल इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली सरकार की तानाशाही प्रवृत्ति का प्रतीक था और इसे लागू करना इतिहास का काला दिन और एक काला अध्याय था। इससे हमारे संविधान की हत्या की गई थी और जिस पार्टी ने हत्या की वही आज संविधान की दुहाई दे रही है, यह और भी शर्मनाक है।

**इन्हें किया गया सम्मानित**

कार्यक्रम में इन लोकतंत्र रक्षक सेनानियों व उनके परिवार वालों को सम्मानित किया गया। जिसमें मुनिदेव शास्त्री, मोहनलाल, सोमदेव नागपाल, शिवेंद्र पाठक, शिवचरण लाल, मनोज गुप्ता, ज्ञानेंद्र देव शर्मा, डॉ शरद गोयल, मोहनलाल, मयंक शर्मा, राजबहादुर, उर्मिला गुप्ता, उषा गुप्ता, रामवती शर्मा, शशि आर्य, विमला देवी ,राजेश्वरी त्यागी, सुधा रस्तोगी, सुरेंद्र अग्रवाल, संजय शंखद्वार, संदीप सिंघल, श्रीदेवी सिंह, छुट्टन लाल, कैलाश सिंह, अजय वीर सिंह, ओमप्रकाश पाठक ,राजीव पाठक, महेश वाल्मीकि, राजीव पार्थक शामिल रहे।

## संचारी रोगों से बचाव के बारे में नगर पंचायत में बैठक

अमृत विचार : बुधवार को नगर पंचायत कार्यालय सभागार में संचारी रोग रोकथाम एवं दस्तक अभियान के तहत बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें संचारी रोगों से होने वाली बीमारियों से बचाव के बारे में विस्तार से बताया गया।

नगर पंचायत 1 जुलाई से शुरू होने वाले अभियान के तहत प्रत्येक वार्ड में एंटी लार्वा का छिड़काव एवं फॉगिंग करना सुनिश्चित करेगी। सफाई कर्मियों को निर्देशित किया गया है कि प्रत्येक वार्ड में सही से साफ सफाई रखें कहीं भी गंदगी जमा ना होने दे। बैठक के माध्यम से नगर पंचायत पाकबड़ा के लोगों को संचारी रोगों से बचाव के बारे में जागरूक किया गया। उन्हें स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित किया गया।

# रजिस्ट्री कार्यालय दूर होने से बढ़ेगी दिक्कत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



मांग को लेकर डीएम अनुज सिंह को ज्ञापन देते वकील। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** रजिस्ट्री कार्यालय को पुनः कचहरी परिसर या उसके निकट स्थापित किए जाने की मांग को लेकर बुधवार को वकीलों के एक प्रतिनिधिमंडल ने डीएम अनुज सिंह से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा।

दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि 2020 में रजिस्ट्री कार्यालय को कचहरी परिसर से हटाकर रामगंगा विहार स्थानांतरित कर दिया गया था, जिससे वकीलों के साथ-साथ आम जनता को भी भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। अब समाचार पत्रों के माध्यम से जानकारी मिली है कि कार्यालय को और अधिक दूर दिल्ली रोड पर स्थानांतरित किए जाने की तैयारी है, जो कचहरी से 6 किलोमीटर दूर होगा। इससे असुविधा और भी बढ़ेगी। कहा कि यह मांग केवल उनके अपने हित के लिए नहीं, बल्कि आमजन के व्यापक हित को ध्यान में रखकर की जा रही है। जमीन और मकान की रजिस्ट्री के लिए खरीदार और विक्रेता को भारी नकदी के साथ दूरस्थ स्थान पर जाना जोखिम भरा होता है। ऐसे में कोई भी अनहोनी की आशंका बनी रहती है। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की है कि रजिस्ट्री कार्यालय को कचहरी परिसर या उसके समीप किसी सुरक्षित स्थान पर ही स्थापित किया जाए। डीएम ने आश्वासन दिया कि ज्ञापन में दिए गए बिंदुओं और सुझावों पर गंभीरता से विचार कर उचित निर्णय लिया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व अधिवक्ता राजीव चौधरी ने किया। प्रतिनिधिमंडल में एडवोकेट अमित यादव, प्रतीक यादव, विश्वास गुंबर, दुष्यंत चौधरी, शेवी शर्मा, मोअज्जीन, मुकुल, मयूर, कुलदीप सिंह, पारस चौधरी, मोहम्मद नादिर, सौरभ चक्रवर्ती, मोहम्मद नाज़िर, अब्दुल रहमान समेत अन्य अधिवक्ता शामिल रहे।

● कचहरी में लाने की मांग को लेकर वकीलों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

# अमरोहा, बिजनौर, मुरादाबाद व रामपुर के डीएम कराएं जांच

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● मंडलायुक्त ने की 1 करोड़ से अधिक लागत वाली परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा

**अमृत विचार :** मंडलायुक्त आञ्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को उनके कार्यालय सभागार में सीएमआईएस पोर्टल पर 1 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाले निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति की बैठक में मंडलीय समीक्षा हुई। मंडलायुक्त ने क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी बरेली के बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने पर नाराजगी जताकर स्पष्टीकरण नोटिस जारी करने का निर्देश दिया।

मंडलायुक्त ने सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा मंडल में बाढ़ से सुरक्षा के लिए कराए गए कटान निरोधक कार्यों की जिलाधिकारी अमरोहा/बिजनौर/मुरादाबाद और रामपुर को कार्यों की गुणवत्ता की स्थलीय जांच कराने का निर्देश दिया। अधिशासी अभियन्ता, यूपी सीएलडीएफ, मुरादाबाद एवं अधिशासी अभियन्ता, यूपी सिडको मुरादाबाद द्वारा कराए जा रहे अधिकांश कार्यों की खराब प्रगति होने के कारण मंडलायुक्त ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने समस्त विभागों को निर्देश दिये कि वे अपनी विभागीय परिसम्पत्तियों को राजस्व अभिलेखों में अद्यतन कराएं।

उप्र जल निगम नगरीय एवं ग्रामीण के अधीक्षण अभियंताओं द्वारा इस समीक्षा बैठक में प्रतिभाग न करने के कारण उनकी संस्था से सम्बन्धित निर्माण कार्यों की अलग से समीक्षा कराने के निर्देश दिए।

# इंदिरा गांधी ने अपनी कुर्सी बचाने के लिए लगाया था आपातकाल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● इंदिरा सरकार की नीतियों का विरोध करने वाले नेताओं और पत्रकारों को जेल में डाला गया
● भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने की प्रेस वार्ता, बोले- कांग्रेस में आंतरिक लोकतंत्र नहीं



पत्रकारों से बातचीत करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी।

**अमृत विचार :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि 25 जून 1975 को आपातकाल देश की आंतरिक स्थितियों को देखते हुए नहीं बल्कि कुर्सी बचाने के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने लगाया था। लाखों लोगों को जेल में अकारण ही डाल दिया था। सत्ता बचाने के लिए संविधान में अलोकतांत्रिक संशोधन किया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बुधवार को आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर बुद्धि विहार स्थित पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आपातकाल के दौरान इंदिरा गांधी ने सरकार की नीतियों का विरोध करने वाले नेताओं और पत्रकारों को भी जेल में डाल दिया। कांग्रेस सरकार ने प्रेस कांउसिल आफ इंडिया को भंग कर दिया था। न्यायपालिका को अपने इशारे पर चलाने की कोशिश की। संविधान में संशोधन कर धर्मनिरपेक्ष और समाजवाद शब्द जोड़े गए।

कांग्रेस में आज भी आंतरिक लोकतंत्र नहीं है। सभी निर्णय सोनिया और राहुल गांधी लेते हैं। बाकी सब रबर स्टैंप हैं। संविधान बचाओ का नारा देने वाली कांग्रेस ने ही संविधान का सबसे अधिक दुरुपयोग कर इसे एक परिवार के हित का माध्यम बना दिया।

उन्होंने कहा कि 50 साल बाद आपातकाल को इसलिए याद किया जा रहा है क्योंकि कांग्रेस आज भी तानाशाही की पक्षधर है। कांग्रेसी अंतर्राष्ट्रीय मोर्चे पर देश की नकारात्मक छवि बना रहे हैं।

आज भाजपा आपातकाल के दौरान देश और लोकतंत्र की रक्षा करने में यातना झेलने वालों को याद कर रही है। भाजपा देश के मान सम्मान को निरंतर आगे बढ़ा रही है। इस दौरान जिपं अध्यक्ष डॉ शेफाली सिंह चौहान, विधान परिषद सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, सत्यपाल सिंह सैनी, भाजपा जिलाध्यक्ष आकाश पाल, महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला आदि मौजूद रहे।

# लाल कुंआ टू बांद्रा सुपरफास्ट को सप्ताह में तीन बार चलाने की मांग



मांग संबंधी ज्ञापन देते रालोद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय लोकदल के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सलीम कुरैशी ने एक प्रतिनिधिमंडल के साथ डीआरएम उत्तर रेलवे मंडल को संबोधित ज्ञापन दिया। जिसमें गाड़ी संख्या 22544 लाल कुंआ टू बांद्रा सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन को सप्ताह में तीन बार चलाने की मांग की।

ज्ञापन के माध्यम से बताया कि ट्रेन संख्या 22544 लाल कुंआ टू बांद्रा सुपरफास्ट एक्सप्रेस सप्ताह में एक बार चल रही है। जिसकी कई महीने तक वेटिंग टिकट मिल रही है। जिससे मुंबई की यात्रा करने वालों को वेटिंग क्लीयर होने का इंतजार करना पड़ता है। कई बार सीट कन्फर्म न होने पर यात्रा निरस्त भी करनी पड़ती है। पेंट्रीकार व जीआरपी की सुविधा भी ट्रेन में होनी चाहिए।

डीआरएम से मांग किया कि मुरादाबाद के लोगों की समस्या को देखते हुए इस ट्रेन को सप्ताह में तीन बार संचालित कराया जाए। इस ट्रेन में 26 बोगी लगाकर इसका कोटा मुरादाबाद से कराएं जिससे स्थानीय लोगों को मुंबई की यात्रा में आसानी हो सके। इस दौरान प्रदेश महासचिव अनवार मलिक, महानगर अध्यक्ष असलम अंसारी, महानगर उपाध्यक्ष शाहनवाज मलिक, दानिश कुरैशी आदि मौजूद रहे।

# सुबह से उमड़ते घुमड़ते रहे बादल बूंदाबांदी से राहत नहीं

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मौसम का मिजाज बुधवार को लगातार बदलता रहा। सुबह से ही बादल उमड़ते-घुमड़ते रहे, लेकिन बरसात नहीं हुई। सुबह के समय चारों ओर काली घटाएं छाई रहीं, जिससे मौसम ठंडा रहा। वहीं दोपहर होते-होते कुछ देर बूंदाबांदी हुई बादल छंट गए और धूप निकल आई। थोड़ी देर बाद देर शाम तक फिर मौसम का मिजाज सुबह जैसा हो गया।

दोपहर तक हल्की हवा और बदली के कारण मौसम सुहावना बना रहा। हल्की बूंदाबांदी से लोगों को राहत नहीं मिली और उमस बढ़ गई। अधिकतम तापमान 33 डिग्री तक सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री दर्ज किया गया। किसान अब भी अच्छी बारिश की प्रतीक्षा कर रहे हैं। खरीफ सीजन के लिए अनुकूल वर्षा न होने से बोवाई में देरी हो रही है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार आने वाले दिनों में बारिश की संभावना है। दिल्ली रोड, लाकड़ी फाजलपुर, आरटीओ रोड पर दोपहर करीब दो बजे हल्की बूंदाबांदी हुई।

**रोजाना की दिक्कत** | सीएम के गड्ढामुक्त सड़क के आदेश का उड़ रहा मजाक, ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति और भी दयनीय

# टूटी सड़कें दे रहीं राहगीरों को दर्द, हादसे की आशंका

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



महानगर के पॉश इलाके में टूटी सड़क। ● अमृत विचार



बुद्धि विहार की टूटी सड़क पर भरा पानी और पसरा कीचड़। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री के गड्ढामुक्त सड़कों के आदेश का मुरादाबाद में मजाक उड़ रहा है। फरवरी-मार्च में मुख्यमंत्री के आदेश के कई महीने बीतने के बाद भी महानगर की सड़कों की जर्जर हालत राहगीरों के लिए मुश्किल बनी है। हल्की सी बारिश में टूटी सड़कों पर बने गड्ढों में पानी भरने से हादसे की आशंका बढ़ी है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति और भी दयनीय है।

सिस्टम की लापरवाह कार्यशैली सुधरने का नाम नहीं ले रही है। मुख्यमंत्री के गड्ढामुक्त सड़क के आदेश को भी गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। मुरादाबाद के ग्रामीण क्षेत्रों की बात ही दूर है महानगर के उन क्षेत्रों में जहां नगर निगम की सीमा है वहां भी सड़कों में गड्ढे नागरिकों को खतरे में डाल रहे हैं। हल्की बारिश में सड़क के गड्ढों में पानी भरने से हादसे की आशंका बढ़ गई है। लेकिन संबंधित विभाग के अधिकारियों को मानों इससे लेना देना नहीं है। अगले महीने कांवड़ यात्रा के दौरान हजारों की संख्या में शिवभक्त गंगा जल भरकर आवागमन करेंगे तब इन टूटी सड़कों के गड्ढे उनके लिए भी शूल बनेंगे। लोकनिर्माण विभाग के अलावा अन्य विभाग के अधिकारी व कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों की लापरवाही राहगीरों व स्थानीय नागरिकों को मुश्किल में डाल रही है। इन सड़कों से प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग गुजरते हैं। छोटे बड़े वाहनों के पहिए टूटी सड़कों के गड्ढे में फंसकर असंतुलित हो रहे हैं। जिससे कई बार हादसे भी हो चुके हैं फिर भी इन्हें ठीक कराने की जहमत नहीं उठाई जा रही है।

● बुद्धि विहार, कांठ रोड खुशहालपुर, रामगंगा विहार में कई जगह टूटी हैं सड़कें

**धरातल पर दम तोड़ रहे उच्च स्तर के निर्देश**

मंडलायुक्त, डीएम भी बैठकों में लगातार जर्जर व टूटी सड़कों की मरम्मत कराने का निर्देश दे रहे हैं लेकिन धरातल पर यह दम तोड़ रहा है। नागरिक इसे अपनी नियति मानकर सब सहने को मजबूर हैं। डीएम अनुज सिंह का कहना है कि पिछले दिनों भी बैठक में टूटी सड़कों की मरम्मत कराने का निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों और कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों को दिया था। लापरवाही करने वालों पर अब सख्ती होगी।

**आज का मौसम**

बादलों के बीच हल्की बारिश होने का अनुमान है।

32.0° अधिकतम तापमान | 25.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:18 | सूर्यास्त 07:17

# हस्तशिल्प व पीतल कारोबार की चमक भारत ही नहीं पूरे विश्व में

## लाकड़ी फाजलपुर स्थित डिजाइनको प्राइवेट लिमिटेड निर्यात फर्म में एक्सपोर्टर्स मीट में बोले मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि मुरादाबाद के हस्तशिल्प व पीतल कारोबार की चमक भारत ही नहीं पूरे विश्व में है। आज मेक इन इंडिया में नई तकनीक के साथ यहां के शिल्पकारों व निर्यातकों ने इस इंडस्ट्री को काफी ख्याति दी है। मुरादाबाद डिजाइन का बड़ा हब बनकर विश्व में अपनी भूमिका निभाए इसके लिए वह भी सरकार से पूरा प्रयास करेंगे। आने वाला समय भारत का है।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला बुधवार को मुरादाबाद के लाकड़ी फाजलपुर स्थित डिजाइनको प्राइवेट लिमिटेड निर्यात फर्म में एक्सपोर्टर्स मीट 2025 में मुख्य अतिथि थे। उन्होंने कहा कि विश्व के प्रमुख देशों में मुरादाबाद के उत्पाद की साख है। आज नई तकनीक के प्रयोग से बदलते परिप्रेक्ष्य के अनुसार दुनिया की जरूरत के अनुसार उत्पादों को रखें। युवाओं की तकनीकी जानकारी देश की ताकत बनती जा रही है। आज युवा नए इनोवेशन, रिसर्च में बड़ी भूमिका बनकर सामने आए हैं। हमारे यहां दक्ष मानव संसाधन का विशाल भंडार है। आने वाले समय में भारत दुनिया में सबसे बड़ा मैन्यूफैक्चरिंग हब बनेगा। सस्ती दवाइयां बन रही हैं। हस्तशिल्प के क्षेत्र में हम और सशक्त बनकर विश्व में अपनी धमक बढ़ाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि मुरादाबाद में स्किल्ड का बड़ा सेंटर बनाने के लिए काम होना चाहिए जिससे आत्मनिर्भर भारत मेक इन इंडिया को हम पूरे विश्व में स्थापित करने के लिए काम कर सकें। यहां कौशल और कुशलता का बड़ा हब बनाने में जुटें। मुरादाबाद के निर्यातक इसे सरकार के साथ मिलकर कर दिखाएंगे।




दिल्ली रोड स्थित फार्म में निर्यातको को संबोधित करते लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला। ● अमृत विचार



लोकसभा अध्यक्ष बिरला का स्वागत करते डिजाइनको परिवार के विनीत लोहिया। ● अमृत विचार

- मुरादाबाद डिजाइन का हब बने इसके लिए करेंगे पूरा प्रयास
- नए इनोवेशन व रिसर्च में युवाओं की बड़ी भूमिका

### लक्ष्य के साथ शिखर पर पहुंचें: केंद्रीय वाणिज्य राज्यमंत्री

केंद्रीय राज्यमंत्री वाणिज्य व उद्योग जितिन प्रसाद ने कहा कि भारत की व्यापारिक परिस्थितियां पूरी तरह परिवर्तित हो चुकी हैं। केंद्र सरकार आर्थिक सामाजिक विकास के नीतियां बनाकर तेजी से उस पर आगे बढ़ रही है। आज का दौर आगे बढ़ने का है। अपने लक्ष्य के साथ शिखर पर पहुंचें।

### मुरादाबाद के विकास में निर्यातकों की बड़ी भूमिका

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि मुरादाबाद के विकास में निर्यातकों की बड़ी भूमिका है। इसमें लोहिया परिवार ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। निर्यातकों की समस्याओं का सरकार प्राथमिकता पर समाधान करेगी ऐसा संकल्प भी है।

### ईपीसीएच के चेयरमैन ने रखीं अपेक्षाएं व समस्याएं

ईपीसीएच के चेयरमैन व मुरादाबाद के प्रमुख निर्यातक नीरज विनोद खन्ना ने निर्यातकों की अपेक्षाएं और समस्याएं सामने रखीं। उन्होंने कहा कि मुरादाबाद से लगभग 15 हजार करोड़ रुपये का कारोबार है। पांच से 6 लाख आर्टिजन इससे जुड़े हैं। मुरादाबाद को वैश्विक अर्थव्यवस्था में विश्व ख्याति के लिए सरकार नामांकित करे, क्योंकि मेटल के उच्च कोटि के यहां के उत्पाद विश्व के सभी प्रमुख देशों को निर्यात किया जाता है।



लाकड़ी फाजलपुर इंडस्ट्रियल स्टेट में आयोजित कार्यक्रम में ओम बिरला का संबोधन सुनते निर्यातक। ● अमृत विचार

# प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करेगा मुरादाबाद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पारंपरिक स्वागत से अभिभूत हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला

**अमृत विचार :** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला मुरादाबाद के भ्रमण के दौरान यहां के पारंपरिक स्वागत व लोगों की आत्मीयता से अभिभूत दिखे। उन्होंने कहा कि मुरादाबाद की यह ऐतिहासिक धरती जिसका बहुत पुरानी संस्कृति विरासत है।

वह लाकड़ी फाजलपुर इंडस्ट्रियल स्टेट में डिजाइनको प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा आयोजित एक्सपोर्टर्स मीट 2025 को बुधवार को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हस्तशिल्प के साथ यहां की हस्तकला देश दुनिया में अलग पहचान रखती है। खुशी है आने वाली पीढ़ी ने बदलते परिप्रेक्ष्य में नए डिजाइन देने का काम कर रही है। मुरादाबाद का निर्यात अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, जापान, ऑस्ट्रेलिया आदि देशों को जाता है।

इसके पहले मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उनका विनीत लोहिया, विभोर लोहिया, विपिन लोहिया, विनय लोहिया, पीयूष लोहिया, विपुल लोहिया, अनुभव लोहिया, आकर्ष लोहिया, आयुष लोहिया, अनमोल लोहिया ने शॉल ओढ़ाकर और पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। अंत में प्रतीक चिह्न दिया गया।

केंद्रीय वाणिज्य राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 140 करोड़ लोग सिर्फ लोग नहीं यह एस्पिरेशनल भारत है। जो किसी देश का डंप प्रोडक्ट नहीं चाहते हैं क्वालिटी प्रोडक्ट चाहते हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि अब उत्तर प्रदेश बीमारू नहीं विकास प्रदेश के रूप में बनकर उभर चुका है।

कार्यक्रम में जिपं अध्यक्ष डॉ. शेफाली सिंह चौहान, नगर विधायक रितेश गुप्ता, महापौर विनोद अग्रवाल, कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह, विधान परिषद सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, अलीगढ़ के महापौर प्रशांत सिंघल, पूर्व सांसद वीर सिंह, विधान परिषद सदस्य सत्यपाल सिंह सैनी, नवेदुर रहमान, भाजपा जिलाध्यक्ष आकाश पाल, महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला, महेश अग्रवाल, तनवीर वारी, प्रिया अग्रवाल, अक्षत जैन, सरदार इंद्रजीत सिंह चड्ढा, अवधेश अग्रवाल, रितु नारंग, पंकज सक्सेना, विवेक शर्मा आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### बाइक अनियंत्रित होकर गिरने से बाइक सवार घायल

**बिलारी, अमृत विचार :** चंदौसी रोड माइंडस आई इंटरनेशनल स्कूल तिराहे पर तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित ढोकर गिर गई। हादसे में बाइक सवार घायल हो गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उसका इलाज हुआ। मंगलवार रात बरेली के थाना भोजीपुरा के गांव लक्ष्मियापुर निवासी मो. खुर्शीद पुत्र अब्दुल करीम बाइक से मुरादाबाद से चंदौसी जा रहा था। इसी बीच बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। जिससे खुर्शीद के चोटें आई। साथ में बाइक पर सवार जिला संभल के बदायूं चुंगी का अंशु पुत्र नेत्रपाल बाल-बाल बच गया।

### साइबर सेल ने वापस कराए साढ़े 36 हजार रुपये

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** साइबर सेल ने साइबर ठगी के शिकार हुए युवक के साढ़े 36 हजार रुपये वापस करा दिए हैं। थाना सिविल लाइंस के आशियाना कॉलोनी स्थित आकाश ग्रीन निवासी हिमांशु ठाकुर ने साइबर सेल में 31 मई 2025 को प्रार्थना पत्र दिया था। जिसमें उन्होंने बताया कि साइबर ठग ने उन्हें कॉल कर किसी परिचित का हवाला देकर बातचीत की और इसी दौरान उनके खाते से साढ़े 36 हजार रुपये किसी अन्य खाते में ट्रांसफर कर लिए हैं। एसपी क्राइम सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि साइबर सेल ने बैंक अधिकारी और कंपनियों से संपर्क कर पीड़ित के शत प्रतिशत रुपये उनके खाते में वापस करा दिए हैं।

# फ्लाइओवर से गिरी बस, 20 कर्मचारी घायल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद/अगवानपुर

**अमृत विचार :** कर्मचारियों को फर्म से उनके घर छोड़ने जा रही बस ओवरटेक करते हुए अगवानपुर फ्लाइओवर पर मंगलवार की देर रात पलट गई। बस में सवार रामपुर रोड प्रभात मार्केट निवासी 20 कर्मचारी घायल हो गए। चीख पुकार मचने लगी। जानकारी पर पुलिस और फर्म स्वामी पहुंच गए। कुछ को जिला अस्पताल तो सात घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। सभी की हालत खतरे से बाहर है।



जिला अस्पताल में घायलों से जानकारी लेती पुलिस। ● अमृत विचार

थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के गांव लदावली में स्थित एक फर्म में पीतल व एल्युमिनियम के बर्तन बनाने के साथ- विदेश भेजने के लिए भी अन्य आइटम तैयार किए जाते हैं। फर्म में प्रभात मार्केट व अन्य मोहल्लों के लगभग 30 लोग काम करते हैं। यह सभी मंगलवार की देर रात काम कर फर्म से बस द्वारा घर आ रहे थे। बस जैसे ही अगवानपुर फ्लाईओवर के ऊपर पहुंची तो अनियंत्रित होकर चालक की साइड की तरफ पलट गई। हादसे में चालक अरविंद चौधरी, चंद्रपाल निवासी पीतल नगरी, प्रदीप सिंह, राकेश, संजीव कुमार, लल्लू सिंह, विशाल, प्रेमपाल, अमित, नाजिम, नाजिम, राजेंद्र, मोहम्मद कासिम, प्रथवीर सिंह, बाबू, गजराम सिंह, महिपाल सिंह, ज्योति निवासी हिमगिरि हरथला, कस्तूरी राम तलैया समेत लगभग 20 लोग घायल हो गए। हादसे के बाद चीख पुकार मच गई और यातायात प्रभावित हो गया। हादसे की जानकारी पर सीओ कुलदीप कुमार गुप्ता, इंस्पेक्टर मनीष सक्सेना व फर्म स्वामी भी पहुंच गए। पुलिस ने 13 घायलों को जिला अस्पताल तो सात घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। घायलों की हालत खतरे से बाहर है। पुलिस ने बस को हटवाकर यातायात सुचारू कराया। सीओ कुलदीप कुमार गुप्ता ने बताया कि सभी की हालत खतरे से बाहर है।

### हादसे में घायल हेड कांस्टेबल की मौत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सड़क हादसे में घायल 24 वीं वाहिनी पीएसी के हेड कांस्टेबल ने बुधवार को अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पीएसी में राजकीय सम्मान के साथ पुलिस अधिकारियों मृतक श्रद्धांजलि देकर शव गृह जनपद के लिए रवाना कर दिया। जिले की 24वीं वाहिनी पीएसी का एक दल बीते बीस दिनों से संभल में तैनात है। पीएसी का दल एक स्कूल में ठहरा हुआ था। दल में संभल के सिंहपुर सांझनी के रहने वाले हेड कांस्टेबल विजयपाल सिंह (58) भी शामिल थे। बीते मंगलवार को विजयपाल खाना खाकर स्कूल से बाहर निकले थे। जहां उन्हें किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। घायल विजयपाल को ई-रिक्शा चालक ने गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर बताते हुए विजयपाल को कांठ रोड स्थित निजी अस्पताल के लिए रेफर किया गया था। बुधवार की तड़के सुबह विजयपाल ने अंतिम सांस ली। पोस्टमार्टम के बाद शव को पीएसी में सेनानायक समेत अन्य पुलिस अधिकारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित करके गृह जनपद भेज दिया।

# डंपर से टकराया तेज रफ्तार टेंपो, एक की मौत, कई घायल

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** तेज रफ्तार टेंपो सड़क किनारे खड़े डंपर में टकरा गया। दुर्घटना में टेंपो सवार एक यात्री की मौत हो गई, जबकि तीन महिलाओं सहित कई यात्री घायल हो गए। हाईवे पर जाम लग गया। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजकर यातायात सुचारू किया।

मंगलवार की देर शाम कोतवाली क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर दोस्त से सवारियां भरकर तेज रफ्तार टेंपो ठाकुरद्वारा की दिशा में आ रहा था। कोतवाली क्षेत्र के गांव लौंगी खुर्द के निकट विपरीत दिशा से आ रही कार से बचने के प्रयास में सड़क किनारे खड़े डंपर से टकरा गया। दुर्घटना में टेंपो में आगे की ओर बैठे उत्तराखंड के जनपद उधम सिंह नगर के काशीपुर के सुमरा बस्ती निवासी शरीफ अहमद (35) की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि क्षेत्र के गांव मानपुर दत्त राम निवासी सीमा पत्नी अर्जुन, कोतवाली क्षेत्र के गांव रामनगर खागूवाला निवासी नाजरीन पत्नी बारीक हुसैन सहित कई यात्री घायल हो गए। दुर्घटना के बाद हाईवे पर जाम लग गया। कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक का शव और घायलों को 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। शव को कब्जे में लेकर पीएम को भेज दिया।

# निर्यात में कमी चिंता का विषय, दिक्कतों का होगा समाधान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने निर्यातकों के साथ की सर्किट हाउस में बैठक
- प्रदूषण नियंत्रण व निगम में निर्यातकों की समस्याओं के समाधान को नोडल अधिकारी बनाने के निर्देश

**अमृत विचार :** केंद्रीय राज्यमंत्री वाणिज्य एवं उद्योग जितिन प्रसाद ने बुधवार को सर्किट हाउस के सभागार में जिले के निर्यातकों के साथ बैठक की।

उन्होंने निर्यातकों की समस्याएं जानने के साथ ही सुझाव लिए। कहा कि पिछले साल से इस साल निर्यात में कमी आई है जो चिंता का विषय है। इसके लिए समस्याओं को चिह्नित करके उनका समाधान कराते हुए निर्यात को बढ़ाया जाएगा। निर्यातकों ने जीएसटी से संबंधित समस्याओं को राज्य मंत्री को बताई। जिस पर उन्होंने कहा कि आगामी जीएसटी काउंसिल की बैठक में समस्याओं को रखा जाएगा जिससे स्थाई समाधान हो। प्रदूषण नियंत्रण एवं निगम में निर्यातकों को आ रही दिक्कतों के समाधान को उन्होंने डीएम अनुज सिंह से कहा कि वे नोडल अधिकारी नामित करें। उन्होंने निर्देश दिया कि नियमों का सख्ती से पालन किया जाए लेकिन उत्पीड़न न करें।

निर्यातकों ने निर्बाध विद्युत आपूर्ति व उत्कृष्ट कानून व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि उन्हें पर्याप्त विद्युत आपूर्ति मिल रही है और साथ ही वह एक सुरक्षित माहौल में अपना व्यापार आगे बढ़ा रहे हैं।स्थानीय आर्टिजंस को प्रोत्साहित करने के लिए उन्होंने संयुक्त आयुक्त उद्योग को एक जनपद-एक उत्पाद (ओडीओपी) के तहत आर्टिजन विलेज तैयार कराने के संबंध में प्रभावी कदम उठाने के लिए कहा।

उद्यमियों ने श्रावण मास में कावड़ यात्रा के दौरान निर्यात के दृष्टिगत होने वाली समस्याओं की जानकारी राज्यमंत्री को दी, जिस पर उन्होंने डीएम को निर्यातकों के हितों को ध्यान में रखने हुए जरूरी कदम उठाने के लिए निर्देश दिया। बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, नगर विधायक रितेश गुप्ता, विधायक कुंदरकी रामवीर सिंह, अपर महानिदेशक विदेश व्यापार वृंदा मनोहर देसाई सहित अन्य अधिकारी और निर्यातक बंधु मौजूद रहे।



सर्किट हाउस में उद्यमियों के साथ बैठक करते केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री जितिन प्रसाद, अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी।

### जितिन से मिला उद्योग भारती का प्रतिनिधिमंडल



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** राज्य मंत्री जितेंद्र प्रसाद से लघु उद्योग भारती के प्रतिनिधिमंडल ने नगर विधायक रितेश गुप्ता के निवास पर मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मुरादाबाद के लघु उद्योगों से जुड़ी समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। लघु उद्योग भारती मुरादाबाद के अध्यक्ष अंशुल अग्रवाल ने मंत्री को पुष्पगुच्छ दिया। उन्होंने जिले की वर्तमान औद्योगिक स्थिति से मंत्री को अवगत कराते हुए लघु उद्यमियों को आ रही विभिन्न चुनौतियों की जानकारी दी। संस्था की ओर से दिए गए मेमोरेंडम में मुरादाबाद के पारंपरिक पीतल उद्योग को प्रोत्साहन देने, नए बाजार उपलब्ध कराने और उद्योगों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के लिए सहयोग की मांग की गई। इकाई ने नगर विधायक रितेश गुप्ता का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संस्था के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय गुप्ता, मंडल अध्यक्ष हेमंत जुनेजा, महासचिव रचित अग्रवाल, कोषाध्यक्ष हिमांशु बंसल, हेमंत अग्रवाल, अतुल भूतनी और अमित चौधरी शामिल रहे।

# बार-बार आइने में निहारते हैं चेहरा, कहीं आप बीमार तो नहीं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद,

- आपसेसिव कंपलसिव डिसाऑर्डर के पीड़ितों में पुरुषों से अधिक महिलाओं की संख्या

**अमृत विचार :** ये उदाहरण बता रहे हैं कि कई बार हम जो सोच रहे हैं वो सच नहीं होता। बार-बार एक बात को सोचना और फिर वह हरकत करना, आपसेसिव कंपलसिव डिसाऑर्डर (ओसीडी) बीमारी का लक्षण हो सकता है। मनोचिकित्सक के अनुसार जिला अस्पताल की मानसिक रोग विभाग की ओपीडी में ओसीडी के हर दिन 10 से अधिक मरीज पहुंच रहे हैं।



डॉ. अभिनव शेखर।

मनोचिकित्सक डॉ. अभिनव शेखर बताते हैं कि ओसीडी के चार प्रकार होते हैं। पहला कंडेमिनेशन, इसमें पीड़ित बार-बार हाथ-पैर धोता है, एक ही कपड़ा बार-बार धोता है। साफ बर्तनों को दोबारा साफ करता है। दूसरा प्रकार है चेकिंग, इसमें पीड़ित को महसूस होता है कि वह कोई सामान कहीं भूल गया है। जेब में पर्स होने के बाद भी बार-बार चेक करना। डिसाऑर्डर का तीसरा प्रकार है सिमिट्री, इसमें पीड़ित को महसूस होता है कि उसके घर में कोई भी वस्तु सही जगह पर नहीं है। चौथा है ब्लैस फेमस इसमें नकारात्मक विचार आते हैं कि पूजा सही से नहीं की तो कहीं कुछ अनर्थ न हो जाएगा। दिमाग में सेरोटोनिन की अनियमितता से भी यह परेशानी हो जाती है। ऐसी स्थिति में एक्सपोजर और रिस्पांस प्रिवेंशन (ईआरपी) थेरेपी दी जाती है।

**इंतजार खत्म** | 15 करोड़ की लागत से बने संविधान साहित्य वाटिका का लोकसभा अध्यक्ष ने किया लोकार्पण

# संविधान साहित्य वाटिका से युवाओं को दायित्वों का होगा बोध

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मुरादाबाद के बुद्धि विहार फेज दो में 15 करोड़ रुपए की लागत से नगर निगम के द्वारा निर्मित संविधान साहित्य वाटिका का बुधवार की देर शाम मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने लोकार्पण किया। उन्होंने पूरे वाटिका का भ्रमण कर भित्ति चित्रों और अन्य आकर्षक प्रतिमाओं को देखा।



संविधान साहित्य वाटिका का उद्घाटन करते लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला।

- बोले- यहां के साहित्यकार, लेखक और विचारकों ने लेखनी, विचार और गीतों से दिए नए विचार

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि आज मुरादाबाद के लिए ऐतिहासिक दिन है। यहां बनी संविधान साहित्य वाटिका आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक होगी। भारत की संस्कृति, साहित्य और विरासत हम सब को आज भी प्रेरित करती है। मुरादाबाद के साहित्यकार, लेखक और विचारकों ने अपनी लेखनी, विचार और गीतों से देश और दुनिया को नया विचार देने का काम किया है। यह धरती पीतल की धरती है जहां के शिल्पकारों ने दुनिया में भारत की अलग पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि संविधान साहित्य वाटिका के माध्यम से लोकतंत्र के मूल्य और विचारों से आने वाली पीढ़ी प्रेरणा लेगी। स्वतंत्रता के बाद हमने लोकतंत्र के विचारों को आत्मसात करके प्रगति की है। इस संविधान साहित्य वाटिका से भावी पीढ़ी को अपने कर्तव्यों और दायित्वों का बोध होगा। साथ ही लोकतंत्र, न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व जैसे संविधान के मूल सिद्धांतों के प्रेरणा मिलेगी।

इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद, महापौर विनोद अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ, शेफाली सिंह, विधान परिषद सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, कुंदरकी के विधायक रामवीर सिंह, नगर विधायक रितेश गुप्ता, मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह, नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल और नगर निगम के सभी अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### संविधान के चार स्तंभ का दर्शन

संविधान साहित्य वाटिका में स्थापित अलग अलग हिस्सों में संविधान के चार स्तंभ, न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व को दर्शाने वाली मूर्तियां, भित्ति चित्र और उकेरे गए लेख लोगों के लिए आकर्षणा व ज्ञान का केंद्र है। वाटिका हर नागरिक को इन मूल्यों के गहरे अर्थों को समझने और आत्मसात करने के लिए प्रेरित करता है।

### इन विभूतियों की है प्रतिमा

संविधान साहित्य वाटिका में डॉ. भीमराव आंबेडकर, सरदार बल्लभभाई पटेल, पंडित जवाहर लाल नेहरू आदि की प्रतिमा स्थापित हैं। इनके जीवन और योगदान को दर्शाने के लिए प्रतिमाएं, पट्टिकाएं और क्यूआर कोड के माध्यम से इंटरएक्टिव जानकारी उपलब्ध कराई गई है। इस वाटिका में पारंपरिक भारतीय डिजाइन जैसे- जाली कार्य, तोरण, और वटवृक्ष (बरगद का पेड़) जैसे प्रतीकों का आधुनिक स्थापत्य के साथ सुंदर मेल किया गया है। यह एक जीवित संग्रहालय की तरह है।

### प्रबुद्ध साहित्यकारों का भी होगा दर्शन

वाटिका में प्रबुद्ध साहित्यकारों महादेवी वर्मा, गिरीश कर्नाडको, हरिशंकर परसाई, हरिवंश रायबच्चन आदि के भित्तिचित्र (म्यूरल) प्रदर्शित किए गए हैं। भारत की 11 शास्त्रीय भाषाओं को वृक्ष और विरासत म्यूरल के रूप में प्रस्तुत किया गया है। इस भाग में स्थानीय साहित्यकारों जैसे जिगर मुरादाबादी, दुर्गा दत्त त्रिपाठी, मंसूर उस्मानी इत्यादि को भी स्थान दिया गया है, जो शहर के नागरिकों, विशेष रूप से युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं।

## एक नजर

### रिश्तेदारी से लौट रहे युवक से की मारपीट

**कांठ, अमृत विचार :** थाना कांठ के ग्राम खलीलपुर कदीम निवासी रजत विश्नोई पुत्र राजवीर सिंह 24 जून को 3 :00 बजे के करीब बुआ के गांव पेली बिश्नोई से घर आ रहा था। पेली बिश्नोई नवादा के बीच दो बाइकों पर सवार प्रशांत बिश्नोई निवासी पेली बिश्नोई एवं तीन अज्ञात ने रजत को रोक लिया और गाली गलौज कर मारपीट की। झगड़े में उसकी सोने की चैन भी गिर गई। रजत को लेकर स्वजन व अन्य लोग थाना कांठ पहुंचे और पुलिस को एक नामजद कर लोगों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

### डूडा कॉलोनी में मुर्गी फार्म से लोग परेशान

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर की मुंडों वालों पर सरकार द्वारा डूडा कॉलोनी में आवास बनाकर निर्धन लोगों को आवंटित किए गए थे। कुछ ने आवासों को किराए पर दे दिया है। कॉलोनी में रहने वाली एक महिला ने आवास किराए पर दे दिया जिसमें मुर्गी फार्म खोल लिया गया है। मुर्गी की दुर्गंध से कॉलोनी वासियों का रहना दुश्वार हो गया है। जब वह महिला से मुर्गी फार्म बंद करने की बात करते हैं तो वह झूठे मुकदमों में फसाने की धमकी देती है। कॉलोनी निवासी सुधांशु चटवाल ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बंद कराए जाने की मांग की है।

### बार कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण आज

**कांठ, अमृत विचार :** तहसील बार एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह सोमवार दोपहर 12 :30 बजे तहसील एसोसिएशन सभागार में किया जाएगा। सोमवार को तहसील बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रदीप कुमार एवं प्रमोद कुमार शर्मा, महासचिव दीपक विश्नोई, कोषाध्यक्ष भू प्रकाश सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरपाल सिंह आदि कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण कराई जाएगी। एल्डर कमेटी द्वारा शपथ ग्रहण समारोह की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

### ट्रेन से गिरकर अज्ञात व्यक्ति की मौत

**कुंदरकी, अमृत विचार :** बुधवार को रेलवे ट्रैक के पुल के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़े होने की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव कब्जे में लिया। मृतक की शिनाख्त कराने की कोशिश की लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया। उम्र लगभग 30 वर्ष होगी। पुलिस शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है।

### अल्मोड़ा के वैज्ञानिकों ने किसानों को बताए फायदे, खेती की दी जानकारी

# गन्ने के साथ रागी की खेती कर कमा सकते हैं अधिक मुनाफा

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचारः** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद एवं विवेकानंद पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान अल्मोड़ा की ओर से बड़गोती प्राकृतिक फॉर्म ग्राम सरकड़ा बिलारी में सहफसली खेती के अंतर्गत रागी प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन किया गया। अखिल भारतीय समन्वित लघु कदन्न शोध परियोजना कार्यदायी संस्था फोस्टर सर्टिफिकेशन प्राइवेट लिमिटेड इंदौर की ओर से हुए कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों ने रागी की खेती देख वैज्ञानिकों से जानकारी ली। पर्वतीय क्षेत्र में रागी की खेती खरीफ के सीजन में होती है परंतु यहां आरेंद्र बड़गोती ने इसे गन्ने की फसल के साथ जायद में सफलतापूर्वक किया है। अल्मोड़ा से वैज्ञानिक डॉ. दिनेश जोशी, डॉ. महेंद्र भिंडा और डॉ. निर्मल कुमार हडऊ पहुंचे जो फसल सुधार विभाग के अध्यक्ष हैं। उन्होंने आरेंद्र बड़गोती की सराहना की। अल्मोड़ा के वैज्ञानिकों ने स्थानीय किसानों को रागी फसल को गन्ने की सहफसली खेती के रूप में होने के लिए प्रेरित किया। रागी का बीज सरकार मुफ्त में दे रही है। बीएल मंडुवा 400 नामक प्रजाति को बीमारी से मुक्त बनाया गया है। किसानों में किशन सिंह, मुनेश शर्मा, मनोज कुमार, सचिन कुमार, चंद्रपाल, लाखन सिंह, अमरपाल, प्रेमपाल, रामजीवन, सोरन सिंह, ओम प्रकाश आदि शामिल रहे। कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी डॉ. हसन तनवीर, डॉ ललित कुमार, सुनील सिंह, अमित मौर्य, विपिन चौहान मौजूद रहे।



किसानों को जानकारी देते अल्मोड़ा के वैज्ञानिक डॉ. दिनेश जोशी।

#### 4 फीट की खाली जगह में बोएं रागी

अल्मोड़ा के वैज्ञानिकों ने बताया कि गूल के बीच में 4 फीट की भूमि खाली रहती है उसी में रागी की तीन पंक्तियां बो ली जाती हैं, एक बीघा में 1 से 2 क्विंटल तक इसकी पैदावार है। सरकार समर्थन मूल्य पर 4800 रुपये प्रति क्विंटल खरीद लेती है।

# तेंदुए की दहशत...अफसर बेखबर

### पाकबड़ा के लोधीपुर क्षेत्र में पिंजरा लगाकर भूल गया वन विभाग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद,

**अमृत विचार :** ग्रामीण क्षेत्रों में हमलावर हो रहे तेंदुए के होने से लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। बच्चों से लेकर बुजुर्ग जाग कर रात गुजारने के लिए मजबूर हैं। जबकि वन विभाग के अधिकारी चैन की नींद सो रहे हैं। सोमवार को पाकबड़ा के धनुपुरा गांव में तेंदुए ने नीलगाय को शिकार बनाया था। जानकारी देने के लिए ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों से संपर्क साधा लेकिन समाधान नहीं हो सका।

पिछले माह लोधीपुर में तेंदुआ देखे जाने की सूचना पर वन विभाग ने पिंजरा लगाया था लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। कई बार आसपास के गांवों में तेंदुआ दिखा लेकिन अधिकारियों ने कोई सजगता नहीं दिखाई। मुरादाबाद में आए दिन तेंदुआ किसी न किसी को अपना शिकार बना रहा है। पिछले माह कल्याणपुर में तेंदुआ दिखाई देने पर वन विभाग ने वहां पिंजरा लगाया लेकिन वह चकमा देकर भाग गया। 9 मई को छजलैट के जिस नक्संदाबाद के पास मजदूर दलवीर पर हमला करने वाले तेंदुए को वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर पकड़ा था। उस स्थान पर एक और दूसरा तेंदुआ दिखाई दिया है।

जिस पर वन विभाग की टीम ने यहां तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगवाया है। सुबह गांव नक्संदाबाद के पास बाजरे के खेत में किसानों ने एक और तेंदुए को देखे जाने का दावा किया है लेकिन वन विभाग की टीम उसे नहीं पकड़ सकी। इसके कुछ दिन बाद ग्रामीणों ने पास के गांव मुंगला में तेंदुआ देखा, जिस पर काबू नहीं पाया जा सका। बीते माह कांठ के गांव गुलड़िया में तेंदुए ने कुत्ते पर हमला किया था, टीम रेस्क्यू नहीं कर सकी। इससे पहले 10 अप्रैल को तेंदुए ने भटावली गांव में कुछ ग्रामीणों पर हमला किया और दो बकरियों को मार दिया था।

#### तेंदुए की दस्तक से डिलारी में दहशत

डिलारी, अमृत विचार : क्षेत्र में तेंदुए की सक्रियता लगातार बढ़ती जा रही है। जिससे दहशत का माहौल बना हुआ है। क्षेत्र के गांव बमनिया पट्टी में लगभग 2 महीने से तेंदुआ जंगल और आबादी के पास घूमता देखा जा रहा है जिससे लोगों ने शाम 7 :00 बजे के बाद घरों से निकलना बंद कर दिया है हाथों में लाठी डंडे समूह बनाकर खेतों पर काम करने जा रहे हैं। ग्रामीण रात को टोलियां बनाकर पहरेदारी करने को मजबूर हैं। गांव निवासी चंद्रसेन, वीरभान, राकेश सोनू, चंद्रपाल, महिपाल, हरपाल सिंह आदि ने बताया कि लगभग एक माह पहले दो बाइक सवार दावत खाने जा रहे थे तभी दुए ने गांव स्थित पुलिया के पास हमला कर दिया जिससे दोनों बाइक सवार मनोज व कृपाल घायल हो गए थे। ग्रामीणों ने कई बार तेंदुआ पकड़ने के लिए विभागीय अधिकारियों से गुहार लगाई लेकिन सरकारी मशीनरी की उदासीनता के चलते पिंजरा नहीं लगाया गया। ग्रामीणों का कहना है कि लापरवाही के कारण तेंदुआ किसी की भी जान ले सकता है।

#### पिंजरा लगाने की प्रक्रिया

ग्रामीणों द्वारा तेंदुए के दिखाई देने की सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचती है और साक्ष्य जुटाने का प्रयास करती है। अधिकारियों के मुताबिक, तेंदुए के बार-बार दिखने पर ही पिंजरा लगाने की अनुमति दी जाती है। इसके लिए लखनऊ से मंजूरी लेना अनिवार्य है।

#### प्रयास है जारी

वन विभाग के आरओ गिरीश चंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि तेंदुओं के मूवमेंट बढ़ने के पीछे मुख्य कारण पानी की तलाश और शिकार की उपलब्धता हो सकता है। कुछ स्थानों पर आसानी से शिकार मिलने की वजह से तेंदुए बार-बार दिखाई दे रहे हैं। विभाग इस पर नजर बनाए हुए है और प्रयास जारी हैं।

## देवर ने किया दुष्कर्म शिकायत पर पति ने दिया तीन तलाक

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** विवाहिता ने देवर पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि शिकायत की तो पति ने तलाक दे दिया। महिला ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

कायत पत्र में पीड़ित महिला ने बताया कि एक अक्टूबर 2024 को उसकी शादी बिलारी क्षेत्र के गांव निवासी युवक के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद ही पति और ससुरालियों ने दहेज के लिए प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। 20 जून 2025 की रात लगभग दो बजे देवर ने डरा धमकाकर दुष्कर्म किया। शिकायत ससुराल वालों से की तो उन्होंने मारपीट कर निकाल दिया। इसके बाद पीड़िता मायके आ गई। 24 जून को आरोपी पति और ससुराल वाले उसके मायके में आ गए। उन्होंने घर में आते ही मारपीट शुरू कर दी और पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। इसी दौरान आरोपी पति ने उसे तीन तलाक दे दिया। एसएसपी ने जांच कर कार्रवाई के आदेश दिए हैं।

### बीडीओ ने किया अस्थाई गोशाला का निरीक्षण



**बिलारी, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव भूड़मरेशी की अस्थाई गोशाला का बुधवार को एडीओ पंचायत के साथ खंड विकास अधिकारी नरेश पाल सिंह ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गोशाला में व्यवस्थाओं का जायजा लिया। हरा चारा, भूसा पानी की व्यवस्था दुरुस्त पाई गई। साफ सफाई ठीक ना मिलने पर पशु मित्र और सचिव को निर्देशित कर कहा कि तत्काल सफाई दुरुस्त कराएं।

### शादी करूंगी तो प्रेमी से नहीं तो दे दूंगी जान

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** प्रेमी द्वारा शादी से इंकार करने पर युवती प्रेमी के घर पहुंच गई। युवक के परिजनों ने दरवाजा बंद दिया तो वह दरवाजे की चौखट पर बैठकर धरना दे दिया। बोली- शादी करूंगी तो प्रेमी से नहीं तो दे दूंगी जान। उत्तराखंड के काशीपुर की युवती की 7 साल पहले सोशल मीडिया पर कोतवाली ठाकुरद्वारा क्षेत्र के गांव जाफराबाद निवासी युवक से जान पहचान होने के बाद प्रेम प्रसंग हो गया। शादी का झांसा दे जगह-जगह होटल में ले जाकर दुष्कर्म किया। जब वह शादी की बात करती तो वह टाल मटोल करता। युवक ने दूरियां बनानी शुरू कर दी। अब वादों से मुकर रहा है। युवती मंगलवार को प्रेमी के घर पहुंच गई। प्रेमिका को आता देख युवक फरार हो गया। जिसके बाद प्रेमिका घर के बाहर ही धरने पर बैठ गई। घंटों हंगामा होता रहा। 112 पुलिस मौके पर पहुंची पर युवती हटने को तैयार नही हुई। युवती का आरोप है कि आरोपी झांसा देकर उसकी अस्मत से खेलता रहा। अन्य जगह रिश्ता तय होने पर प्रेमी ने उसके अश्लील फोटो भेजकर रिश्ता भी तुड़वा दिया और अब खुद भी शादी से इंकार कर रहा है। युवती जिद पर अड़ी है जिसे लेकर दोनों पक्षों की पंचायत चल रही है। समाचार भेजे जाने तक निर्णय नहीं निकल सका।

### संदिग्ध अवस्था में घर में मिला महिला का शव

**कांठ, अमृत विचार :** नगर के टिड्डा वाला के एक घर में संदिग्ध अवस्था में महिला का शव बरामद हुआ है। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस फॉरेंसिक टीम के सहारे साक्ष्य जुटाने में लगी है। हत्या है या आत्महत्या यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही ज्ञात होगा। नगर के मोहल्ला टिड्डा वाला स्थित घर में मंगलवार की देर रात्रि शबनम पत्नी मौसम का शव मिला है। महिला कमरे में बंद थी। गले पर रस्सी अथवा किसी तरह का कोई निशान नहीं था। पति डॉक्टर के पास उपचार हेतु लेकर गया था लेकिन वह दम तोड़ चुकी थी। सूचना मिलने पर एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह, सीओ गौरव त्रिपाठी, थाना प्रभारी निरीक्षक विवेक शर्मा, चौकी इंचार्ज योगेश मलिक, उप निरीक्षक कमलदीप घटनास्थल पर पहुंच गए। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर पहुंच कर साक्ष्य जुटाए। पति को पूछताछ को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मायका पक्ष हत्या बता रहा है। उन्होंने पोस्टमार्टम के लिए तहरीर दी थी हालांकि समाचार लिखे जाने तक ससुराल पक्ष के विरुद्ध तहरीर नहीं दी है।

### भाकियू की अधिकारियों के साथ त्रिपक्षीय वार्ता आज

**कांठ, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन टिकैत किसानों की मांगों और बिजली समस्याओं को लेकर तहसील सभागार में अधिकारियों के साथ आज वार्ता करेगा। जिसमें गन्ना विभाग, बिजली विभाग, पीडब्ल्यूडी, वन विभाग, नगर पंचायत विभाग के अधिकारी मौजूद रहेंगे। बुधवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत के तहसील अध्यक्ष चौधरी दर्शन सिंह बिश्नोई ने बताया कि आज तहसील सभागार में दोपहर करीब 1 बजे गन्ना विभाग, बिजली विभाग, पीडब्ल्यूडी, वन विभाग, नगर पंचायत के अधिकारियों के साथ एसडीएम संत दास पवार की मौजूदगी वार्ता की जाएगी।

### ठाकुरद्वारा-सुरजननगर मार्ग होगा चौड़ा

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** ठाकुरद्वारा- सुरजन नगर से जनपद बिजनौर के स्योहारा धामपुर मार्ग के चौड़ीकरण के लिए रोड किनारे खड़े पेड़ों में पोल को हटाने के लिए गणना शुरू कर दी गई है। वर्तमान में सड़क की चौड़ाई छह मीटर है लेकिन बढ़ती वाहनों की संख्या को देखते हुए पीडब्ल्यूडी ने सड़क चौड़ीकरण की तैयारी शुरू कर दी है। पीडब्ल्यूडी जेई दौलत सिंह ने बताया कि हाईवे के चौड़ीकरण को वन विभाग और विद्युत विभाग को पत्र भेज दिया गया है। पेड़ों और विद्युत पोलो की गणना शुरू कर दी है। विभाग प्रस्ताव तैयार कर रहा है। जिसका एस्टीमेट सरकार को भेजा जाएगा। इसी के उद्देश्य से उक्त मार्ग पर दो क्षतिग्रस्त पुल गिराकर नए पुलों का निर्माण कराया गया है जो लगभग पूरा हो चुका है। ये हाइवे जनपद बिजनौर से जुड़ता है। यहां से होकर उत्तराखंड के हरिद्वार, देहरादून, बिजनौर, मेरठ और दिल्ली को भी बड़ी संख्या में वाहन आते जाते हैं। सड़क की चौड़ाई बढ़ने से इस मार्ग पर चलने वाले वाहनों की रफ्तार में तेजी आएगी और वाहनों के संचालन में आसानी होगी।

### चोरों ने नकब लगाकर दो लाख का माल किया साफ

**भोजपुर, अमृत विचार :** मुरादाबाद रामनगर रोड पर स्थित गांव में अज्ञात चोरों ने किसान के घर में पीछे से नकब लगाकर दो लाख का सामान समेट कर ले गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सोमवार की रात गांव गौधी निवासी किसान दिलशाद पत्नी सायरा और बेटों इरशाद, सरताज आदि के साथ आंगन में सो रहा था। सुबह को खेतों पर काम करने जा रहे ग्रामीणों ने नकब की जानकारी दी। कमरे का ताला खोलकर देखा तो घरवालों के होश उड़ गए। कमरे में रखे संदूक एवं सेफ अलमारी के ताले टूटे हुए थे। सेफ में रखे 10 हजार रुपये, सोने का टीका और कुंडल, चांदी की तीन जोड़ी पाजेब एवं संदूक में रखे तांबे पीतल के बर्तन और नये कपड़े गायब थे। घर का सारा सामान इधर-उधर बिखरा हुआ पड़ा था। चोरी की सूचना पर बीट प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार राठी ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद ग्रामीण की तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने पीड़ीत परिवार को चोरी का जल्दी ही खुलासा करने का आश्वासन दिया है। गांव में घटना से आक्रोश व्याप्त है।

## मिट्टी डाल ऊंची कर दी जगह, खेतों में पानी

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** दबंग ने बरसाती पानी जाने वाले स्थान पर मिट्टी डालकर ऊंचा कर दिया। किसानों ने शिकायत की तो मारपीट पर उतारू हो गया। बरसाती पानी खेतों में घुस गया जिससे फसल को नुकसान हो रहा है। ग्रामीणों ने एसडीएम प्रीति सिंह से कार्रवाई की मांग की है।

कोतवाली के गांव भूड निवासी जसपाल सिंह, अतर सिंह, संतराम सिंह, सैंपल सिंह, मोहित कुमार, हरपाल सिंह, रामगोपाल, राम सिंह, बृजनंदन यादव, रामवीर सिंह, राकेश कुमार, सुमित कुमार, सतवीर सिंह, धर्मवीर सिंह आदि ने दिए शिकायती पत्र में कहा है कि रामावतार ने भूमि खरीद कर बरसाती पानी निकालने के स्थान पर मिट्टी डालकर ऊंचा कर दिया है। जिससे नदी में पानी होने पर किसानों के खेतों में पानी भर जाने पर उसी स्थान से होकर जाता है। गन्ने की फसल को नुकसान हो रहा है।

# गड्ढों में सड़क ढूंढना हो गया मुश्किल

संवाददाता, डिलारी

- देहात क्षेत्र से शहर को जोड़ने वाला डिलारी-सुरजनगर मार्ग जर्जर हाल

**अमृत विचार :** देहात क्षेत्र से शहर को जोड़ने वाला डिलारी सुरजनगर मार्ग गड्ढों में तब्दील हो गया है। जिससे राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मामूली सी बारिश होने पर डिलारी मार्गमे जल एकत्र हो गया है। छोटे बड़े वाहनों को निकलने में दुश्वरी हो रही है।

क्षेत्र के तगावाला, मानपुर साबित, आलियाबाद, गोविंदपुर, जोगीपुरा आदि के पास मेंन रोड गड्ढो में तब्दील हो गया है। जिससे आए दिन दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं मेन सड़क में जल एकत्र होने से कई बाइक सवार फिसल कर चोटिल हो गए हैं। टेंपो आदि के एक्सल टूट जाते हैं। क्षेत्रवासियों ने बताया कि मुख्य सड़क से गुजर कर प्रतिदिन उच्च अधिकारी और जनप्रतिनिधि जाते हैं लेकिन किसी ने भी सड़क को गड्ढा मुक्त नहीं कराया। जिससे मामूली सी बारिश होने पर राहगीरों को परेशानी से जूझना पड़ रहा है लगभग 25 किलोमीटर सड़क को गड्ढा मुक्त कराने की मांग की है।



जर्जर हाल सड़क व बारिश से भरा पानी।

● अमृत विचार



क्षतिग्रस्त नाला।

#### बरसाती पानी से नाला ध्वस्त, कब्रिस्तान में भरा पानी

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** सफाई के नाम पर लाखों रुपये के घोलमाल की पोल खुल गई। नवनिर्मित नाला धड़ाम होने पर बरसात का पानी कब्रिस्तान में भर गया। कब्रों में गंदा पानी भरने पर लोगों ने स्वयं जेसीबी से नाला साफ करवाया। तहसील की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत शरीफ नगर में ग्राम पंचायत द्वारा कुछ समय पूर्व पानुवाला मार्ग पर स्थित कब्रिस्तान के सामने लाखों रुपये से नाले का निर्माण कराया गया था। बारिश ने नाले में लगाई गई घटिया सामग्री की पोल खोल दी। करीब एक सप्ताह पूर्व मामूली बारिश में नाला धराशायी हो गया। नाला ध्वस्त होने से आबादी के पानी की निकासी बाधित हो गई। गांव की नालियों में पानी खड़ा हो गया। ग्राम पंचायत ने नाले के गिरे हुए मलबे को भी नही हटवाया। बुधवार को हुई बारिश से आबादी का पानी नाला चोक होने की वजह से कब्रिस्तान में घुस गया। वहां पानी भरने से कब्रें डूब गई। आबादी में भी कई रास्तों पर जलभराव हो गया। लोगों ने अपने खर्चे से जेसीबी की मदद से ध्वस्त नाले के मलबे को हटाकर पानी का रास्ता साफ किया और अपने मरहूमीन की कब्रों को मिट्टी लगाकर दुरुस्त किया।

### शिविर में 316 मरीजों को मिला निःशुल्क उपचार



**छजलैट, अमृत विचार :** भीकनपुर ब्लॉक में बुधवार को एक निःशुल्क शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मरीजों का चैकअप एवंदवाइयां वितरित की गई। ब्लॉक भीकनपुर सभागार में सिद्ध हॉस्पिटल हरथला से आई टीम ने ब्लड प्रेशर, शुगर, ईसीजी, इको सहित अन्य आवश्यक जांचें की। महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. नेहा चंद्रा और डॉ. सुनीति ने महिलाओं को परामर्श दिया। शिविर में 316 लोगों का परीक्षण किया गया। महिला रोग, हृदय रोग, हड्डी रोग, न्यूरोलॉजी, गेस्ट्रो एवं जनरल मरीजों का परीक्षण किया गया। ब्लड प्रेशर और डायबिटीज की जांच भी निःशुल्क की गई। शिविर में हड्डी से कमजोर मरीजों की संख्या अधिक रही। उन्हें पौष्टिक आहार लेने और एक्सरसाइज की सलाह दी गई। अस्पताल निर्देशक व वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अनुराग मेहरोत्रा ने बताया कि ज्यादातर लोग हृदय रोग, डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर से पीड़ित मिले। छजलैट ब्लॉक के गांवों के प्रधानों का सहयोग रहा। आयोजन में डॉ. नेहा चंद्रा (गायनेकोलॉजिस्ट), डॉ. सुशीलकुमार माने (ऑर्थोपेडिक), डॉ. सुनीति . अश्वनी, डॉ. रविंद्र और डॉ. अभिनव ने महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक/विद्युत/पूर्वोत्तर रेलवे/इज्जतनगर द्वारा आमंत्रित की जाती है।

**क्रम सं 1:**- खुली ई-निविदा सूचना सं. इज्जत/इलै./ओटी/09/2025, दिनांक 18.06.2025, कार्य का नामः इज्जतनगर मण्डल की विभिन्न गाड़ियों की पावर कार के कमिंस निर्मित डीए जनरेटर सेट एवं अन्य उपकरणों की काम्प्रीहेन्सिव ए.एम.सी., सहित डीजल इंजन, अल्टरनेटर और पावर कारों के विभिन्न मेक के अन्य उपकरणों की ए-चेक, बी-चेक और सी-चेक अनुरक्षण तथा ट्रेनों में पावर कार और एल.एस.एल.आर.डी. कोच की 02 वर्ष की अवधि हेतु ऑनबोर्ड एस्कॉर्टिंग कार्य। अनुमानित लागत रू में: ₹ 1,18,82,066.58, धरोहर राशि रू में: ₹ 2,09,500,00 निविदा प्रपत्र का मूल्य रू में: शुन्य, ई-निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समयः 10.07.2025, 15.00 बजे तक, स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधिः 24 माह।

**क्रम सं 2:**-खुली ई-निविदा सूचना सं. इज्जत/इलै./ओटी/07/2025, दिनांक 24.06.2025, कार्य का नामः इज्जतनगर मंडल के रामनगर यार्ड की रिमॉडलिंग एवं नई वाशिंग पिट के निर्माण में अवरोधक विभिन्न संरचनाओं के विस्थापन एवं यात्री सुविधाओं में संवर्धन सम्बन्धित विद्युतीकरण कार्य। अनुमानित लागत रू में: ₹ 80,88,934.92 धरोहर राशि रू में: ₹ 1,61,800.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य रू में: शुन्य, ई-निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समयः 15.07.2025, 15.00 बजे तक, स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधिः 06 माह।

इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। पूर्ण विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर दिया गया है। निविदादाता के पास क्लास-III डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना आवश्यक है और IREPS पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिए। सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय अपलोड किये जाने चाहिये। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि वे समय-समय पर ऑनलाइन जारी किए गए शुद्धिपत्र की जांच करें, यदि कोई हो। समाचार पत्र में अलग से कोई प्रकाशन नहीं किया जाएगा।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर(सा.)/ इज्जतनगर
मुजाधि/विद्युत-68

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

**कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राज कमल गुप्ता द्वारा संस्था पी एस ग्रीन रेजिडेन्ट्स वेलफेयर एसोसिएशन, पता- खसरा नं0 315 ग्राम हरथला ऐहतमाली, मुरादाबाद का अध्यक्ष दर्शाते हुए संस्था के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। प्राप्त अभिलेखों के अनुसार सर्वश्री 1. राज कमल गुप्ता - प्रेसिडेन्ट, 2. कार्तिकाया गुप्ता - वाईस प्रेसिडेन्ट, 3. अक्षत सिंघल - सेकेट्री, 4. आनन्द सिंह- ऐडिशनल सेकेट्री 5. अखिल शर्मा - ट्रेजरार, 6. विनायक गुप्ता, 7. स्वाती शामी - सदस्य दर्शाये गये है।

अतः यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा और गुण-दोष के आधार पर संस्था के पंजीकरण सम्बन्धी कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी। विदित हो कि उक्त नोटिस सो०रजि०एक्ट 1860 की धारा 3 (1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है

आज्ञा से
(आनन्द विक्रम सिंह) सहायक निबन्धक

# चकबंदी अधिकारी ने चौपाल लगा सुनीं किसानों की समस्याएं

संवाददाता, भोजपुर

- 15 किसानों ने त्रुटियां सही करने को दर्ज कराईं आपत्ति

**अमृत विचारः** गांव सभा आदमपुर सचिवालय में चकबंदी अधिकारी ने किसानों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने किसानों से नक्शा पांच का गहराई से अध्ययन कर अंश या नाम गलत होने पर आपत्ति दाखिल करने को कहा। इस दौरान 15 किसानों ने अपने अंश और नामों की त्रुटियां सही करने के लिए आपत्तियां दर्ज कराईं

बुधवार को गांव सभा आदमपुर सचिवालय में आयोजित जन चौपाल में चकबंदी अधिकारी योगेंद्र कुमार ने चकबंदी प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने कहा चकबंदी का उद्देश्य बिखरे हुए खेतों को एक जगह इकट्ठा कर पैदावार बढाना है। इसके लिए प्रथम चरण की प्रक्रिया में संबंधित किसानों को नक्शा पांच वितरित किया गया है। उन्होंने किसानों से कहा कि वह नक्शा पांच में अंकित नाम, बंटवारे एवं रकवे का मिलान कर लें। यदि किसी का गलत दर्ज है तो साक्ष्यों के साथ आपत्ति दर्ज करा दुरुस्त करा लें। उसके बाद अगली कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान खुर्शीद निगार, समीर, नसीम अहमद, वसीम अहमद, रिंकू, मो हसन, मकसूद, शाहिद आदि किसानों ने अपने नाम दुरुस्त करने के लिए आपत्तियां दर्ज की जिनका निस्तारण कर दिया गया। इस इस दौरान नायब अभिमन्यु सिंह, कानूनगो विजय सिंह, लेखपाल जैनुल, अमजद चौधरी, सिराज अहमद, फईम, नईम अहमद, करतार सिंह आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता ग्राम प्रधान जिले हसन ने की।



शिकायतें सुनते चकबंदी अधिकारी योगेंद्र कुमार, नायब अभिमन्यु, लेखपाल जैनुल।

**SBI भारतीय स्टेट बैंक**
शाखा-शाहबाद, रामपुर
**ई-नीलामी नोटिस**

**चल संपत्ति के विक्रय नोटिस**

आम जनता को और विशेष रूप से ऋणी/प्रत्याभूतिदाता को सूचित किया जाता है कि भारतीय स्टेट बैंक (सुरक्षित लेनदेन) को **श्री सुरेश चन्द्र पुत्र श्री रामभरोसे लाल** द्वारा भारतीय स्टेट बैंक की देय 10,35,078.00/- + ब्याज+अन्य शुल्क इस पर देय की वसूली हेतु निम्नलिखित चल सम्पत्ति जिसका कब्जा भारतीय स्टेट बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया जा चुका है, की बिक्री "जहां है जैसा है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर दिनांक 18.07.2025 को की जायेगी। चल सम्पत्ति का आरक्षित मूल्य 700000/-+जी.एस.टी. और अग्रिम धनराशि रू. 70000/- है जो दिनांक 13.07.2025 को जमा की जानी है।

**चल सम्पत्ति का विवरणः- मॉडल : MAHINDRA XUV 300 BLACK (2022)**
**पंजीकरण संख्याः- UP 22 AX 3936, इंजन सं.:- TYNZH33042, चेसिस सं.:- MA1NMZTY1N2H59768**
**विक्रय के निबन्धन और शर्तों के ब्यौरे के लिये कृपया नीचे दी गई वेबसाइट देखें।**
**https://baanknet.com/**

# श्री कृष्ण को आदर्श मान बच्चों को बनाएं संस्कारवान

संवाददाता, छजलैट

- मुजफ्फरपुर टांडा में श्रीमद् भागवत में बोले कथा व्यास

**अमृत विचारः** श्रीमद् भागवत कथा पुराण श्रवण कर भगवान कृष्ण को आदर्श मानकर बच्चों को चरित्रवान परोपकारी व संस्कारवान बनाएं। यह विचार तहसील क्षेत्र के ग्राम मुजफ्फरपुर टांडा में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के सप्तम दिवस पर कथावाचक व्यास पंडित प्रमोद मोहन शास्त्री ने व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि कलयुग में माता-पिता, गो माता व बुजुर्गों की सेवा और साधु-संतों का आदर सम्मान करने से मुक्ति का मार्ग प्राप्त होता है। माताएं बच्चों को अच्छे संस्कार दें ताकि वह नाम रोशन करें। कहा कि मानव का जीवन हरि भजन के लिए हुआ है लेकिन हम लोग सब कुछ भूल कर दूसरों की निंदा, झूंठ, अहंकार में अपना जीवन गवां देते हैं। उन्होंने कहा कि सत्कर्म करते हुए धन कमाना ठीक है लेकिन धन का पुण्य कार्यों में सदुपयोग करना चाहिए। मुख्य अतिथि अरविंद गुरुजी एवं विशिष्ट अतिथि उप निरीक्षक संदीप चौहान का श्री सनातन सेवा कमेटी के सभी पदाधिकारी को राम दरबार की प्रतिमा देकर माल्यार्पण करके सम्मानित किया। इस मौके पर निर्पेंद्र कुमार परीक्षित जी ने प्रसाद वितरण करके सभी अतिथियों को कार्यक्रम के संयोजक अर्जुन चौहान, राजीव और पिंटू चौहान, संजय सिसोदिया, लवी चौहान, हरगोविंद चौहान, धर्मपाल सिंह, सतपाल शर्मा, रविंद्र चौहान, सौरभ चौहान, विनोद चौहान, यादराम सिंह, प्रशांत चौहान, आनंद चौहान, पीतांबर भगत जी, धैर्य चौहान एवं सर्वश्रेष्ठ चौहान आदि उपस्थित रहे। आभार डॉ. अशोक चौहान ने व्यक्त किया।




कथा व्यास का सम्मान करते लोग।

**अमृत विचार क्लासीफाइड**

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि थाना केमारी पर एक सैंट्रो व 8 दोपहिया वाहनों कि नीलामी दिनांकः 26-06-25 को होना प्रस्थावित है- **थानाअध्यक्ष केमारी जिला रामपुर**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## एक नजर


बुधवार को टिकट गंज स्थित स्कूल में मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक बने अजय

रामपुर, अमृत विचार : प्रांत सह संयोजक कपिल नारायण बुधवार को टिकट गंज स्थित स्कूल में पहुंचे थे। वहां उन्होंने मुकेश पाठक और फरहत अली खान की संस्तुति पर अजय कुमार ठाकुर को जिला संयोजक बनाया गया। मेरठ प्रांत सह-संयोजक ने कहा कि आरएसएस के अनुषांगिक संगठन स्वदेशी जागरण मंच में सक्रिय भूमिका निभाते हुए जिला स्तर पर अति शीघ्र कमेटी बनाई जाएगी। इस अवसर पर स्वावलंबी भारत अभियान के जिला संयोजक मुकेश पाठक, स्वदेशी जागरण मंच के जिला पूर्व संयोजक फरहत अली खान एवं अन्य सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


जीएसटी अधिकारी से मुलाकात करते लघु उद्योग भारती इकाई के सदस्य।

### जीएसटी अधिकारी से की मुलाकात

रामपुर, अमृत विचार : लघु उद्योग भारती इकाई के सदस्य साथियों के साथ जीएसटी विभाग के अधिकारी संदेश जैन उपायुक्त जीएसटी से मुलाकात की। उनसे व्यापार में आ रही समस्याओं को उनके समक्ष रखा। जीएसटी अधिकारी ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को आश्वासन दिया कि विभाग की ओर से किसी भी व्यापारी परेशान नहीं होने दिया जाएगा। विभाग हमेशा व्यापारियों की मदद को तैयार है। लघु उद्योग भारती के सदस्यों द्वारा संदेश जैन को सम्मानित किया। लघु उद्योग भारती के जिलाध्यक्ष दीपक गोयल सचिव शलभ गोयल, कोषाध्यक्ष हरीश गोयल हरजिंदर सिंह व अन्य ने मुलाकात की।

# आपातकाल से कांग्रेस ने कुचल दी थी संविधान की आत्मा : अशोक

## जिला सहकारी बैंक में भाजपा की संगोष्ठी में बोले पूर्व मंत्री व एमएलसी, कांग्रेस की आलोचना की

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : उप्र के पूर्व राज्यमंत्री व एमएलसी अशोक कटारिया ने कहा कि कांग्रेस ने आपातकाल लगाकर संविधान की आत्मा को कुचल दिया था। पूरे तंत्र को सत्ता का गुलाम बनाकर राष्ट्र को मौलिक अधिकारों से वंचित कर दिया था। लोकतंत्र के चारों स्तंभ कार्यपालिका, विधायिका, न्याय पालिका और प्रेस की स्वतंत्रता को समाप्त कर लोकतंत्र को बंधक बना लिया था।

सिविल लाइन स्थित जिला सहकारी बैंक सभागार में बुधवार को भाजपा की जिला गोष्ठी में मुख्य अतिथि पूर्व राज्यमंत्री व एमएलसी अशोक कटारिया ने आपातकाल को लेकर लगी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। संगोष्ठी में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि 25 जून 1975 की आधी रात को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश पर आपातकाल थोप दिया था। यह निर्णय किसी युद्ध या विद्रोह के कारण नहीं, बल्कि अपने चुनाव को रद्द किए जाने की हताशा और सत्ता को बचाने के लिए लिया गया था। कांग्रेस ने संविधान की आत्मा को कुचलते हुए कई मनमाने संशोधन किए, जो भारतीय इतिहास के लिए काला अध्याय साबित हुए। अखबारों की बिजली काट दी थी। पत्रकारों को जेल में डाल दिया, ताकि कांग्रेस का काला सच जनता के सामने न आ सके। आज का भारत लोकतंत्रिक मूल्यों को मजबूत कर आगे बढ़ रहा है। जिला प्रभारी राजा वर्मा ने भी आपातकाल के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कहा कि आपातकाल के समय निर्दोष नागरिकों को जेलों में बंद कर दिया था। पूर्व राज्य मंत्री शिव बहादुर सक्सेना, जिला प्रभारी चौधरी राजा वर्मा, पिछड़ा राज आयोग के उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पाल, जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार, जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष मोहनलाल सैनी, अर्जुन रस्तोगी, नगर पालिका अध्यक्ष चित्रक मित्तल, ब्लॉक प्रमुख जगपाल यादव, कुलवंत औलख, यूसुफ अली, मोहित सैनी आदि रहे।

शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि आपातकाल के समय को हमें एक सीख के रूप में भी देखना चाहिए कि लोकतंत्र की रक्षा केवल संविधान से नहीं बल्कि जनता की जागरूकता, स्वतंत्र मीडिया और मजबूत संस्थानों से होती है।

इस दौरान गिरिराज उर्फ मुन्नू, सोमपाल सिंह, दौलतराम, पूरनदेवी, विरमा देवी, आसाराम गुप्ता, थान सिंह, मदन लाल और नयन सिंह को सम्मानित किया। ये लोग आपातकाल के समय जेल गए थे ।


प्रदर्शनी को देखते पूर्व मंत्री अशोक कटारिया, भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार व अन्य।


लोगों को संबोधित करते अशोक कटारिया व मौजूद भाजपाई। ● अमृत विचार

### राजनीतिक विरोधियों को जेल में डाला गया : हरीश

भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि आपातकाल हमारे लोकतंत्र के इतिहास का एक ऐसा दौर था, जिसने संविधान, नागरिक स्वतंत्रताओं और संस्थाओं की शक्ति एवं सीमा की गहराई से परीक्षा ली। इस दौरान नागरिकों के मौलिक अधिकारों को स्थगित कर दिया गया, प्रेस पर सेंसरशिप लागू हुई। राजनीतिक विरोधियों को जेल में डाला और लोकतांत्रिक संस्थानों की स्वतंत्रता पर अंकुश लगाया गया। यह लोकतंत्र को समाप्त करने और तानाशाही को लागू करने का माध्यम था।

### आपातकाल को जनता नहीं भूलेगी

रामपुर अमृत विचार : जिला सहकारी बैंक में प्रेसवार्ता में अशोक कटारिया ने कहा कि 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आंतरिक अशांति का बहाना बनाकर भारत पर आपातकाल थोप दिया। देश के काले अध्याय आपातकाल को जनता नहीं भूलेगी। कांग्रेस पार्टी ने न केवल लोकतांत्रिक संस्थाओं को रौंदा, बल्कि प्रेस की स्वतंत्रता, न्यायपालिका की निष्पक्षता और नागरिकों के मौलिक अधिकारों को कुचलकर स्पष्ट कर दिया। जब-जब उनकी सत्ता संकट में होती है, वे संविधान और देश की आत्मा को ताक पर रखने से पीछे नहीं हटते। देश की अर्थव्यवस्था मंदी के दौर से गुजर रही थी, देश आर्थिक बदहाली, महंगाई और खाद्यान्न संकट से जूझ रहा था। बिहार और गुजरात में छात्रों के नेतृत्व में आंदोलन खड़ा हो चुका था। 8 मई 1974 को जॉर्ज फर्नांडिस के नेतृत्व में रेल हड़ताल ने देश को जकड़ लिया। आंदोलन को रोकने के लिए 1974 में गुजरात में इंदिरा गांधी ने राष्ट्रपति शासन लगा दिया। यही आपातकाल की शुरुआत थी।

## भाजपा का संविधान और आजादी में योगदान नहीं

रामपुर, अमृत विचार : कांग्रेस के पूर्व शहर अध्यक्ष नोमान खां ने कहा कि आपातकाल को लेकर 50 साल हो गए हैं। लेकिन भाजपा इसे बार-बार दोहरा रही है। जिनका देश की आजादी के आंदोलन में कोई योगदान नहीं। जिनका संविधान निर्माण में कोई योगदान नहीं रहा। हमेशा संविधान के खिलाफ बात करते हैं। आरएसएस और भाजपा द्वारा आंबेडकर, नेहरू और संविधान सभा ने जो संविधान तैयार किया। उस संविधान को उन्होंने रामलीला मैदान में जलाया था। आंबेडकर, नेहरू की फोटो जलाई थी उनका कहना था कि जो संविधान बना है। उसमें हमारी पारंपरिक संस्कृति का अंश नहीं है। चाहे वह मनुस्मृति के तत्व हो, वे इसमें नहीं थे इसलिए वह संविधान को नहीं मानते हैं। आरएसएस और भाजपा ने कभी देश के संविधान को नहीं माना देश की लोकतांत्रिक संस्थाओं का दुरुपयोग किया यही कारण है। भाजपा का संविधान में विश्वास नहीं है जब से देश आजाद हुआ है।


नोमान खां।

# जिला अस्पताल में आज से शुरू होगी कोरोना की जांच

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : जिला अस्पताल में गुरुवार से कोरोना एंटीजन की जांच शुरू हो जाएगी। जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. डीके वर्मा ने बताया कि जिन लोगों के फेफड़ों में संक्रमण है या सर्दी, जुकाम और बुखार है उनकी कोरोना जांच कराई जाएगी। कोरोना जांच रिपोर्ट 10 मिनट में मिल जाएगी। इसके लिए इमरजेंसी के बराबर कमरा 43 में स्टाफ तैनात कर दिया गया है।

कोरोना से बचाव के लिए लोग जागरूक हो जाएं, क्योंकि कोरोना की जांच के लिए जिला अस्पताल में शासनादेश पहुंच गया है। गुरुवार से मरीजों की जांच शुरू होगी। कोरोना के मरीजों के लिए अलग से कोरोना वार्ड बना दिया गया है। 28 बेड के कोरोना वार्ड में कोरोना मरीजों को भर्ती किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि गुरुवार से उन लोगों की कोरोना जांच कराई जाएगी जोकि मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हाइपरटेंशन, चेस्ट इंफेक्शन और जिनकी आयु 40 से 70 वर्ष के बीच है उनकी कोरोना जांच कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि कोरोना जांच समय से कराने पर रोग का पता चल जाएगा और मरीज का आसानी से इलाज हो सकता है। जिला अस्पताल में कोरोना की जांच करा लें। जांच पूरी तरह निशुल्क है।



जिला अस्पताल में बनी कोरोना जांच लैब।

## भाजपा ने जनता के दिल में जगह बनाई : प्रदीप

मिलक, अमृत विचार : भाजपा के युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में यदि किसी राजनीतिक दल ने संगठन, विचारधारा और नेतृत्व के बल पर जनता के दिलों में गहरी जगह बनाई है, तो वह है भारतीय जनता पार्टी है। भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है। जिसके 14 करोड़ प्राथमिक सदस्य हैं। पार्टी सेवा, संगठन और समर्पण की त्रिवेणी पर काम करती है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से वैचारिक मार्गदर्शन प्राप्त करने वाली भाजपा ने जमीनी स्तर पर बूथ से लेकर संसद तक मजबूत उपस्थिति बनाई है। आर्थिक सुधारों में भारत को मजबूत किया। कांग्रेस ने आपातकाल लगाकर लोगों की आवाज को दबाया था।


प्रदीप कुमार।

# दिन भर मंडराये बादल बारिश को तरस रहे लोग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : उमस भरी गर्मी में लोग बारिश को तरस गए हैं। मानसून की झमाझम बारिश नहीं हो रही है। दिन में बूंदाबांदी से उमस बढ़ गई है और लोगों का दम घुटने लगा है। हालांकि आसमान में पूरे दिन आसमान में बादल मंडराये, लेकिन लोग बारिश को तरस गए। सुबह से आसमान में बादल मंडरा रहे थे दोपहर को वर्षा शुरू होने पर लोगों को उम्मीद बंधी। लेकिन कुछ देर बूंदाबांदी हुई और थम गई और आसमान में बादल छा गए। मौसम वैज्ञानिकों का दावा है कि मानसून ने पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश में आ गया है, लेकिन बारिश नहीं हो रही है। बुधवार को कमरों और कार्यालयों में लगे कूलर और पंखे भी पसीने को नहीं सुखा पा रहे हैं। कृषि वैज्ञानिक डॉ. लक्ष्मीकांत ने बताया कि किसान फसलों में खाद का छिड़काव नहीं करें और सिंचाई भी नहीं करें, क्योंकि किसी भी समय बारिश होने की संभावना है।

**हाल-ए-मौसम**

| | |
|---|---|
| 34° | डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान |
| 28° | डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान |
| 67 | प्रतिशत आर्द्र |
| 11 | किमी. प्रति घंटा वायु वेग |

मानसून ने पश्चिम उत्तर प्रदेश को कवर कर लिया है, बारिश समय-समय पर होने का अनुमान है। ऐसे में किसान फसलों पर कीटनाशक का छिड़काव नहीं करें।
– डॉ. उदय प्रताप शाही, मौसम वैज्ञानिक, कृषि विश्वविद्यालय मेरठ

## सार-संक्षेप

### नकली खाद, बीज पर प्रशासन लगाए रोक : वीरेश



रामपुर, अमृत विचार : भारतीय किसान संघ की बैठक जिलाध्यक्ष वीरेश शर्मा के नेतृत्व में माधव भवन संघ कार्यालय पर संपन्न हुई। जिलाध्यक्ष वीरेश शर्मा ने किसानों की समस्याओं से अवगत कराकर 5 सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी हर्षवर्धन को दिया। इसमें कहा है कि जिले में नकली खाद-बीज और पेस्टीसाइड पर रोक लगाई जाए। जिले के सभी तहसीलों में हलका लेखपाल अपने हल्के के गांवों में बैठने का सुनिश्चित करें। बिलासपुर में फिलोरा होटल से नानकपुरी होते हुए बहेड़ी को जाने वाला मार्ग एक साल में ध्वस्त हो गया है। बिलासपुर के ग्राम पिपलिया गोपाल से श्मशान होते हुए मंडी समिति को जाने वाला रास्ता बिल्कुल कच्चा है। बैठक में जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र गंगवार, मथुरा प्रसाद दिवाकर, अरविंद कुमार, सिमरजीत सिंह, राम बहादुर भगत, आशीष चंद्र, मिंटू तिवारी, दिलजोत बाजवा, मोर सिंह सैनी, सचिन शर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### किसान आवश्यकता अनुसार ही उर्वरक खरीदें

रामपुर, अमृत विचार : जिले के सहकारी एवं निजी प्रतिष्ठानों पर 20814 टन यूरिया, 2429 टन एनपीके एवं 4390 टन डीएपी उपलब्ध है। जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने बताया कि जिले में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक की आपूर्ति सुनिश्चित कर ली है। किसान आवश्यकता के अनुसार ही उर्वरक खरीदें। उर्वरक क्रय करते समय आधार कार्ड एवं भूमि की खतौनी अनिवार्य रूप से उर्वरक विक्रेता को उपलब्ध कराएं। प्रतिष्ठान पर रेट, बोर्ड अनिवार्य रूप से लगना सुनिश्चित करें। इसके अलावा यदि किसी विक्रेता द्वारा उर्वरक का विक्रय निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर किया जाता है या उर्वरक के साथ कोई कम प्रचलित उत्पाद जबरन देता है, तो कृषक शिकायत 9258909256 एवं 9458846182 पर दर्ज करा सकते है।

### कृषि स्नातक स्वरोजगार से जुड़ने के लिए करें आवेदन

रामपुर, अमृत विचार : उप कृषि निदेशक रामकिशन ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा कृषि स्नातकों को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलंबन (एग्री जंक्शन) योजना प्रदेश में संचालित है। उप्र में निवास करने वाले बेरोजगार जो कृषि एवं सहबद्ध विषयों यथा कृषि व्यवसाय प्रबंधन उद्यान, पशुपालन, वानिकी, दुग्ध, पशु चिकित्सा, मुर्गी पालन जो किसी राज्य, केंद्रीय विश्वविद्यालय या किसी अन्य विश्वविद्यालयों से डिग्रीधारी हैं। आईसीएआर, यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त हों योजना के पात्र होंगे। आयु 40 वर्ष से अधिक न हो, अनुसूचित जाति, जनजाति एवं महिलाओं को आयु में अधिकतम 5 वर्ष की छूट प्रदान की जायेगी। जिला स्तर पर जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा चयन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आवेदन करने की अंतिम तिथि 20 जुलाई 2025 निर्धारित है।

### योग शिविर के समापन पर बांटे प्रमाण पत्र



रामपुर, अमृत विचार : राजकीय शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय, इंडियन योग एसोसिएशन, क्रीड़ा भारती, जिला योगासन खेल संघ, महिला पतंजलि योग समिति रामपुर द्वारा सात दिवसीय योग शिविर का आयोजन महात्मा गांधी स्टेडियम में किया गया था। योग शिविर का बुधवार की सुबह समापन हुआ। मुख्य अतिथि जिला क्रीड़ा अधिकारी संतोष कुमार ने प्रतिभागियों को नियमित योग करने के लाभ के बारे में जानकारी दी। जिला क्रीड़ा अधिकारी एवं शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्रधानाचार्य जमील अहमद द्वारा समस्त प्रशिक्षक और प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए गए। स्वार रोड स्थित महात्मा गांधी स्टेडियम में बुधवार की सुबह सात दिवसीय योग शिविर का समापन हुआ। योग प्रशिक्षक अनीता शुक्ला, योगिता रस्तोगी, कमलेश गंगवार योगाभ्यास कराया। इस अवसर पर अंतरा यादव जिला समन्वयक इंडियन योग एसोसिएशन, मीनाक्षी रानी नोडल प्रभारी डॉ. अनूप कुमार सिंह, जिलेश कुमार, रामकृष्ण, तुषार शर्मा, मनोज कुमार, बृजेश शास्त्री, पंकज सक्सेना, रश्मि शर्मा, अनूप शर्मा, अनु आर्य, अमर पाल, तराना बेगम, प्रेमचंद, राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### सांसद ने समस्याएं सुनकर निस्तारण कराया

रामपुर, अमृत विचार : बुधवार को सपा सांसद मोहिब्बुल्लाह नदवी ने प्रानपुर रोड स्थित कैंप कार्यालय पर जनता दरबार लगाकर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्हें शीघ्र निस्तारण करने का आश्वासन दिया। सांसद ने स्वार के सरकारी अस्पताल का भी निरीक्षण किया। सरकारी अस्पताल के निरीक्षण के दौरान मरीजों व चिकित्सकों से बात की। मरीजों ने बताया कि अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन नहीं है। सांसद ने चिकित्सक से कहा कि मरीज शिकायत कर रहे हैं कि चिकित्सक दवा बाहर से लिखते हैं और अल्ट्रासाउंड मशीन भी नहीं है। चिकित्सक ने कहा कि कई बार अल्ट्रासाउंड मशीन के लिए लिख कर दिया है परंतु अभी तक अल्ट्रासाउंड मशीन नहीं लग पाई है। सांसद ने कहा कि सीएमओ से बात कर अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन लगवाएंगे। इस मौके पर मीडिया प्रभारी महबूब अली पाशा, कलबे अली, मुस्तफा, डॉ. मकतूब अहमद, हाफिज नूरी, नासिर,जुबैर, आसिफ अली, जमील सैफी, अरशद अली शोएब आदि रहे।


समस्याएं सुनतीं महिला आयोग की सदस्य। ● अमृत विचार

# लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाएं : सुनीता

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : उप्र राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी ने बुधवार को विकास भवन सभागार में जनसुनवाई की। सुनवाई के दौरान महिलाओं की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारी एवं थाना प्रभारी से फोन पर बात कर प्रकरण की जांच कर नियमानुसार विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा राज्य सरकार की मंशानुरूप महिला आयोग महिला उत्पीड़न की रोकथाम तथा पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। अधिकारी योजनाओं से जुड़ी जानकारी का प्रसार कराएं। परियोजना निदेशक डीआरडीए दिग्विजय नाथ तिवारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी जितेंद्र जायसवाल, समाज कल्याण अधिकारी सूरज कुमारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी प्रतिभा पाल, महिला थाना प्रभारी सहित अन्य अधिकारी रहे।

## सीसीसी कंप्यूटर प्रशिक्षण तीन माह तक चलेगा

रामपुर, अमृत विचार : जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मोहम्मद जीशान मलिक ने बताया कि अन्य पिछड़ा वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों जिनकी शैक्षिक योग्यता न्यूनतम इंटर मीडिएट हो।

प्रशिक्षणार्थी शिक्षण संस्थान में संस्थागत छात्र के रूप में अध्ययनरत न हो उसे ओ-लेवल कम्प्यूटर प्रशिक्षण जिसकी अवधि 1 वर्ष तथा सीसीसी कंप्यूटर प्रशिक्षण 3 माह चलेगा। प्रशिक्षणार्थी द्वारा पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की वेबसाइट पर 14 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन होगा। बताया कि आवेदक ऑनलाइन आवेदन पत्र का प्रिंटआउट, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय विकास भवन में जमा करेंगे। 14 जुलाई 5 बजे तक हार्डकापी जमा करेंगे। 14 जुलाई के बाद आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी को किसी भी दशा में स्वीकार नहीं होगी।

# रामपुर की जीडीपी दर प्रदेश से बेहतर

- प्रदेश की 13.50 प्रतिशत, रामपुर की 15 प्रतिशत रही

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

अमृत विचार : वर्ष 2023-24 में जीडीपी सकल घरेलू उत्पाद के मामले में जिले ने बेहतर प्रदर्शन किया है। वर्ष 2023-24 में प्रदेश की जीडीपी वृद्धि दर 13.50 प्रतिशत के सापेक्ष जनपद की जीडीपी वृद्धि दर 15.00 प्रतिशत रही, जो कि प्रदेश की जीडीपी दर से अधिक रही है।

जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी सूर्य प्रकाश ने बताया कि नियोजन विभाग द्वारा जिला घरेलू उत्पाद अनुमान उप्र वर्ष 2023-24 तक का प्रकाशन किया है। नियोजन विभाग के अर्थ एवं संख्या प्रभाग द्वारा वर्ष 2023-24 के जिला घरेलू उत्पादन अनुमान के आंकड़े 2 खंडों में प्रकाशित किए गए हैं। उप्र के विकास के संकल्पित स्तर की प्राप्ति के लिए प्रदेशीय अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन बनाने का लक्ष्य रखते हुए वर्तमान सरकार द्वारा प्रत्येक क्षेत्रीय अनुभागों को लक्ष्य निर्धारित किए गए। लक्ष्यों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार वार्षिक श्रृंखला के क्रम में जिला घरेलू उत्पाद अनुमान (डीडीपी) वर्ष 2023-24 के आंकड़े सार्वजनिक किए हैं। वर्ष 2023-24 में सकल घरेलू उत्पादन में 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। 2023-24 में प्रदेश की जीडीपी में जनपद का योगदान 1.07 प्रतिशत रहा है। वर्ष 2023-24 में जिले की प्रति व्यक्ति आय में 14.30 प्रतिशत की वृद्धि रही, जो कि प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय की वृद्धि 12.50 प्रतिशत से अधिक रही। वर्ष 2023-24 में जिले की प्रति व्यक्ति आय वर्ष 2022-23 के सापेक्ष 6.67 प्रतिशत वृद्धि दर प्राप्त करते हुए रुपये 86,473 प्रति व्यक्ति रही। वर्ष 2023-24 में कुल खाद्यान्न उत्पादन में 7.49 प्रतिशत की वृद्धि रही है। मुख्य रूप से कृषि क्षेत्र में 13.75 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि आंकलित की गई। कृषि क्षेत्र के अंतर्गत कृषि, पशुधन, वानिकी, मत्स्य उत्पादन एवं खनन आदि शामिल किए जाते हैं।

### मक्का उत्पादन में 294.18 प्रतिशत की वृद्धि

रामपुर, अमृत विचार : मक्का उत्पादन में जिले ने 294 .18 प्रतिशत की वृद्धि हुई। उड़द उत्पादन में जनपद ने 156 .74 प्रतिशत की वृद्धि हुई। मत्स्य उत्पादन में जिले ने 27 .18 प्रतिशत की वृद्धि की। वर्ष 2023-24 में गन्ना उत्पादन में 6 .27 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वर्ष 2023-24 में गेहूं उत्पादन में 5 .20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वर्ष 2023-24 में सब्जी उत्पादन में 302 .56 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वर्ष 2023-24 में अण्डा उत्पादन में 31 .30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वर्ष 2023-24 में टिम्बर उत्पादन में 105 .15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

# ड्रोन से किसानों का बच रहा समय, लागत भी कम

- 15 मिनट में 400 रुपये कमाता है अमरीक सिंह का ड्रोन
- ड्रोन की मदद से किसानों को मिल रहे कई लाभ

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : अब खेत में कीटनाशक स्प्रे या खाद डालने के लिए मजदूरों की जरूरत नहीं होगी। क्योंकि यह काम कुशलतापूर्वक ड्रोन कर रहा है। बिलासपुर के ग्राम मुंडिया खुर्द निवासी अमरीक सिंह ने बताया कि ड्रोन का 15 मिनट का 400 रुपये चार्ज है। ड्रोन की कीमत 10 लाख रुपये है और इस पर सरकार 4 लाख रुपये का अनुदान दे रही है। ड्रोन लेने के लिए यूपी शक्ति पोर्टल पर पंजीकृत होना जरूरी है।

बिलासपुर के ग्राम मुंडिया खुर्द निवासी किसान अमरीक सिंह बताते हैं कि फसल में खाद डालने एवं कीटनाशी का स्प्रे करने के लिए उन्हें मजदूरों की जरूरत नहीं पड़ती। बल्कि ड्रोन से 15 मिनट में एक एकड़ भूमि पर ड्रोन स्प्रे कर देता है। उन्होंने बताया कि मटर, गन्ना, धान, मक्का की खेती होती है और ड्रोन के माध्यम से फसलों पर समय से खाद लग जाती है और कीटनाशी का स्प्रे हो जाता है। जबकि पूरी तरह खेती मजदूरों के हाथों में होती थी। लेकिन अब सारा काम ड्रोन के माध्यम से होता है। बताया कि अन्य किसान भी उनसे फसलों में खाद डालने या कीटनाशकों का स्प्रे करने के लिए ड्रोन किराये पर लेते हैं। उन्होंने बताया कि एक एकड़ फसल में ड्रोन 15 मिनट में स्प्रे कर देता है और एक एकड़ जमीन के लिए 400 रुपये किराया मिलता है। उप कृषि निदेशक ने बताया कि फिलहाल जिले में एक ड्रोन तहसील बिलासपुर के ग्राम मुंडिया खुर्द निवासी अमरीक सिंह के पास है। उन्होंने बताया कि दो ड्रोन का लक्ष्य है और पोर्टल खुलने पर ड्रोन के लिए ऑनलाइन आवेदन होगा। ड्रोन की कीमत 10 लाख रुपये है और इस पर 4 लाख रुपये सरकार द्वारा किसान को अनुदान दिया जाता है। ड्रोन से किसानों का भविष्य में बहुत लाभ होगा। किसानों का समय बचेगा और लागत कम होगी। इससे किसानों की आय बढ़ेगी।


अमरीक सिंह।


दवा का छिड़काव करता ड्रोन। (प्रतीकात्मक)

### 10 मजदूरों का काम एक घंटे में हो रहा

ड्रोन से खेती करने पर समय और पैसे दोनों की बचत हो रही है। किसान अमरीक सिंह बताते हैं कि 10 मजदूर मिलकर जो काम पूरे दिन में करते थे वह कार्य अब एक घंटे में निपट जाता है। इससे पैसे और समय दोनों की बचत हो रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में ड्रोन हर किसान की जरूरत बन जाएगा। क्योंकि, मजदूरी दिनोंदिन बढ़ती जा रही है और समय से मजदूर नहीं मिलते हैं।

एफपीओ, एग्रीजंक्शन कृषि ड्रोन एवं उसके सहायक उपकरण पर अनुदान के लिए ऑनलाइन बुकिंग कर सकते हैं। कृषि ड्रोन अब जरूरत बन चुका है इससे फसलों में खाद लगाया जा सकता है और फसलों की निगरानी की जा सकती है।
– राम किशन सिंह, उप कृषि निदेशक

# सीएचसी में अल्ट्रासाउंड मशीन लगवाने की मांग

- सीएचसी में सर्जन की तैनाती की भी मांग की

संवाददाता, स्वार

अमृत विचार : उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने सांसद मोहिब्बुल्लाह नदवी को ज्ञापन सौंपकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अल्ट्रासाउंड मशीन एवं सर्जन की तैनाती की मांग की। सांसद ने व्यापारियों को समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।

बुधवार को सपा सांसद मोहिब्बुल्लाह नदवी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। सांसद ने सीएचसी प्रभारी डॉ. अजीम को निर्देश दिए। इसके बाद व्यापार मंडल के अध्यक्ष अनवर अली के नेतृत्व में सांसद को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अल्ट्रासाउंड और सर्जन की कमी चली है। अल्ट्रासाउंड और सर्जन की तैनाती न होने के कारण ऑपरेशन कराने के लिए स्थानीय लोग निजी अस्पतालों में जाने को मजबूर हैं। सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने व्यापार मंडल के पदाधिकारियों को आश्वासन दिया कि सरकारी अस्पताल में जो भी कमियां हैं उनको दूर कराएंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में अनवर अली, हाशिम शान, मुशर्रफ अली, अजीज मियां, फुरकान अली, इरफान भाई, रईस, अली रेहान अली, शाकिर, आलम, अंजार, गुड्डू हाफिज आदि मौजूद रहे।


सांसद को ज्ञापन सौंपते व्यापारी।

# धर्म परिवर्तन के प्रयास में महिला सहित 4 गिरफ्तार

## सिविल लाइंस थाना क्षेत्र का मामला, जेल भेजा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** हिंदू युवक और युवतियों को लालच देकर ईसाई धर्म में परिवर्तन कराने के प्रयास के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर महिला सहित 4 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है। मामले में पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेजा।

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के मोहल्ला ज्वालानगर निवासी अविनाश पटेल का कहना है कि सिविल लाइन के इच्छाराम की मिलक निवासी धर्मवती द्वारा गांव में हिंदू धर्म के गरीब लड़कों व लड़कियों को बाइबिल के बारे में बताकर उन्हें हिंदू धर्म से ईसाई धर्म में परिवर्तन करने के लिए कहा जा रहा था। 24 जून को धर्मवती द्वारा ईसाई धर्म के प्रचार एवं प्रसार के लिए तथा ईसाई धर्म में परिवर्तन कराने के लिए दिल्ली से विवेक, पवन और ममता को बुलाया गया था। इस दौरान धर्मवती के मकान पर हिंदू समुदाय के गरीब लड़के, लड़कियां तथा महिलाएं मौजूद थीं। वहां हिंदू धर्म से ईसाई धर्म में परिवर्तन कराने के लिए ईसाई धर्म का गुणगान किया जा रहा था और बाइबिल के बारे में पढ़ाया जा रहा है। वहां विभिन्न के प्रलोभन भी दिए जा रहे थे।

- मामले में दिल्ली की महिला समेत युवकों पर हुई कार्रवाई

इस बारे में अविनाश पटेल से शिकायत और मिली तहरीर के आधार पर पुलिस ने दिल्ली की एक महिला सहित चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। एएसपी अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया युवक और युवतियों का धर्म परिवर्तन कराने के प्रयास में 4 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले की विवेचना जारी है, मामले कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

### मिलक में भी हो चुकी इस तरह की घटना

पिछले कुछ समय से हिंदू युवक और युवतियों का धर्म परिवर्तन कराने की घटनाएं लगता बढ़ती जा रही हैं। गरीब लड़की और लड़कों को पढ़ाने के नाम पर एक स्थान पर एकत्र किया जाता है। उसके बाद ईसाई धर्म में उनका धर्म परिवर्तन कराया जाता है। मिलक में करीब तीन माह पहले ऐसा मामला सामने आया था। जिसके बाद पुलिस ने सभी आरोपियों पर कार्रवाई कर दी थी।अब सिविल लाइन क्षेत्र में ऐसा मामला सामने आया है।

## एक नजर

### पैन कार्ड, पासपोर्ट मामले में 27 को होगी सुनवाई

**रामपुर, अमृत विचार :** पैन कार्ड और पासपोर्ट से जुड़े मामले में बुधवार को गवाह नहीं आने के कारण सुनवाई टल गई। अब इस मामले में 27 जून को सुनवाई होगी। सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में हो रही है। सपा नेता आजम खान और पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम खां के ऊपर दो पैन कार्ड और दो पासपोर्ट मामले में मामले दर्ज हुए थे। पुलिस ने विवेचना के बाद चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। जिसकी सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में हो रही है। अधिवक्ता संदीप सक्सेना ने बताया कि गवाह नहीं आने के कारण सुनवाई टल गई। अब इस मामले में 27 जून को सुनवाई होगी। यतीमखाना से जुड़े मामले में 1 जुलाई को सुनवाई होगी।

### ग्रामीण को पीटकर किया घायल

**रामपुर, अमृत विचार :** अजीमनगर थाना क्षेत्र के गांव इमरता निवासी राशिद का कहना है। गांव के बच्चे लड़ रहे थे। उनका बीच बचाव कराने के लिए चला गया था। तब अबरार, कैफ, मोहम्मद सैफ ने मुझे बेवजह गाली देना शुरू कर दिया। विरोध करने पर लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। शोर मचाने पर आसपास के लो आ गए। उसके बाद किसी तरह से बीच बचाव कराया। फिर घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अबरार, कैफ और मोहम्मद सैफ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### महिलाओं को पढ़ाया कानून का पाठ

**रामपुर, अमृत विचार :** अजीमनगर थाने में तैनात महिला पुलिस कर्मियों ने बाजार आने जाने वाली महिलाओं को रोक कर कानून का पाठ पढ़ाया। साइबर क्राइम के बारे में बताया। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के लिए बुधवार को मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सुरक्षा दल द्वारा महिलाओं, बालिकाओं को साइबर क्राइम से बचने के उपाय बताए। महिला संबंधी अपराध, हेल्पलाइन नंबरों 1930 साइबर क्राइम, 1090 वीमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा की विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया।



तहसीलदार को ज्ञापन देते संगठन के पदाधिकारी।

# भाकियू ने समस्याओं के समाधान को किया प्रदर्शन

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** बिजली, पेयजल व मक्का खरीद संबंधित पांच सूत्रीय मांगों को लेकर भाकियू टिकैत कार्यकर्ताओं ने तहसील भवन में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। साथ ही तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के समाधान की मांग की।

बुधवार को भाकियू टिकैत के तमाम कार्यकर्ता जिला प्रवक्ता सरदार मंजीत सिंह अटवाल के नेतृत्व में तहसील भवन पहुंचे। सभी ने समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया। इसके बाद तहसीलदार शिवकुमार शर्मा से मिले। उन्हें एसडीएम को संबोधित ज्ञापन सौंपा। पूर्व जिला प्रवक्ता अटवाल ने कहा कि धान की रोपाई चल रही है। जिसमें बिजली की आंख मिचौली से किसान परेशान हैं। अधिकारियों ने जो शेड्यूल तय किया है वह कागजों में ही सीमित है। किसानों को 18 घंटे बिजली कटौती दी जाए। ताकि वह धान की रोपाई कर सकें। इस मौके पर पिथपाल सिंह, सुखविंदर सिंह, बलजीत बाजवा, बलविंदर सिंह, पलविंदर सिंह, जोगिंदर सिंह, कुलदीप सिंह, गुरदीप सिंह, दलीप सिंह, हरपाल सिंह, गुरप्रीत अटवाल, बुपराम सिंह राठौर, कमरुद्दीन, अवतार सिंह, चरण सिंह बाजवा, हाजी नंथू, अतीक अहमद, नृपजीत सिंह रहे।

## सार संक्षेप




### ग्रामीण न्यायालय में 5 मामले निस्तारित

**मसवासी, अमृत विचार :** नगर के सर्वहितकारी इंटर कॉलेज में ग्रामीण न्यायालय का आयोजन हुआ। जिसमें न्यायाधीश ने 5 मुकदमों का निस्तारण किया। बुधवार को नगर के सर्वहितकारी इंटर कॉलेज में ग्रामीण न्यायालय में 5 मुकदमों का निस्तारण किया। जनपद न्यायाधीश प्रवीण कुमार यादव ने मुकदमों का निस्तारण किया। इस मौके पर उपनिरीक्षक मनोज कुमार मिश्रा समेत तमाम लोग रहे।

### नए फीडर से बिजली लाइन जोड़ने की मांग

**मसवासी, अमृत विचार :** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला मंत्री संदीप सिंह ने बिजली विभाग के एसडीओ को पत्र भेजकर अवगत कराया है कि ग्राम चोहदा फतेहगंज गांव की बिजली मसवासी बिजली घर से आती है, जोकि स्टोन क्रशर फीडर से जुड़ी है। क्षेत्र में स्टोन क्रशर होने के कारण फीडर हमेशा ओवरलोड रहता है। जिससे ग्रामीणों को 5-6 घंटे बिजली बहुत मुश्किल से मिल पाती हैं पिछले 6-7 महीने पहले नई लाइन तो इन गांवों तक आ गई, परन्तु नए फीडर से नही जोड़ी है। उन्होंने नये फीडर से जोड़ने के लिए एस डी ओ से जोड़ने की मांग की जिससे क्षेत्र वासियों को विद्युत सप्लाई पूरी मिल सके।

### मारपीट में चार आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

**मिलक, अमृत विचार :** मिलक के मोहल्ला रौरा खुर्द निवासी पिंकी ने कोतवाली में तहरीर देकर कहा है कि वह रविवार को धनेली उत्तरी ससुराल गई थी। वहां बरेली निवासी ननद लक्ष्मी, उत्तराखंड के देहरादून निवासी छोटी ननद उषा, सास कृष्णा देवी और ससुर रामौतार ने उससे मारपीट की। ननद लक्ष्मी ने उसके हाथ में चाकू मार दिया। महिला ने पुलिस को बताया कि उसने अपनी ससुराल वालों के खिलाफ दहेज आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई हुई है। तबसे उसका पति फरार है। पुलिस ने महिला की तहरीर लेकर संबंधित धाराओं में चारों आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

### मकान में कूमल लगाकर चोरी

**रामपुर, अमृत विचार :** शहजादनगर थाना क्षेत्र के गांव पैगंबरपुर निवासी विजयपाल मजदूरी कर परिवार का पालन करता है। विजयपाल ने बताया कि मंगलवार रात वह परिवार के साथ आंगन में सोया था। रात में चोरों ने घर के पीछे की दीवार में कूमल लगा दिया। चोर घर से नकदी और जेवर ले गए। रात में किसी समय विजयपाल की आंख खुली तो दीवार कटी देख उसके होश उड़ गए। जिसके बाद गांव में भी लोग जाग गए। देखते ही देखते मौके पर तमाम ग्रामीण भी एकत्र हो गए। विजयपाल ने बताया कि धान की पौध लगाने के लिए उसने 80 हजार रुपये की रकम रखी थी। बच्चों के कुछ आभूषण भी रखे थे। जोकि चोर चोरी कर ले गए। पीड़ित ने मामले की जानकारी धमोरा चौकी पुलिस को दी है।

### जुआ खेल रहे 4 आरोपी गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार :** थाना भोट पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान चार लोग जुआ खेलते मिले। इसमें आरोपी प्रीतम सिंह, अनिल, मोहम्मद सलीम, जहूर को मुनीरशाह बाबा की मजार के पास नाजिम के खेत ग्राम सनकरा से गिरफ्तार किया। पुलिस को 4520 रुपये मौके से मिले। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना भोट पर रिपोर्ट दर्ज करके कार्रवाई कर दी है।

### चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार :** टांडा पुलिस ने 3 चोरियों का खुलासा करते हुए 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। पुलिस ने चोरी का सामान भी बरामद किया है। टांडा थाना क्षेत्र के गांव सैदनगर में 17 जून की रात को चोर विक्की के घर से जेवर, कपड़े तथा सामान ले गए थे। 7 मई को चोर राजेश के घर में नकब लगाकर जेवर व अन्य घरेलू सामान ले गए थे। एसओ टांडा प्रदीप कुमार ने बताया कि विवेचना के दौरान प्रकाश में दो आरोपी आए। जिसमें यशवीर यादव पुत्र गुलफाम निवासी ग्राम पैदुरिया भायपुर थाना मूंढापांडे, सद्दाम पुत्र जमीर अहमद निवासी ग्राम बैजनी थाना टांडा को चोरी किए गए सामान तथा चोरी की फर्जी नंबरप्लेट लगी बाइक के साथ चौधरी ईंट भट्ठा खुशहालपुर रोड पुलिया के पास से गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया। चोरों की निशानदेही पर चोरी की घटनाओं से संबंधित माल बरामद किया।

### नशे में हंगामा कर रहे दो सिपाहियों का वीडियो वायरल

**रामपुर, अमृत विचार :** थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के पहाड़ी गेट स्थित काशीराम कॉलोनी में बुधवार को दो पुलिसकर्मियों का हंगामा करते वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें कॉलोनी वासियों का आरोप है कि दो पुलिसकर्मी नशे में यहां लोगों के साथ मारपीट कर रहे थे। परेशान होकर लोगों ने पुलिसकर्मियों का घेराव किया और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को मामले की जानकारी देकर कार्रवाई की मांग की है। एसपी विद्या सागर मिश्र ने बताया कि वीडियो की जांच की जा रही है, आरोप सही पाए गए तो दोनों पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

### दो वाहन चोर पकड़े, स्कूटी और बाइक बरामद

**बिलासपुर, अमृत विचार :** प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि हाईवे समीप न्यू कालोनी के पास दो युवक स्कूटी और बाइक के साथ संदिग्ध हालत में खड़े हैं। उपनिरीक्षक पुष्पेंद्र कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने दोनों युवकों को वाहन समेत पकड़ लिया। पूछताछ करने बताया कि बाइक और स्कूटी चोरी की है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि कालू उर्फ देव विश्वास, राजू निवासी वार्ड आठ खेड़ा रुद्रपुर उत्तराखंड को गिरफ्तार कर प्राथमिक दर्ज की।

### लेट फीस के साथ भर सकते हैं स्नातक का फार्म

**रामपुर, अमृत विचार :** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुनीता जयसवाल ने बताया कि 25 जून स्नातक के प्रथम सेमेस्टर का फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि थी। विश्वविद्यालय के पोर्टल पर लेट फीस के साथ 26 जून से 7 जुलाई तक स्नातक के पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन किया जा सकता है। गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के लिए वर्ष 2025-26 के लिए स्नातक पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर में ऑनलाइन पंजीकरण के लिए विश्वविद्यालय पोर्टल पर 150 रुपये लेट फीस के साथ प्रवेश के लिए आवेदन किया जा सकता है।

# बेदखली के मामले में कोर्ट ने लगाई अंतिम आदेश पर रोक

विधि संवाददाता, प्रयागराज

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने पिछले सप्ताह उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री मोहम्मद आजम खान और अन्य से जुड़े 2016 के जबरन बेदखली मामले की सुनवाई में अंतिम आदेश पारित करने पर 3 जुलाई तक रोक लगाते हुए कहा कि मामले की सुनवाई जारी रह सकती है, लेकिन इसमें कोई अंतिम आदेश पारित नहीं किया जाएगा। उक्त आदेश न्यायमूर्ति दिनेश पाठक की एकलपीठ ने मामले के सह आरोपी द्वारा दाखिल याचिका पर विचार करते हुए पारित किया।

मामला 15 अक्टूबर 2016 की घटना से संबंधित है, जिसमें रामपुर स्थित यतीम खाना वक्फ 157 संपत्ति पर अनाधिकृत संरचनाओं को ध्वस्त करना शामिल था। गत वर्ष अगस्त में रामपुर के विशेष न्यायाधीश ने 2019 और 2020 के बीच दर्ज कुल 12 एफआईआर को एक मुकदमे में शामिल कर दिया था। एक अलग पीठ ने निर्देश दिया कि आजम खान और उनके सहयोगी वीरेंद्र गोयल द्वारा इसी मामले के संबंध में दाखिल की गई नई याचिका को सह अभियुक्त द्वारा दाखिल की पिछली याचिका के साथ संलग्न किया जाए। मुकदमे में अंतिम निर्णय पारित करने पर मौजूदा रोक को देखते हुए कोर्ट ने कोई भी नया निर्देश पारित करने से इनकार कर दिया। याचिका में आजम खान और सह अभियुक्त वीरेंद्र गोयल ने ट्रायल कोर्ट के 30 मई 2025 के आदेश को चुनौती दी है, जिसमें 12 एफआईआर में सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष जफर अहमद फारूकी सहित अभियोजन पक्ष के गवाहों को वापस बुलाने और रामपुर में यतीम खाना और वीडियोग्राफिक साक्ष्य प्रस्तुत करने के उनके अनुरोधों को खारिज कर दिया था।

# तौसीफ के भाई ने युवती के पिता पर लगाया धक्का देने का आरोप

**दिल्ली का नेहा हत्या मामला**

- बोला भाई, तौसीफ उधारी के 60 हजार रुपये लेने गया था
- युवती को पांचवीं मंजिल से फेंककर मारने का मामला

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** दिल्ली के ज्योति नगर इलाके में प्रेम संबंधों को लेकर 19 वर्षीय युवती नेहा की हत्या में नया मोड़ आ गया है। आरोपी युवक के परिजन मामले में ऑनर किलिंग का आरोप लगा रहे हैं। आरोपी तौफीक के भाई निजाम ने बताया कि नेहा जबरन उस पर शादी करने का दबाव बना रहा था। वह उधार के उससे 60 हजार रुपये लेने गया था। परिजनों का कहना है कि पिता ने नेहा को मारा है। पुलिस ने उसको गलत फंसा दिया है।

टांडा के मोहल्ला मस्जिद कालोनी निवासी तौफीक दिल्ली के शाहदरा में दुकान पर पल्लेदारी करता था। कुछ दिनों पहले उसका दिल्ली में रहने वाली 19 वर्षीय नेहा के संपर्क हुआ था। उसके बाद उससे प्रेम करने लगा था। फिर युवक मौका पाकर नेहा के घर आना जाना लगा था। उसके बाद उसने नेहा से शादी की मन में ठान ली थी। युवक मौका पाकर तीन दिन पहले नेहा के घर में पहुंच गया था। तब नेहा घर में पांचवीं मंजिल पर थी। उसके बाद तौफीक नेहा के पास पहुंच गया। नेहा से शादी करने की बात कहने लगा। युवती के मना करने पर उसका गला दबाने की कोशिश की। चीखने पर उसके पिता ने उसे रोका तो उसने नेहा को पांचवीं मंजिल से नीचे फेंक दिया। नेहा को तत्काल जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन नेहा ने कुछ देर बाद दम तोड़ दिया था। मामले में पुलिस को तौफीक की तलाश थी। तौफीक वारदात को अंजाम देकर घर आ गया था। दिल्ली पुलिस ने रामपुर में टांडा पुलिस को तौफीक के बारे में बताया। टांडा पुलिस ने तौफीक को उसके घर से गिरफ्तार करके दिल्ली पुलिस के हवाले कर दिया। अब इस मामले में नया मोड़ आ गया है। परिजन मामले में ऑनर किलिंग का दावा करके युवती के पिता पर आरोप लगा रहे हैं। आरोपी तौफीक के भाई निजाम का कहना है कि उसका भाई बेगुनाह है। नेहा उससे शादी करना चाहती थी, लेकिन वह दूसरे समुदाय का होने की बात कहता था। वह नेहा से 60 हजार रुपये उधार के लेने गया था। नेहा देने से मना कर रही थी। इसी बात को लेकर हाथापाई हुई। नेहा के पिता ने बेटी धक्का दे दिया। अब परिवार तौफीक के लिए इंसाफ की गुहार लगा रहा है।

# वाहन सही कराने के नाम पर 11 लाख रुपये हड़पे, रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** टांसपोर्टर ने वाहन को सही कराने के नाम पर बीमे के आए 11 लाख और वाहन दोनों को हड़प लिया। पैसे और वाहन मांगने पर वाहन स्वामी को जान से मारने की धमकी दी। तहरीर के आधार पर सिविल लाइन पुलिस ने पिता पुत्र दोनों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के बाबा दीप सिंह कॉलोनी निवासी तीरथ सिंह का कहना है कि उसने 17 लाख रुपये का लोन लेकर टाटा 18 टायरा ट्रक को खरीदा था। उसके बाद गंज थाना क्षेत्र के मोहल्ला मौलवी साहब की जियारत निवासी मोहम्मद अरशद को दे दी थी, जोकि एमए ट्रांसपोर्ट के नाम से वाहनों को चलाता था। वह वाहन को चलवाता रहा और किस्त अदा नहीं की। 2020 में वाहन जल गया। उसके बाद मोहम्मद अरशद ने अपने चालक रमेश चंद से थाना रामकोर्ट जिला सीतापुर में इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसके बाद तीरथ सिंह को बीमा के 19 लाख रुपये मुझे खाते में मिले, तो गाड़ी की मरम्मत के लिए मोहम्मद अरशद को 14 नवंबर 2023 को 11 लाख रुपये चेक के जरिए दे दिए थे, लेकिन न तो गाड़ी ठीक करवाई, न ही अब तक आरोपियों ने पीड़ित को वाहन के बारे में बताया। मैंने उससे रुपये और वाहन को 22 मई 2025 को मांगा तो उसने जान से मारने की धमकी दी। जिसके बाद पीड़ित ने थाने में शिकायत की, तो आरोपी के पिता इकबाल अहमद ने वाहन और पैसे देने का वादा किया। उसके बाद भी वाहन को पैसे नहीं दिए। उसके बाद पीड़ित ने थाने में शिकायत की। पुलिस ने पिता पुत्र मोहम्मद अरशद और इकबाल पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## घास काट रहे किसान को सांप ने डसा, मौत

**सैदनगर, अमृत विचार :** अजीमनगर थाना क्षेत्र में घास काट रहे किसान को सांप ने डस लिया। परिजनों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

मामला थाना क्षेत्र के खौद चौकी स्थित बजावाला गांव का है। गांव निवासी किसान बलवान उम्र 50 वर्ष मंगलवार शाम खेत से घास काटने के लिए गए थे। बताते हैं घास काटते समय किसान को जहरीले सांप ने काट लिया। सूचना पर पहुंचे परिजन किसान को झाड़ फूंक वाले के पास ले गए, लेकिन किसान की हालत लगातार बिगड़ती गई। देर रात को परिजन किसान को लेकर बाजपुर स्थित निजी अस्पताल पहुंच गए। वहां पर भी हालात बिगड़ती चली गई। वह वहां से हल्द्वानी ले जाते समय रास्ते में मृत्यु हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जहां शव का पोस्टमार्टम हो जाने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया।



विधायक आकाश सक्सेना को सम्मानित करते लोग।

# रक्तदान जीवन का पुण्यकार्य

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मुख्य अतिथि विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि रक्तदान जीवनदान देता है, ये बड़ा महादान है। इससे जान बचाई जा सकती है। ये सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। श्री गुरु अर्जुन देव के शहीदी पर्व पर रक्तदान शिविर बुधवार को गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में लगाया। जिसमें 43 लोगों ने रक्तदान किया।

मुख्य अतिथि आकाश सक्सेना ने कहा कि वह समिति के साथ हैं। समिति के जिलाध्यक्ष अवतार सिंह ने कहा खून के बिना किसी की जान न जाएं। यहीं हमारी सोच कर्तव्य और दायित्व रहता है। जहां भी ब्लड की कमी होती है उसे पूरा करने के लिए समिति द्वारा शिविर आयोजित किया जाता है। मनमीत सिंह, गुलशन अरोड़ा, संजय अरोड़ा, सेवा सिंह, मोनू सिंह, खुशवंत बाजवा, लखविंदर सिंह, दरबार सिंह, सुरेंद्र सिंह, आर रहमान, हरमीत सिंह, जगजीत सिंह, बलजीत बाजवा, रमन रंधावा, सनी कपूर थे। मनिंदर सिंह का सहयोग रहा।

## किसान के घर से ढाई लाख की चोरी, रिपोर्ट

**स्वार, अमृत विचार :** किसान के घर में घुसकर चोर 30 हजार, 25 लीटर मैंथा आयल, जेवर समेत ढाई लाख रुपये ले गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव खरदिया निवासी किसान मित्रपाल परिजनों के साथ आंगन में सो रहा था। रात को किसी समय चोर किसान के घर में घुस गए और कमरे के अंदर रखी अलमारी से 30 हजार रुपये की नकदी, 25 लीटर मेंथा आयल, जेवर लगभग ढाई लाख रुपये का सामान चोरी कर ले गए। बुधवार सुबह जब परिजनों की आंख खुली तो सामान को बिखरा देखकर घबरा गए और शोर मचाया। जिस पर किसान जाग गया। शोर-शराबा सुनकर ग्रामीण आ गए। किसान ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। कोतवाल प्रदीप मलिक ने बताया कि चोरी की तहरीर मिली है। चोरों की तलाश की जा रही है।



प्रतियोगिता के दौरान वजन उठाता खिलाड़ी।



मुख्य अतिथि को पौधा देते अधिकारी। • अमृत विचार

# शारीरिक स्वास्थ्य के लिए खेल महत्वपूर्ण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सीआरपीएफ (सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स) नई दिल्ली तथा महानिरीक्षक उत्तराखंड सेक्टर केरिपुबल द्वारा निर्देशों के अनुसार ग्रुप केन्द्र केरिपुबल में बुधवार से अंतर सेक्टर भारोत्तोलन प्रतियोगिता-2025 का उद्घाटन हुआ। मुख्य अतिथि डीआईजी सुभाष चंद्र ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता खेल भावना व आपसी प्रतिस्पर्धा को सशक्त करती है।

प्रतियोगिता में विभिन्न सेक्टरों से लगभग 200 प्रतिभागी भाग ले रहे, जो विभिन्न भार वर्गों में अपनी क्षमता और कौशल का प्रदर्शन करेंगे। डीआईजी सुभाष चंद्र ने कहा कि खेल शारीरिक दक्षता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हो रही है, बल्कि आपसी प्रतिस्पर्धा और खेल भावना को भी सशक्त करता है। खेल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है। साथ ही यह मानसिक और सामाजिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उद्घाटन समारोह में प्रतिभागियों द्वारा प्रभावशाली परेड की। जिसकी सलामी मुख्य अतिथि द्वारा ली गई।

प्रतियोगिता के उद्घाटन के दौरान स्टेशन स्तर पर उपस्थित वरिष्ठ अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी व जवानों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता 28 जून को समापन समारोह के साथ सम्पन्न होगी। जिसमें विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा।

## दो पक्षों में मारपीट में रिवाल्वर निकाली, रिपोर्ट

**रामपुर, अमृत विचार :** मामला थाना क्षेत्र के खजुरिया गांव का है। गांव निवासी भूरा पुत्र गुलाम हुसैन ने शहजादनगर पुलिस को दी तहरीर में बताया कि तीन दिन पहले सलमान पुत्र रईस गांव में ही कुछ लड़कों के साथ मैच खेलने गया था।

इस दौरान उसकी कहासुनी रोहित, मोहित पुत्र महेंद्र यादव व विकास, रवि यादव, अशोक और अंकित से हो गई। उन्होंने बताया कि महेंद्र यादव अपने कुछ साथियों को लेकर और लाइसेंसी रिवाल्वर के साथ रईस के घर में घुस गया और जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट शुरू कर दी। जिससे मारपीट में रईस के दांत भी टूट गए। जिसके चलते गांव में शोर शराबा होता देख आरोपी मौके से रिवाल्वर लहराते हुए फरार हो गए। जिसके बाद पुलिस ने तहरीर के आधार पर रोहित, मोहित, विकास, रवि यादव, अशोक, अंकित सहित कुछ अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार :** मिलक में मंगलवार रात को दो बाइकों की टक्कर हो गई। जिसके बाद दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां एक बाइक सवार युवक सुनील की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया।



मृतक का फाइल फोटो।

मिलक थाना क्षेत्र के गांव रठौंडा का मझरा निवासी 28 वर्षीय सुनील कुमार मंगलवार रात 10 बजे बच्चों के लिए दूध लेने चौराहे पर गए थे। जैसे ही वह चौराहे से सामने से आए सिंगरा निवासी मदन लाल की बाइक से सुनील की बाइक की भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों घायल हो गए। घटनास्थल के समीप ही पुलिस चौकी पर मौजूद पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। उनकी सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से दोनों घायलों को नगर के सरकारी अस्पताल लाया गया। वहां चिकित्सकों ने सुनील की जांच कर मृत घोषित कर दिया। मदनलाल को उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया।



जिला अस्पताल में बैठे मृतक के परिजन। • अमृत विचार

### घर पर रिश्तेदारों का लगा रहा तांता

युवक की मौत के बाद घर पर ग्रामीणों और रिश्तेदारों का तांता लगा रहा। मृतक के कंचनपुर निवासी बहनोई श्यामवीर ने पुलिस को बताया उनका साला बच्चों के लिए दूध लेने चौराहे पर बाइक से गया था। वहां पर दूसरी बाइक से बाइक की टक्कर हो गई। हादसे में साले की मृत्यु हो गई। वहीं रठौंडा चौकी प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत हो गई। दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। हादसे में गंभीर युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## दो बार होगी सीबीएसई की 10वीं की परीक्षा

**रामपुर, अमृत विचार :** सीबीएसई कोआर्डिनेटर नीरज तिवारी ने बताया कि बोर्ड ने फैसला लिया है कि अब कक्षा 10 की परीक्षा वर्ष में दो बार होगी। पहली परीक्षा फरवरी में और दूसरी परीक्षा मई में होगी। वर्ष 2026 से केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति की सिफारिश पर नियम लागू किया है।

कोऑर्डिनेटर ने बताया कि बोर्ड के इस फैसले से छात्र-छात्राओं पर कम मानसिक दबाव पड़ेगा। दूसरी परीक्षा वैकल्पिक होगी, पहली परीक्षा में परीक्षार्थी के अंक अच्छे हैं तब उसको दूसरी परीक्षा देने की आवश्यकता नहीं है। यदि कोई परीक्षार्थी पहली परीक्षा में मिले अंकों से संतुष्ट नहीं है तब वह दूसरी परीक्षा में शामिल हो सकता है और उसका अंक प्रतिशत बढ़ सकता है। सीबीएसई के कोऑर्डिनेटर ने बताया कि यह फैसला नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति की सिफारिशों के आधार पर लिया गया है। इससे परीक्षार्थियों को तनावमुक्त माहौल मिलेगा।

## एक नजर

### पुलिस ने दो बाइक चोर पकड़े, दो बाइकें बरामद

**बहजोई, अमृत विचार :** बहजोई पुलिस ने बहजोई इस्लामनगर मार्ग पर वाहन चेकिंग के दौरान दो लोगों को रोका। बाइक के कागजात नहीं दिखा सके तो पुलिस दोनों को थाने ले आई। उन्होंने अपना नाम अनवर गांव फतेहपुर शमशोई व साहिल गांव मिर्जापुर थाना बहजोई बताया। कोतवाल हरीश कुमार ने बताया कि दोनों की निशानदेही से चोरी की दो बाइक बरामद की गई हैं। एक बाइक बीआर रिसोर्ट के सामने से, दूसरी पवासा के एक मकान के बाहर से चोरी की गई थी।

### परिषद का हुआ संगठन विस्तार, गौरव बने जिलाध्यक्ष

**संभल, अमृत विचार :** राष्ट्रीय भ्रष्टाचार दमन परिषद की मोहल्ला हल्लू सराय में बैठक में संगठन विस्तार किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष केके मिश्र की संस्तुति पर गौरव यादव निवासी गोठना गुन्नौर को जिलाध्यक्ष, मोहम्मद अली को जिला महासचिव, निशा को जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, पूजा यादव को महासचिव, मोहम्मद बिलाल को जिला उपाध्यक्ष, रामप्रकाश शर्मा को उपाध्यक्ष पश्चिमी उत्तर प्रदेश बनाया गया। डीपी शर्मा, ब्रजेश यादव, होराम सिंह, सत्यवीर यादव, योगेश मिश्रा, शिव कुमार शर्मा, विपिन कुमार शर्मा, निशा यादव, मोहम्मद बिलाल, नितिन यादव, वीरेंद्र कौशिक, प्रभा मिश्रा आदि रहे।

### बिजली लाइन के लिए जबरन सर्वे की शिकायत

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार :** रजपुरा के गांव पाठकपुर निवासी कुंवरपाल ने पुलिस को तहरीर दी। कहा कि उसके खेत के ऊपर से बिजली विभाग लाइन निकलवाने के लिए सर्वे करना चाहता है। कर्मचारियों ने उसे धमकाया भी है। पुलिस जांच कर रही है।

### मारपीट में हिस्ट्रीशीटर समेत 3 पर रिपोर्ट दर्ज

**संभल/कैला देवी, अमृत विचार :** कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव कैलमुंडी निवासी ऋषिपाल का आरोप है कि 28 मई को गांव बमनपुरी कला से बहनोई के साथ बाइक द्वारा दवा लेने जाते वक्त तीन लोगों ने गाली गलौज करते हुए मारपीट की थी। पुलिस ने 27 दिन बाद अवधेश, इसके भाई मुकेश और सुखराम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। इनमें अवधेश हिस्ट्रीशीटर बताया गया है। थाना प्रभारी सत्यप्रकाश ने कहा कि अवधेश पर पूर्व में कई अपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। फिलहाल वह जिला बदर है।

# दो बोन मिलें बंद, रॉ मैटेरियल किया जा रहा डिस्पोजल

## संभल में मुरादाबाद मार्ग और चिमियावली में स्थित बोन मिलों का मामला, मैटेरियल गड्ढे में दबाया

**कार्यालय संवाददाता, संभल**


संभल में बोन मिल पर कार्रवाई को पहुंची कई विभागों की टीम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** संभल में सिटी मजिस्ट्रेट ने प्रदूषण फैला रहीं दो बोन मिलों को बंद करते हुए रॉ मैटेरियल डिस्पोजल कराने के आदेश जारी किए तो प्रशासन की टीम इसका पालन कराने में जुट गई। बुधवार को कई विभागों की टीम ने मौके पर पहुंचकर एक बोन मिल के रॉ मैटेरियल को 10 फीट गहरा गड्ढा खुदवाकर दबाने की कार्रवाई शुरू की।

संभल शहर की सीमा में संचालित बोन मिलों की वजह से न सिर्फ प्रदूषण फैल रहा है बल्कि आसपास रहने वाले लोगों को दुर्गंध के कारण दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गांव चिमियावली में स्थित कोहिनूर बोन मिल और मुरादाबाद मार्ग पर स्थित हिंदुस्तान बोन मिल द्वारा प्रदूषण फैलाने को लेकर सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार की अदालत में मुकदमे चल रहे थे। सिटी मजिस्ट्रेट ने निरीक्षण करने के बाद मुकदमों में सुनवाई करते हुए बोन मिलें बंद करने का अंतिम आदेश पारित किया था। बुधवार को दोपहर में स्वास्थ्य, नगर पालिका, राजस्व और पुलिस विभाग की टीम गांव चिमियावली में स्थित कोहिनूर बोन मिल पहुंची। बोन मिल के हालात देखने के बाद रॉ मैटेरियल को डिस्पोजल कराने की कार्रवाई शुरू कराई। जिसके लिए बुलडोजर से 10 फीट गहरा गड्ढा खोदा गया। जिसमें रॉ मैटेरियल को दबाने का काम हुआ। बताया गया कि दूसरी बोन मिल में गुरुवार को कार्रवाई की जाएगी।

- **सिटी मजिस्ट्रेट के आदेश पर कई विभागों की टीम ने शुरू की कार्रवाई**

सिटी मजिस्ट्रेट ने बताया कि तहसील क्षेत्र के गांव चिमयावली में कई बोन मिलें संचालित हैं। कुछ बोन मिलों से संबंधित 133 सीआरपीसी के तहत उनके न्यायालय में वाद विचाराधीन है। 4 जून को दो बोन मिलों का निरीक्षण किया था। कोहिनूर बोन मिल चालू थी, दूसरी बोन मिल का संचालन बंद था लेकिन प्रदूषण दोनों बोन मिलों से फैल रहा था। 10 जून को अंतिम आदेश बंद करने का पारित हुआ। कोहिनूर बोन मिल को बंद करते हुए रॉ मैटेरियल का डिस्पोजल और दूसरी बोन मिल के मैटेरियल को डिस्पोजल करने का आदेश हुआ था। नगर पालिका, स्वास्थ्य, राजस्व और पुलिस विभाग की टीमों ने मौके पर जाकर कार्रवाई की है।

### नियमों की अनदेखी पर कार्रवाई करेगा प्रशासन

संभल शहर की सीमा में स्थित क्षेत्र में कई बोन मिलें चल रही हैं। बोन मिलों में रॉ मैटेरियल कई-कई दिनों तक पड़ा रहता है। जिससे भीषण दुर्गंध फैलती है। हवा चलने पर वही दुर्गंध वातावरण में आती है तो प्रदूषण फैलने के कारण लोगों को सांस लेने में परेशानी होती है। अब प्रशासन ने ऐसी बोन मिलों पर निगाह टेढ़ी कर ली है। सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार ने कहा कि बोन मिलों द्वारा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के निर्देश और शर्तों का पालन किया जाए। प्रदूषण को रोकने के लिए उपाय का पालन करें। अगर नियमों और शर्तों का पालन नहीं होने की बात सामने आई तो निरीक्षण करके विधिक कार्रवाई की जाएगी।


बोन मिल में हड्डी दबाने के लिए गड्ढा खोदती जेसीबी। ● अमृत विचार

# बहजोई में अतिक्रमण पर फिर चला बुलडोजर


अतिक्रमण करने वालों को हिदायत देते एसडीएम विनय मिश्रा। ● अमृत विचार

**संवाददाता, बहजोई**

**अमृत विचार:** बहजोई में फिर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। नालों पर रखे स्लैब ध्वस्त कर दिए। व्यापारी ने खुद ही मकान को तोड़ना प्रारंभ कर दिया।

बहजोई के इस्लामनगर चौराहे पर एसडीएम विनय कुमार मिश्रा के नेतृत्व में नगर पालिका की टीम ने नालों पर बने स्लैब तोड़े। इसके बाद टीम लेकर चंदौसी मार्ग पर पहुंची जहां स्लैब ध्वस्त किए गए। इसके बाद एसडीएम इस्लामनगर रोड पर पहुंचे जहां एक व्यापारी द्वारा सरकारी भूमि पर 15 फुट आगे तक निर्माण करा रखा था। उन्होंने निर्माण तोड़ने की चेतावनी दी। इस पर व्यापारी खुद ही अपने परिवार के साथ तोड़ने में जुट गए। 3 घंटे तक चले अतिक्रमण हटाओ अभियान से अतिक्रमण करने वालों में हड़कंप मच गया। सड़क किनारे खड़े ठेले वाले भी ठेले लेकर चले गए।

- **एसडीएम ने नालों पर बने स्लैब व अतिक्रमण को लेकर व्यापारियों को दिया अल्टीमेटम**

### अतिक्रमण हटाने के बाद नाला की कराई सफाई

**संभल, अमृत विचार :** संभल शहर के बाद हयातनगर में बुलडोजर से अतिक्रमण पर कार्रवाई के बाद बुधवार को नाला सफाई अभियान चला। शाहजीपुरा मार्ग के अलावा बहजोई मार्ग की तरफ नाला साफ की गई। जिन दुकानों के आगे अतिक्रमण पर कार्रवाई थी, वहां लोगों ने मलबे को समेटने का काम किया। पुरानी तहसील रोड पर आ रहे पेड़ों के गुद्दों और टहनियों को कटवाया था। उन्हें रास्ते से हटाने का काम किया गया।


संभल के हयातनगर में नाला सफाई करती जेसीबी। ● अमृत विचार

## केमिस्टों ने नशे की दवा नहीं बेचने की ली शपथ

**संभल, अमृत विचार :** सीनियर केमिस्ट ड्रगिस्ट एसोसिएशन संभल की बैठक में एक युद्ध नशे के विरुद्ध मुहिम पर चर्चा हुई। सदस्यों को शपथ दिलाई गई कि नशा करने वाली औषधि का विक्रय नहीं करेंगे। जो केमिस्ट इस तरह की दवा का विक्रय करेगा, उसका संगठन द्वारा विरोध किया जाएगा।

कहा कि एसोसिएशन जल्द ही स्कूल कॉलेज के बच्चों के साथ नुक्कड़ नाटक करेगी। जिसमें बच्चों को नशे के दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी जाएगी। चेयरमैन प्रदीप कुमार रस्तोगी, अध्यक्ष नवनीत कुमार शर्मा उर्फ संदीप शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अंकुर मेहरोत्रा, सुमित कुमार वार्ष्णेय, प्रवीण वार्ष्णेय, गौरव टंडन, मोहम्मद शम्सी, विशाल पाठक, अनिल कुमार, मुजम्मिल चौधरी, सईद अहमद, कौशल वार्ष्णेय, मोहम्मद यासिर, जीशान चौधरी, मोहम्मद जीशान आदि रहे।

### गंगा घाट पर श्रद्धालु की हार्ट अटैक से मौत

**संभल/असमोली, अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र में पत्नी के साथ तिगरी गंगा स्नान करने गए किसान की हार्ट अटैक से मौत हो गई। गांव गरवारा निवासी जसपाल (40 वर्ष) अपनी पत्नी सुशीला के साथ बुधवार सुबह अमावस्या पर गंगा स्नान करने बाइक से तिगरी गंगा घाट पर गया था। गंगा घाट के पास जसपाल ने बाइक रोकी तभी उसकी हालत बिगड़ने लगी। सीने में तेज दर्द से हार्ट अटैक का एहसास हआ। जसपाल की पत्नी सुशीला ने पति की हालत बिगड़ते देखकर आसपास में मौजूद श्रद्धालुओं से मदद मांगी। इसके बाद जसपाल को निजी अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में डॉक्टर ने जसपाल को मृत घोषित कर दिया। डाक्टर ने भी हार्ट अटैक से मौत की बात बताई। सूचना मिलने पर परिजन भी पहुंच गए। पिता की मौत से बेटे शिवम, अभिषेक और बेटी का रो-रो कर बुरा हाल रहा।


मृतक जसपाल।

### तालाब में स्नान करते ग्रामीण की डूबकर मौत

**चन्दौसी, अमृत विचार :** तालाब में स्नान करने गए दो व्यक्तियों में एक की डूबकर मौत हो गई। दोनों व्यक्तियों के नशे में होने की बात कही जा रही है। गांव कैथल निवासी भूरे पुत्र रामपाल चाट पकौड़ी का ठेला लगाता था। बुधवार की दोपहर भूरे रामनगर निवासी वीरेंद्र कश्यपपुत्र रामकिशोर के साथ तालाब पर स्नान करने पहुंचा। दोनों ही तालाब में डूबने लगे तो वीरेंद्र ने शोर मचाया। ग्रामीणों नेदोनों को तालाब से बाहर निकाला। भूरे को निजी हॉस्पिटल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। वीरेंद्र की हालत ठीक होने पर परिजन घर ले गए। बताया जाता है कि दोनों नशे की हालत में स्नान करने तालाब पर पहुंचे थे। मृतक अपने पीछे पत्नी मीरा व 6 पुत्रों को छोड़ गया है।


मृतक भूरे।

## डीएम ने आकांक्षात्मक ब्लाकों की समीक्षा की

**बहजोई, अमृत विचार:** डीएम डा. राजेंद्र पैंसिया ने आकांक्षात्मक विकासखंड कार्यक्रम की समीक्षा कर संस्थागत प्रसव व गोल्डन कार्ड को लेकर चर्चा की।

कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक में डीएम ने गोल्डन कार्ड बनाने को लेकर मिशन मोड पर काम करने के निर्देश दिए। आशा डायरी अपडेट करने के निर्देश दिए। निपुण चैम्पियन बालक तथा निपुण चैम्पियन अभिभावक को लेकर कहा कि डीपीएमयू के कार्मिक नियमित रूप से पूर्वाह्न 10 बजे उनके साथ वार्ता करें। प्रत्येक विद्यालय में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाया जाए। सीडीओ गोरखनाथ भट्ट, सीएमओ डॉ. तरुण पाठक, परियोजना निदेशक ज्ञान सिंह, डीडीओ रामाशीष, सीवीओ डॉ. शैलेंद्र सिंह, डीआईओएस श्यामा कुमार, बीएसए अलका शर्मा आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# व्यापारियों का उत्पीड़न बंद किया जाए

**कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी**


वाणिज्य कर विभाग के डिप्टी कमिश्नर को ज्ञापन सौंपते व्यापार मंडल के पदाधिकारी।

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने मुरादाबाद के वाणिज्य कर विभाग के एडिशनल कमिश्नर को संबोधित ज्ञापन वाणिज्य कर विभाग के डिप्टी कमिश्नर बब्बू यादव व धर्मेंद्र कुमार को सौंपा। व्यपारियों को उत्पीड़न बंद करने की मांग की गई।

ज्ञापन में कहा कि व्यापारियों को रजिस्ट्रेशन के लिए विभाग के चक्कर लगाने पड़ते हैं और उन्हें अधिकारी परेशान करते हैं। पहले रजिस्ट्रेशन के लिए अलग काउंटर था जो अब नहीं है। चन्दौसी क्षेत्र में गाड़ी चेक करने वाली वाणिज्य कर विभाग की टीम कागज पूरे होने के बाद भी परेशान करती है। गाड़ी को मुरादाबाद ले जाया जाता है जिससे व्यापारी को काफी परेशानी होती है। जनपद संभल में जो गाड़ी चेक हो उसे वहीं रखा जाए। व्यापारियों के 2018 से 2022 तक के पुराने केस खोलकर व्यापारियों का उत्पीड़न किया जा रहा है। इन केसों को व्यापारियों के साथ बैठकर निपटाया जाए न कि उत्पीड़न किया जाए। व्यापारी किसी से माल लेता है तो जीएसटी का भुगतान कर देता है। अगर विक्रेता फर्म भाग जाती है या बंद हो जाती है, तो खरीदार व्यापारी को परेशान किया जाता है। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष प्रेम ग्रोवर, प्रदेश मंत्री शाह आलम मंसूरी, विकास मिश्रा, उमेश चंद्र वार्ष्णेय, सुभाष पाल, सुशील अग्रवाल, शाहनवाज, दीपेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

- **अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने डिप्टी कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन**

# आपातकाल लोकतांत्रिक इतिहास का काला अध्याय

**कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी**

- **भाजपा ने आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर मनाया काला दिवस**
- **5 लोकतंत्र सेनानी व उनके परिवार को सम्मानित किया**



कार्यक्रम में संबोधित करते राज्यमंत्री धर्मवीर प्रजापति। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी की ओर से आपात काल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर काला दिवस का आयोजन किया गया। पदाधिकारियों ने आपात काल के दौरान एक लाख नागरिकों को बिना किसी मुकदमें के जेल भेजने और संविधान की भूल भावनाओं को दरकिनार कर लोकतंत्र से खिलवाड़ करने की बात कही। 5 लोकतंत्र सेनानी व उनके परिवार को सम्मानित किया गया।

बुधवार को संजीवनी पैलेस में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि आपात काल भारत के लोकतांत्रिक इतिहास का सबसे काला अध्याय है। इंदिरा गांधी सरकार ने संविधान की भूल भावनाओं को दरकिनार कर लोकतंत्र की आत्मा, प्रेस की स्वतंत्रता, न्याय पालिका की निष्पक्षता और नागरिक अधिकारों पर आघात किया था। आपातकाल के दौरान 42वां संविधान संशोधन मूल आत्मा को बदलने का प्रयास था। यह एक तरह से संविधान को ही बदलने का प्रयास था। इस संशोधन के माध्यम से न्यायपालिका की स्वतंत्रता को कम किया गया। नागरिक अधिकारों को सीमित किया और इंदिरा गांधी ने अपनी सरकार को असाधारण शक्तियां दे दी।

मुख्य वक्ता भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यपाल सैनी ने कहा कि आपातकाल के समय इंदिरा गांधी ने विरोधी दलों पर कड़े प्रतिबंध लगाए। सैकड़ों नेताओं को जेल में डलवाया और अनेक गैर राजनीतिक संगठनों की आवाज भी दबाई। जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह ने कहा कि मीसा जैसे काले कानून के जरिए एक लाख से अधिक नागरिकों को बिना किसी मुकदमें के जेलों में डलवा दिया गया। जिसमें जयप्रकाश नारायण, अटल बिहारी वाजपेई, लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी सहित कई नेता शामिल थे।

इस दौरान राज्यमंत्री गुलाब देवी, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव, पूर्व एमएलसी परमेश्वर लाल सैनी, पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय, कमल कुमार कमल, अजित कुमार, नरेंद्र सिंह, प्रभात शर्मा, जयप्रकाश, योगेंद्र त्यागी, विपिन ठाकुर, सतीश अरोरा, सुधीर मल्होत्रा, डॉ. टीएस पाल, बहजोई चेयरमैन राजेश शंकर राजू, अंकित जैन, मंजू दिलेर, शुभम अग्रवाल, यश मदान, चंद्रपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# स्कूलों को मर्ज करने की योजना का किया विरोध


राज्यमंत्री गुलाब देवी को ज्ञापन सौंपते शिक्षक संघ के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**चन्दौसी, अमृत विचार:** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाबदेवी व जनपद के प्रभारी मंत्री धर्मवीर सिंह को सौंपा।

कहा कि विद्यालयों को मर्ज करने की योजना है। प्रत्येक बच्चे के लिए उसकी बस्ती के निकट एक प्राथमिक विद्यालय तथा 3 किलोमीटर की दूरी पर उच्च प्राथमिक विद्यालय आवश्यक है। ग्रामीण क्षेत्रों में परिवहन और सुरक्षा की समस्या के कारण छोटे बच्चों को दूर के विद्यालयों तक पहुंचना कठिन हो जाता है, जिससे उनकी स्कूल छोड़ने की दर बढ़ सकती है। कोई भी निर्णय लेने से पूर्व विचार-विमर्श की आवश्यकता है। संतोष यादव, सतीश चंद्र, डॉ. गौरव मिश्रा, सेवाराम दिवाकर, प्रदीप चौधरी, प्रहलाद सिंह, ओंकार सिंह, उमेश यादव, रामराज सिंह आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### शाह अली मुत्तकी मियां के चार रोजा उर्स का समापन



**संभल, अमृत विचार :** नगर के मंडी किशनदास सराय में शाह अली मुत्तकी मियां के चार रोजा सालाना उर्स का समापन चादरपोशी और कुल शरीफ की रस्म के साथ हुआ। कव्वाल रईस झनकार और कमर वारसी (लखनऊ) ने सूफियाना कलाम प्रस्तुत किए। अली अली मौला मौला अली मौला कलाम सुन अकीदतमंद झूम उठे। उर्स का समापन कुल शरीफ और चादरपोशी की रस्म के साथ अदा किया गया। उर्स में मुफ्ती हसन मियां वारसी (बिलालपत शरीफ), नाजिम ए दरगाह मुनाजिर हुसैन इसराईली वारसी, आयोजक उमर तुर्की, सलमान संभली, महफूज तुर्की, इमरान तुर्की, सलमान तुर्की, बॉबी, अरमगान तुर्की, फराज तुर्की, जुबैर अंसारी, दिनेश कुमार, मदन प्रधान, रंजीत प्रधान, सरताज प्रधान, फहीम वारसी, सैफ अली वारसी, साकिब वारसी, मरगूब अशरफी, बबलू मेंबर, अनस तुर्की, सादिक वारसी, अकील वारसी, फराहीन वारसी, एहतेशाम अशरफी, शफीक वारसी, आसिफ असकरी, अजीम सैफी, बाबू मंसूरी, फिरोज अशरफी, कासिम तुर्की, सुलतान, शम्सउद्दीन, रईस वारसी, अनीस वारसी, नफीस वारसी आदि रहे। संचालन सलमान संभली ने किया।

### वाल्मीकि समाज के लोगों को दिलाएं सुविधाओं का लाभ



**संभल, अमृत विचार :** जनक्रांति के कार्यकर्ताओं ने बीडीओ संभल प्रेमपाल सिंह को ज्ञापन सौंपकर वाल्मीकि समाज के लोगों को मूलभूत सुविधाओं का लाभ दिलाने की मांग की। कहा कि गांव सलारपुर कला में वाल्मीकि समाज के करीब 20 घर हैं। सड़क, बिजली, पानी, नाली आदि से वंचित रखा जा रहा है। गंदगी की वजह से बीमारी फैल रही है। इस दौरान अमरजीत सिंह एडवोकेट, समरपाल, राकेश, रामेश, विजयपाल, चंद्रपाल, आयुष भंडारी, आकाश विक्रमा, दिपेश वाल्मीकि, छोटे लाल, एडवोकेट अनुज राजौरिया आदि रहे।

### कुपोषण से बचाव के लिए बच्चों को बांटी पोषाहार किट



**संभल, अमृत विचार :** मंडलायुक्त के निर्देश पर नगर पालिका ने बुधवार को कुपोषण से बचाव के लिए कुपोषित बच्चों को पोषाहार किट का वितरण किया। पोषाहार किट में काला चना, हॉर्लिक्स, सोयाबीन की बरी, पांच तरह के सूखे मेवे, मूंग दाल का दलिया रहा। इस दौरान चेयरमैन पति चौधरी मुशीर अली खां, कार्यवाहक ईओ/कर निर्धारण अधिकारी कार्तिक यादव, सभासद वेदप्रकाश, मोहम्मद शौकीन, इब्राहीम अंसारी, राजेंद्र, परवेज, सभासद पति प्रमोद सैनी, मोहम्मद फुरकान, सभासद पुत्र अन्नू दयाल, राजस्व निरीक्षक राजेश यादव, निर्माण लिपिक महीपाल सिंह रहे।

### बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत, दंपती घायल

**बबराला, अमृत विचार :** आगरा मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर दो बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत हो गई जबकि दूसरी बाइक पर सवार दंपती घायल हुए हैं। नगर के मोहल्ला शिवपुरी निवासी व्यवसायी अशोक कुमार का पुत्र राजुल वार्ष्णेय (26) बुधवार सुबह बाइक में पेट्रोल भरवाने के लिए चंदौसी रोड स्थित पेट्रोल पंप जा रहा था। उसकी बाइक विद्युत खंड कार्यालय के सामने एक अन्य बाइक से टकरा गई। राजुल के साथ दूसरी बाइक पर सवार धनारी थाना क्षेत्र के गांव जयरामनगर निवासी देवराज व उसकी पत्नी कृष्णा को भी चोट लगी। तीनों घायलों को सीएचसी गुन्नौर ले जाया गया। राजुल की हालत गंभीर देख परिजन उसे अलीगढ़ ले गए। अलीगढ़ में राजुल की मौत हो गई। जबकि पति पत्नी को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया है। अशोक कुमार की दो बेटियों के बीच राजुल अकेला पुत्र था। उसकी मौत से परिवार में मातम पसर गया है।


मृतक राजुल।

### मेले में किसानों को दी योजनाओं की जानकारी



**संभल/मनोटा, अमृत विचार :** विकासखंड असमोली के मनोटा स्थित ब्लॉक सभागार में कृषि निवेश मेले का आरंभ खंड विकास अधिकारी रिजवान हुसैन और प्रधान संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष ठाकुर चंद्रशेखर ने किया। सहायक विकास अधिकारी कृषि सौरभ सिरोही ने किसानों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक देवेंद्र तिवारी ने गन्ने में बीमारियों के बचाव के बारे में बताया। इसके अलावा किसानों को फैमिली आईडी, फार्मर रजिस्ट्री के बारे में भी जानकारी दी गई। सहायक विकास अधिकारी कोऑपरेटिव रोहतास कुमार, हुकम सिंह, देशराज, अमरजीत सिंह, कपिल देव आदि रहे।

### मेले की भूमि पर निर्माण, ट्रस्ट ने दिया धरना




**बहजोई, अमृत विचार :** नगर पालिका द्वारा श्री भगवंतपुर देवी मंदिर के सामने मेले की भूमि पर बंधन योजना के तहत सत्संग भवन के निर्माण किया जा रहा है। मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने मंदिर परिसर में विरोध कर धरना दिया। हवन में आहुतियां देकर निर्माण कार्य का विरोध किया। नगर पालिका निर्माण कार्य शासन की स्वीकृति से करने का दावा कर रही है, वहीं ट्रस्ट के पदाधिकारी यह कहकर विरोध कर रहे हैं कि मेले की भूमि पर अवैध निर्माण किया जा रहा है। नगर पालिका इस भूमि पर निर्माण कार्य करेगी तो यह भूमि सार्वजनिक हो जाएगी। मेले की भूमि को छीनने काम पालिका द्वारा किया जा रहा है।

कर्मणा मनसा वाचा यदभीक्ष्णं निषेवते।
तदेवापहरत्येनं तस्मात् कल्याणमाचरेत् ॥

मन, वचन, और कर्म से हम लगातार जिस वस्तु के बारे में सोचते हैं, वही हमें अपनी ओर आकर्षित कर लेती है। अत: हमे सदा शुभ चीजों का चिंतन करना चाहिए।

## संपादकीय

# टकराव टालने का अवसर

इजराइल और ईरान के बीच लागू हुआ युद्ध विराम एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। सुखद है कि यह लागू कर दिया गया है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुटेरेश ने दोनों देशों से युद्ध विराम की घोषणा का पूरी तरह से पालन करने का आग्रह किया है। इजराइल द्वारा 13 जून को ईरान में परमाणु केन्द्रों व सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाकर हवाई हमले किए जाने के साथ ही हिंसक टकराव की शुरुआत हो गई थी, जिसके बाद अमेरिका ने भी ईरान के तीन परमाणु केन्द्रों को निशाना बनाया। जवाब में ईरान ने कतर में एक अमेरिकी सैन्य ठिकाने पर हमले किए। इससे क्षेत्र में असुरक्षा और गहरी हुई। इस बीच अमेरिका की मध्यस्थता के बाद दोनों देशों में समझौता हुआ। इन हमलों में बड़े पैमाने पर जान-माल की हानि हुई है। गौरतलब है कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने के इरादे से सुरक्षा परिषद की बैठक में 2015 में एक समझौते पर सहमति हुई थी, जिसे संयुक्त व्यापक कार्रवाई योजना के नाम से जाना जाता है, और इसकी अवधि इस वर्ष अक्टूबर में समाप्त हो रही है। यूएन अवर महासचिव रोज़मैरी डीकार्लो के अनुसार इस समझौते के समर्थन में पारित हुए प्रस्ताव की शर्तों को पूरा नहीं किया गया है। ओमान के सहयोग से ईरान और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच पांच दौर की द्विपक्षीय वार्ता के बावजूद, परमाणु समझौते को पूरी तरह लागू करने की दिशा में कोई रास्ता नजर नहीं आया है। ईरान व इजराइल के हिंसक टकराव की वजह से वार्ता के छठे दौर को स्थगित कर दिया गया था। ईरान के अनुसार, इसराइली हमलों में कम से कम 606 लोगों की जान गई है और 5,300 घायल हुए हैं।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि ईरान का परमाणु नष्ट हो गया है, जबकि अमेरिका की एक खुफिया रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी हमले के बाद ईरान का परमाणु कार्यक्रम कुछ महीने पीछे चला गया है लेकिन पूरी तरह से तबाह नहीं हुआ है। साथ ही ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने कहा कि आक्रामक दुश्मन परमाणु सुविधाओं को नष्ट करने और परमाणु ज्ञान को कम करने के साथ-साथ सामाजिक अशांति को भड़काने के अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में विफल रहा। इजराइल और ईरान के बीच युद्ध विराम पर सहमति की खबर निश्चित रूप से अच्छी बात है। परंतु देखना होगा कि इस युद्ध का आगे जाकर क्या असर होने वाला है। युद्ध विराम समझौता एक भयावह टकराव को टालने और ईरान परमाणु मुद्दे को शातिपूर्ण ढंग से निपटाने के लिए एक अवसर है। अब इस मुद्दे के कूटनीतिक समाधान की तलाश की जानी होगी।

# युद्धप्रिय देशों पर हावी न्यूक्लियर वार टेक्नोलॉजी



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

न्यूक्लियर साइंस एंड टेक्नोलॉजी के विस्तृत इतिहास पर नज़र डालने से रेडियोएक्टिव मिनरल्स, इनकी एनरिच्मेंट और इनसे बम बनाने की टेक्नोलॉजी और डिवाइसेस का स्तर दिमाग की चूलें हिलाने के लिए काफी है।

ईरान के विरुद्ध इजराइल और अमरीका ने युद्ध लड़ा उसमें किन लोगों की जीत हुई है। न तो अमरीकनों की और न ही ईरानियों की। यहूदी और क्रिश्चियन के विरुद्ध ईरान के शिया मुसलमानों की भी नहीं बल्कि इस नई शैली के युद्ध में जीत हुई है टेक्नोलॉजी की। सीग्फ्रिड गेईडियोन ने सन 1947 में प्रकाशित किताब मैकेनाइज़ेशन टेक्स कमांड में भविष्यवक्ता की तरह महसूस किया था कि टेक्नोलॉजी के विकास के उस समय स्वरुप और गति को देखते हुए एक दिन ऐसा आएगा जब टेक्नोलॉजी मनुष्य पर हावी हो जाएगी।

अभी तो मनुष्य ही टेक्नोलॉजी पर हावी है लेकिन कृत्रिम मेधा और इंस्ट्रूमेंटेशन में जो प्रगति हुई है उससे युद्धास्त्र अधिक संहारक, सटीक, त्वरित, गाइडेड और चतुर बना दिए गए हैं। यूक्रेन का रूस पर ड्रोन हमला, भारत द्वारा ऑपरेशन सिन्दूर के लिए हाई-टेक कमांड एंड कण्ट्रोल सिस्टम का इस्तेमाल और ईरान-इजराइल के हालिया संघर्ष में अमरीका द्वारा प्रयुक्त सर्वोन्नत टेक्नोलॉजी ने न केवल गेईडियोन की सोच को पुष्ट किया है वरन साइंस फिक्शन राइटर्स की दशकों पुरानी कल्पनाओं को साकार कर दिया है। अमरीका और यूरोपियन देश नहीं चाहते कि ईरान बम ग्रेड न्यूक्लियर टेक्नोलॉजी हासिल करे।

ईरान के न्यूक्लियर ऊर्जा और सम्बद्ध ठिकानों पर हमले के प्रसंग में अमरीका ने इंटेलिजेंस गैदरिंग से किसी तरह खुद को आश्वस्त कर लिया कि ईरान के न्यूक्लियर साइंटिस्ट्स और इंजीनियर कुछ दिन में ही परमाणु बम बना लेंगे और इसीलिए अतिशीघ्र ऐसे ठिकानों को नष्ट करना जरूरी है। कंक्रीट या ठोस चट्टानों को भेदते हुए 60 मीटर की गहराई तक मार करने वाले 13,600 किलोग्राम भारी मैसिव आर्डिनेंस पैनीट्रेटर और गाइडेड बम की 14 यूनिट और 30 टॉमहॉक प्रक्षेपास्त्रों को दाग कर अमरीका ने हमला किया था।

परमाणु ठिकाने पर डाले गए विशालतम बम विस्फोट से नुकसान की संभावना इस बात पर निर्भर है कि परमाणु एनरिच्मेंट सुविधा के भीतरी कक्षों में किस-किस वस्तु पर स्ट्राइक से असर

> ईरान के न्यूक्लियर ऊर्जा और सम्बद्ध ठिकानों पर हमले के प्रसंग में अमरीका ने इंटेलिजेंस गैदरिंग से किसी तरह खुद को आश्वस्त कर लिया कि ईरान के न्यूक्लियर साइंटिस्ट्स और इंजीनियर कुछ दिन में ही परमाणु बम बना लेंगे और इसीलिए अतिशीघ्र ऐसे ठिकानों को नष्ट करना जरूरी है।

पड़ा है। फोर्दो, नतांज़ और इस्फ़हान के प्लांट्स पर 22 जून के हमले में क्या एनरिच किए हुए यूरेनियम के अति-सुरक्षित कंटेनर भी ध्वस्त हुए या 400 से 1200 किलोग्राम, 60 प्रतिशत तक एनरिच किया गया यूरेनियम ईरान ने पहले ही हटा लिया था? मार्च के अंत में अमेरिकी खुफिया समुदाय ने एक आकलन प्रस्तुत किया था जिसके द्वारा राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड ने यह कहा कि ईरान का समृद्ध यूरेनियम भंडार उच्चतम स्तर पर है और परमाणु अस्त्र रहित एक देश के लिए एनरिच्ड यूरेनियम का इतना बड़ा भंडार रखना अभूतपूर्व है।

अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने भीतर के गलियारों और कक्षों में रासायनिक और रेडियोलॉजिकल संदूषण होने की बात तो कही है परन्तु रेडियोधर्मी विकिरण का बाहर का स्तर अभी तो सामान्य ही है। हमले में यह सुनिशिचित किया गया कि ईरान के परमाणु इंजिनियर वार हेड्स की कन्फिग्यूरेशन कर पाएं इससे पहले सब-कुछ नष्ट कर दिया जाना चाहिए। पेंटागन की खुफिया शाखा रक्षा खुफिया एजेंसी की पांच पृष्ठों की प्रारंभिक, क्लासिफाइड रिपोर्ट में कहा गया है कि यूरेनियम एनरिच्मेंट करने वाले सेंट्रीफ्यूज, अधिकांशतः सही हैं और क्षतिग्रस्त नहीं हैं। कोशिश करने से ईरान के इंजिनियर सेंट्रीफ्यूज़ यूनिट्स को फिर से कुछ ही महीनों में चालू कर सकते हैं।

अभी किसी को मालूम नहीं है कि अमरीका ने 22 जून के मिडनाइट हैमर ऑपरेशन पर कितना खर्चा किया है। सात बी-2 स्पिरिट स्टील्थ बॉम्बर विमानों से गिराए गए 14 गाइडेड बमों और 30 टॉमहॉक मिसाइलों की कुल कीमत ही 140 करोड़ अमरीकी डॉलर है। गाइडेड बम यूनिट 57 -बी और टॉमहॉक मिसाइल की रचनात्मक इंजीनियरिंग में फाइनल कॉन्फिग्युरेशन में विस्फोटक पदार्थ भर कर सील करने तक फ्लीट एक्स्पेरिमेंटेशन स्टेज तक इसे टेस्ट किए जाने तक वर्षों का समय लगता है। बी-2 स्पिरिट स्टील्थ बमवर्षक विमानों ने अमरीका के मिसौरी एयरबेस से उड़ान भर कर ईरान के परमाणु संस्थानों को बमबारी से नष्ट करने से पहले लक्ष्य क्षेत्रों तक पहुंचने के लिए लगभग 11,400 किलोमीटर से अधिक की एकतरफा दूरी तय की जिसके लिए कई बार हवा में ईंधन भरने के अलावा 37 घंटे तक बिना रुके उड़ना पड़ा। एक बी-2 बॉम्बर को 37 घंटा उड़ाने का खर्चा करीब 50 करोड़ भारतीय रुपये के मूल्य के बराबर है। इस प्रकार बम, मिसाइल और उड़ानों पर 1 ख़रब 70 अरब भारतीय रुपये खर्च हुए।

न्यूक्लियर साइंस एंड टेक्नोलॉजी के विस्तृत इतिहास पर नज़र डालने से रेडियोएक्टिव मिनरल्स, इनकी एनरिच्मेंट और इनसे बम बनाने की टेक्नोलॉजी और डिवाइसेस का स्तर दिमाग की चूलें हिलाने के लिए काफी है। थ्योरेटिकल से एक्सपेरिमेंटल फिजिक्स और विस्फोटकों की केमिस्ट्री की खोजयात्रा में टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट का जुड़ाव और विकास खुद में चकित करने वाली विद्यायें हैं। न्यूक्लियर वेपन्स के विकास का इतिहास वैसे तो अल्बर्ट आइंस्टीन की एनर्जी इक्वेशन (ई=एमसी 2) से शुरू होता है परन्तु, सन 1939 में जर्मन सेना आयुद्ध नीति नियामकों ने पहल करके यूरेनियम पदार्थ के विखंडन के सैन्य प्रयोग की जांच के लिए सेना के भौतिक विज्ञानी कर्ट डाइबन्हेर के नेतृत्व में एक शोध कार्यक्रम की स्थापना की। शीघ्र ही अमरीका को इसकी भनक लग गई और अमरीका के राष्ट्रपति ने भौतिकीविद ओपनहाइमर को परमाणु बम बनाने के प्रोजेक्ट पर लगा दिया जिसका कोड-नेम मैनहट्टन रखा गया। अगस्त 1945 में परमाणु बमों को जापान के शहरों हिरोशिमा और नागासाकी पर डाला गया। प्रोजेक्ट मैनहट्टन के सभी डाक्यूमेंट्स अब अध्ययन हेतु डी-क्लासिफाई हो चुके हैं। इसी सिलसिले में रूस, फ्रांस और चीन के परमाणु युद्धास्त्रों के विकास के बारे में अपेक्षाकृत कम जानकारी प्रकाशित होती है। रूस ने तो अपनी जानकारी को दशकों तक गोपनीय रखा और आज भी इन तीनों के बारे में लोगों को अधिक जानकारी नहीं है। बाद में ये तीनों देश न्यूक्लियर बम बनाने और इनका परीक्षण करने में जुट गए थे।

ईरान के तीन न्यूक्लियर संस्थानों को नष्ट करने का मामला अमरीका और इजराइल की एकतरफा कार्रवाई का द्योतक है। पूरे मामले में पुख्ता सूचनाओं की कमी है। ईरान के रहनुमाओं ने कहा है कि देश के एक प्रमुख परमाणु वैज्ञानिकों की हमले में मौत होने के बावजूद यूरेनियम एनरिच्मेंट प्लांट के मरम्मत करके फिर से कुछ महीनों की बाद ही चालू कर दिया जाएगा। साफ़ है कि इरादा न्यूक्लियर बम बनाने का ही है। न्यूक्लियर बम ग्रेड की यूरेनियम और प्लूटोनियम बनाने के लिए एनरिच्मेंट प्लांट का होना जरूरी है। इसके लिए सेंट्रीफ्यूज़ की एक कतार लगाना आसान काम नहीं होता। ईरान में परमाणु टेक्नोलॉजी को लेकर जिस दर्जे का नुकसान हुआ है उसे फिर से स्थापित करने में कम से कम पांच-सात साल का समय तो लगेगा ही। हिस्ट्री ऑफ़ वार टेक्नोलॉजी और न्यूक्लियर टेक्नोलॉजी के विस्तार का अध्ययन करें तो चकित करने वाले छोटे स्तर की हज़ारों तकनीकी पहलु उजागर होने लगते हैं। पिछले सौ साल में जितना भी बौद्धिक श्रम और प्राकृतिक संसाधन इन सबमें लगा है इनके बारे में पब्लिक डोमेन में उपलब्ध रिसर्च हिस्ट्री के प्रकाशनों को देखने से ही इनकी व्यापकता का बोध होता है। इन प्रकाशनों की संख्या 30 लाख से अधिक है जिसमें क्लासिफाइड इनफार्मेशन का तो जिक्र ही नहीं है।

## प्रसंगवश

# नशे का फैलता मकड़जाल समाज की तबाही

दिवस विशेष



योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

मादक पदार्थों का सेवन अब केवल व्यक्ति की निजी कमजोरी नहीं बल्कि मानवता के विरुद्ध सबसे बड़े अपराध के रूप में उभर रहा है। यह प्रवृत्ति केवल शहरों के क्लबों, पार्टियों और रेव-संस्कृति तक सीमित नहीं रही बल्कि अब भारत के दूरस्थ गांवों और कस्बों तक अपने पांव पसार चुकी है। ग्रामीण अंचलों में अफीम, चरस, गांजा और हेरोइन जैसे पारंपरिक मादक पदार्थों के साथ-साथ इंजेक्शन के जरिए लिए जाने वाले आधुनिक नशीले रसायनों का चलन भी खतरनाक रूप से बढ़ रहा है। सबसे चिंता की बात यह है कि अब यह सब कुछ हमारे सामाजिक ढांचे का अभिन्न अंग बनता जा रहा है, मानो जैसे यह कोई स्वाभाविक हिस्सा हो। वैसे यह समस्या केवल भारत तक ही सीमित नहीं है बल्कि दुनिया के अनेक देशों में नशीली दवाओं की अवैध तस्करी और खासकर युवाओं में नशीले पदार्थों के सेवन की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है। नशीले पदार्थों की तस्करी पर प्रतिबंध लगाने के उद्देश्य से ही प्रतिवर्ष 26 जून को 'अंतर्राष्ट्रीय नशा एवं मादक पदार्थ निषेध दिवस' मनाया जाता है लेकिन 36 वर्षों से यह दिवस मनाते रहने के बावजूद नशे की तस्करी पर लगाम कसे जाने के बजाय यह समस्या दुनियाभर में विकराल होती गई है। चिंताजनक स्थिति यह है कि भारत में तो नशे का कारोबार अब देश के नामीगिरामी शिक्षण संस्थानों तक फैल चुका है। बड़े शहरों की रेव पार्टियां, जहां महंगे होटल और फार्म हाउसों में धुआं, शराब और कोकीन की महक में आधुनिक युवा वर्ग डूबा होता है, इस विघटन की सबसे वीभत्स तस्वीरें पेश करती हैं। राजनीतिक संरक्षण और प्रशासनिक शिथिलता ने इन पार्टियों को लगभग 'छूट प्राप्त अड्डों' में बदल दिया है, जहां पुलिस की कार्रवाई महज दिखावा बनकर रह जाती है। रईसजादों के लिए यह नशे की संस्कृति, 'स्टेटस सिंबल' और 'मॉडर्निटी' का पर्याय बन गई है। कोकीन जैसे पदार्थ, जिनमें गंध तक नहीं होती, उनके लिए नया फैशन स्टेटमेंट हैं, बिना यह समझे कि ये पदार्थ तंत्रिका तंत्र पर सीधा प्रहार करते हैं और धीरे-धीरे शरीर और आत्मा को खोखला कर देते हैं।

इस भयावह स्थिति को और बढ़ावा देने वाला माध्यम है इंटरनेट। यह सूचना क्रांति का माध्यम अब नशीली दवाओं की उपलब्धता और प्रचार-प्रसार का भी प्लेटफॉर्म बन गया है। भारत में नशीले पदार्थों का सेवन करने वालों में कॉलेज छात्रों की भागीदारी चालीस प्रतिशत से अधिक है और इस आंकड़े में लड़कियों की संख्या भी चिंताजनक स्तर तक बढ़ चुकी है। अनेक कॉलेज परिसरों में अब यह स्थिति बन गई है कि छात्र अपने ही परिसर में नशा खरीद सकते हैं, यह व्यवस्था किसी संगठित गिरोह से कम नहीं। छात्रों का नशे की ओर झुकाव कई कारणों से होता है, साथियों के दबाव में, मॉडर्न दिखने की चाह में, रोमांच की तलाश में या फिर अवसाद, चिंता और मानसिक अकेलेपन की स्थिति में। चौंकाने वाली बात यह है कि वे दवाएं, जिन्हें मानव जीवन की रक्षा के लिए बनाया गया था, उन्हें अब नशे के औजार के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। मादक पदार्थों का सेवन धीरे-धीरे व्यक्ति की इच्छाशक्ति को इस हद तक खत्म कर देता है कि वह इनका गुलाम बन जाता है। प्रारंभिक प्रयोग के बाद, व्यक्ति पहले जैसी अनुभूति के लिए मात्रा बढ़ाता जाता है और एक ऐसी अवस्था में पहुंच जाता है, जहां उसका पूरा अस्तित्व इन पदार्थों पर निर्भर हो जाता है। इस समय समाज को एक जिम्मेदार संरक्षक की भूमिका निभानी चाहिए। सरकारें जितनी भी योजनाएं बना लें, कानून जितने भी कठोर हों, यदि समाज सजग नहीं हुआ तो इन प्रयासों की सफलता अधूरी रह जाएगी। युवाओं को बचाने के लिए सबसे पहले संवाद की आवश्यकता है, परिवारों में, विद्यालयों में, सामाजिक और धार्मिक मंचों पर। मार्गदर्शन, सहयोग और करुणा से ही युवा वर्ग को उस गर्त से बाहर निकाला जा सकता है, जिसमें वह आज फंसता जा रहा है। यह सोच गलत है कि नशे से लड़ाई केवल सरकार की जिम्मेदारी है, यह संपूर्ण समाज की परीक्षा है और यदि हम सचमुच इस परीक्षा में सफल होना चाहते हैं तो अब और देर नहीं करनी चाहिए। हमें यह स्वीकार करना होगा कि नशा अब एक व्यक्तिगत समस्या नहीं बल्कि राष्ट्रीय आपदा है और इस आपदा से लड़ने का एक ही रास्ता है जनचेतना, सहयोग और सामूहिक संकल्प।

# क्या नील गाय की हत्या ही विकल्प है



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

> भले ही राज्यों में इनके नाम अलग-अलग हों लेकिन सभी जगह इनका आतंक एक जैसा है। नील गाय के लगातार हमलों से किसान बहुत परेशान और निराश हैं।

दो राज्यों के बीच फैले बुंदेलखंड में सड़कें बहुत अच्छी बन गई हैं लेकिन सड़कों पर चलना जानलेवा होता जा रहा है। आए रोज सड़कों पर तेज गति से चल रही कार-मोटर सायकिल से आवागमन करने वालों से एशिया की सबसे बड़ी हिरण प्रजाति रोजड या रोजा का सामना हो जाता है। वाहन तो चकनाचूर होता ही है, चोटें लोगों की मौत का कारण बन चुकी है। मालवा के मंदसौर—नीमच में अफीम के कई किसान पशु के डर से खेती छोड़ चुके हैं। हालांकि कभी इनकी गणना हुई नहीं लेकिन अंदाज है कि सारे देश में नील गाय या रोजा या फिर घोड़परास किसानी के लिए खतरा बने हुए हैं।

हाल ही में बिहार में राज्यभर में 3909 घोड़परास या नील गाय को मारने के लिए काम सौंपा गया है। इनमें सर्वाधिक घोड़परास की संख्या पूर्वी चंपारण में 576 है। समस्तीपुर से ले कर सारण, वैशाली और नालंदा तक आम लोगों की अर्जियां आई हैं कि उनके यहां नील गाय के आतंक से मुक्ति के लिए मारने की अनुमति दी जाए। बीते वर्ष बिहार में आधिकारिक रूप से 4279 नील गाय को मारा गया था जिनमें सर्वाधिक उस वैशाली जिले में मारे गए जहां अहिंसा के पुजारी गौतम बुद्ध का अंतिम उपदेश की घोषणा की थी। यहां 3057 नील गायों को गोली से उड़ा दिया गया था।

उत्तर प्रदेश के राज्य कृषि विभाग के अनुसार, पूरे प्रदेश में लगभग 2.33 लाख (233,000) नील गाय हैं। ललितपुर और इटावा जैसे जिलों में इनका प्रकोप ज्यादा है। राजस्थान के 2015 के आंकड़ों के अनुसार, राज्य में नील गाय की संख्या 55,000 से अधिक थी। हरियाणा, मध्य प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, ओडिशा, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, जम्मू-कश्मीर और कर्नाटक जैसे अन्य राज्यों में भी नील गाय की आबादी पाई जाती है और कुछ जगहों पर यह काफी अधिक है।

भले ही राज्यों में इनके नाम अलग-अलग हों लेकिन सभी जगह इनका आतंक एक जैसा है। नील गाय के लगातार हमलों से किसान बहुत परेशान और निराश हैं। कई मामलों में, इस नुकसान के कारण किसानों को अपनी खेती छोड़नी पड़ रही है या वे दूसरी फसलें लगाने से हिचकिचा रहे हैं। कुछ मामलों में, भारी नुकसान से निराश होकर किसानों द्वारा आत्महत्या करने की खबरें भी आई हैं। हालांकि कुछ राज्यों में नीलगाय को मारने की अनुमति दी गई है, यह एक संवेदनशील मुद्दा है। कई लोग नीलगाय को "गाय" से जुड़ा होने के कारण मारना पसंद नहीं करते, जिससे समस्या और बढ़ जाती है। इसके समाधान के लिए प्रभावी और टिकाऊ उपायों की आवश्यकता है।

तो क्या केवल उनकी हत्या कर देना ही नील गाय का एकमात्र निदान है? पिछले साल पंजाब कृषि विश्व विद्यालय में सुश्री कीरं रानी और भूपेंदर कौर बब्बर का एक शोध कार्य प्रकाश में आया था- मिटीगेटिग ब्लू बुल मेनान्सः एसेसिंग सट्रेजीस फॉर सस्टैनबल ऐग्रिकल्चर, जिसमें नील गाय से खेती को निरापद रखने के बहुत से विकल्प बताए थे। एनआईएससीपीआर और रिसर्च गेट में प्रकाशित शोध के अनुसार, प्राकृतिक और रासायनिक दोनों प्रकार के निरोधक के जरिए जानवरों को डरा कर उनकी नुकसान करने की आदत को काफी कुछ कम किया जा सकता है। खेतों के चारों तरफ बाड़, खाइयां और गड्ढे नील गायों को खेतों में प्रवेश करने से रोक सकते हैं, सोलर शक्ति से संचालित बिजली की बाड़ अधिक प्रभावी निवारक हो सकते हैं, लेकिन इनके लिए उचित डिजाइन और रखरखाव की आवश्यकता होती है। रिसर्चगेट की रिपोर्ट के अनुसार नायलॉन या लोहे की जंजीर की कम से कम 7 फीट ऊंची बाड़ प्रभावी होते हैं। शोध में बताया गया है कि फसलों के चयन को लेकर थोड़ी सावधानी भी इस जानवर की खेत से दूरी बना सकती है। ऐसी फसलें चुनें जिन्हें नील गायों द्वारा खाने की संभावना कम हो। तोरिया, तंबाकू, लेमन ग्रास, नागफनी। रामदाना आदि पर यह जानवर मुंह नहीं मारता। यदि खेत के बाहरी तरफ इन फसलों को बोया जाए तो यह खेत में घुसेगी नहीं। हालांकि यह तरीका आंशिक ही सफल है-एक तो यदि इसे भूख लगे तो यह कुछ भी खा लेता है, दूसरा इसकी लंबही छलांग लगाने की भी क्षमता होती है। फसलों को बदलने से नील गायों के आहार पैटर्न में व्यवधान उत्पन्न हो सकता है। यह वैज्ञानिक भी स्वीकारते हैं कि पारंपरिक तरीके जैसे गौमूत्र, पशु मल या दुर्गंधयुक्त मिश्रण का प्रयोग नील गायों को रोकने में सहायक हो सकता है। इसके अलावा फोरेट और फिनाइल घोल जैसे रासायनिक कीटनाशकों का उपयोग निवारक के रूप में किया जा सकता है, लेकिन उनकी प्रभावशीलता सीमित है।

## सोशल फोरम

# कमजोर सामाजिक सत्ता



कर्मेंदु शिशिर
वरिष्ठ लेखक

जब आप हिन्दू-मुस्लिम के आधार पर देखिएगा, तो आपकी सोच भी उसी के अनुरूप होती जाएगी। आपके पास उसी के पक्ष में तर्क मिलने शुरू हो जाएंगे। यही हाल जाति को लेकर है। आप लोगों को काम, आचरण, व्यवहार और सोच से आकलित करना शुरू कीजिए तो ऐसे वाइरस से बच सकते हैं। वरना झूठ, लूट, परिवारवाद और बकवास को ऐसा खुलेआम तर्क सहित समर्थन भारतीय राजनीति के इतिहास में इसके पहले नहीं था।

देखिए संस्कृति तात्विक नहीं, यौगिक होती है। वह "एक" से बनती ही नहीं है। वह सामाजिक सहयोग और सरोकार से ही विकसित होती है। भारतीय संगीत से आप हिन्दू-मुस्लिम को आधार बनाकर अलग कीजिएगा तो वह बिखरकर छिन्न-भिन्न हो जाएगा। वही हाल फिल्मों का है और साहित्य का भी,सोच-विचार का भी। महात्मा गांधी आचरण में सबसे बड़े और घोषित हिन्दू थे। मुसलमान उन पर सबसे यकीन किए। आप उनको बार-बार पाकिस्तानी बताइएगा और कहिएगा कि ये सब अंदर से यही है। फिर कहिएगा इन पर विश्वास नहीं। आपको पता है कि "वंदे मातरम्" नाम से उर्दू में एक साप्ताहिक निकलता था। सब स्वतः बोलते थे। हर समाज के भीतर बीमारियां ही हैं। सरकार का काम सामाजिक सुधार के काम का नेतृत्व करना नहीं है। इसमें वह सहयोग कर सकती है। सामाजिक कुरीतियां समाज सुधारक ही दूर कर सकते हैं। इसके लिए आपको उसी समाज के भीतर से इन्लाइटमेंट वाले लोगों को ढूंढना होगा। उनको आगे करना होगा। आज शिक्षा को लेकर और अनेक मामलों को लेकर मुस्लिम युवतियां सामने आई हैं और बहुत प्रभावशाली ढंग से अपना काम कर भी रही हैं। इसमें बार-बार असफलता, कम सफलता और फिर धीरे-धीरे सफलता मिलती है। सामाजिक परिवर्तन बहुत दुरूह होता है। इसे आप समाज सुधारकों की जीवनी पढ़कर जान सकते हैं। सोचिए आप अपने भीतर से जात-पात और छुआछूत को तो हटा नहीं पाए और दूसरे को सुधारने को लेकर पैमाल हो रहे हैं। भारतीय स्वाधीनता आंदोलन में सामाजिक आंदोलन बहुत तेज और सशक्त था। आजादी के बाद आपने सामाजिक सत्ता को बिलकुल कमजोर कर दिया।

**-फेसबुक वॉल से**

# सार्थक बहस की सीमाएं और जनतंत्र का दर्शन



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

> ऐसी विचारधारा के लोगों के भीतर भी मूल प्रमेय पर बहस नहीं हो सकती। समय में आए बदलाव के अनुरूप केवल विस्तार के ब्योरों पर बहस हो सकती है।

क्या एक आस्थावान मज़हबीऔर एक अनीश्वरवादी के बीच धर्म के मुद्दे पर ईमानदार, स्वस्थ और सार्थक बहस हो सकती है? मुश्किल है क्योंकि दोनों के बुनियादी प्रमेय भिन्न हैं और दोनों अपने-अपने प्रमेयों को अंतिम मानकर चलते हैं। फिर मज़हब है आस्था का विषय और आस्था न संप्रेषित हो सकती है, न तर्क से उसका खंडन हो सकता है। मुश्किल तो है किंतु अवधारणात्मक रूप से संभव है। शर्त सिर्फ़ यह है कि दोनों में सौजन्य हो और एक-दूसरे के मनुष्य की मनुष्यता के प्रति सम्मान हो। मनुष्यता का सामान्य आधार तो अमिट है। इसी तरह दो भिन्न मज़हब मानने वालों के बीच भी उसी शर्त पर सार्थक बहस हो सकती है, भले ही उनके बुनियादी प्रमेय भिन्न हों।

जनतंत्र की अवधारणा में राज्य-संबंधी मामलों पर इस तरह की बहस की कोई ज़रूरत ही नहीं क्योंकि जनतंत्र के मूल प्रमेय के अनुसार आस्था और अनास्था राज्य-क्षेत्र के विषय ही नहीं हैं। यदि किसी मज़हब की व्यवस्था इतनी व्यापक है कि राज्य-व्यवस्था उसका अविभाज्य अंग है तो जनतंत्र के साथ उसमें समस्या आनी निश्चित है। जनतंत्र के साथ शरीयत नहीं चल सकती, चलेगी तो वह जनतंत्र का ढोंग मात्र होगा। एक ही समाधान है कि ऐसा मज़हब अपने में अंतर्निहित राज्य-व्यवस्था से अपने को पृथक कर ले। विचारधारा के साथ यह सुविधा नहीं क्योंकि वह तो राज्य और उसके कार्य-क्षेत्र के इर्दगिर्द ही घूमती है। यदि किसी विचारधारा में (वह वाम हो या दक्षिण, मार्क्सवादी हो या सांस्कृतिक राष्ट्रवादी) यह अंतर्निहित है कि उसने अंतिम सत्य पा लिया है और अस्तित्व की गुत्थी को अंतिम रूप से और हमेशा के लिए सुलझा लिया है, तो उस विचारधारावालों की बाहरवालों के साथ सार्थक बहस नहीं हो सकती। बल्कि विचारधारावालों के लिए असहमति के प्रति सहिष्णुता एक अवसरवादी, समझौतावादी क़दम होगा, कायरता होगी। ऐसी विचारधारा के लोगों के भीतर भी मूल प्रमेय पर बहस नहीं हो सकती। समय में आए बदलाव के अनुरूप केवल विस्तार के ब्योरों पर बहस हो सकती है। किंतु ऐसे ब्योरों पर भी भीतर एक राय बन जाने के बाद बाहर वालों के लिए वह अंतिम हो जाएगी, उससे असहमति के प्रति सहिष्णुता विचारधारा के प्रति बेवफ़ाई हो जाएगी। लिहाज़ा, बाहर वालों के साथ उनकी बहस केवल उन्हें कन्वर्ट करने के लिए या मात्र दिखावे के लिए होगी, बहस से निकले किसी इतर निष्कर्ष को मानने के लिए नहीं। यानी, बहस सार्थक नहीं होगी।

राजनीतिशास्त्र का विद्यार्थी होने के नाते जनतंत्र का दर्शन और इतिहास तथा 'विचारधारा' का दर्शन और इतिहास-दोनों की चाहे-अनचाहे घोटाई करनी पड़ी है (वही रोज़ी-रोटी का सवाल)। अब तो उम्र हो गई लेकिन मेरे मन से एक संशय नहीं गया-क्या जनतंत्र और विचारधारा में सामंजस्य संभव है? लगता तो यही है कि सही अर्थ में नहीं। कारण, जनतंत्र में अंतिम कुछ भी नहीं है, न मूल प्रमेय, न विस्तार के ब्योरे। सब कुछ समय-सापेक्ष है और समय किसी भी विचारधारा के अंदरूनी विकास की गति से ज़्यादा तेज़ी से बदलता है। तो जनतंत्र में (संविधान, जो स्वयं भी खास प्रक्रिया से संशोधन के अधीन है, की सीमा के भीतर) सब कुछ जनता को तय करना है। ट्रायल एंड एरर से। इसीलिए पांच साल की सीमा है। ग़लत हो जाए, तो पांच साल बाद रास्ता बदल देंगे। फिर ग़लत हो जाए, तो फिर बदल देंगे। अंतिम सत्य पर आधारित मूल प्रमेयों से लैश विचारधारा के लिए ट्रायल एंड एरर का कोई मतलब नहीं। पांच साल का भी कोई मतलब नहीं। वह तो मूल प्रमेय के अनुरूप विजय को कन्सॉलिडेट करने या 'लिबरेट' करने के लिए जनतांत्रिक संस्थाओं में हेरफेर शुरू कर देगी। विचारधारा के प्रयोग हो चुके हैं। निरंकुश राजतंत्र असफल हो गया तो सीमित राजतंत्र के प्रयोग हुए जो वस्तुतः जनतंत्र ही है। उसी तरह निरंकुश विचाराधारा तंत्र के भी प्रयोग हुए और असफल हो गए। पुनः जनतंत्र की ओर लौटना पड़ा।

जनतंत्र बहुत उत्तम व्यवस्था नहीं है। किंतु जितनी भी व्यवस्थाएं ज्ञात हैं उन्हें आज़माकर देखने के बाद यह साबित हो गया है कि उन सबसे बेहतर है। जनतंत्र में शांतिपूर्ण सुधार की गुंजाइश हमेशा बनी रहती है। जैसे वर्तमान पूंजी और सत्ता के गठजोड़ को तोड़ने के लिए चुनाव कानूनों में बुनियादी परिवर्तन संभव है। आज के इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के ज़माने में उम्मीदवारों की संख्या सीमित करने जैसे कुछ नियमनों के साथ जनता के (सरकारी) ख़ज़ाने से भी चुनाव कराए जा सकते हैं। जनता का संकल्प हो तो बेहतरी के लिए कोई भी मूलभूत सुधार हो सकता है। किंतु कोई भी सुधार सापेक्ष फल ही देगा। दिव्यान्तर कभी नहीं हो सकता क्योंकि मूल मानव स्वभाव में आमूल परिवर्तन कभी नहीं हो सकता। इसलिए मानव समाज की नियति में दिव्यांतर नहीं है। अस्तु जनतंत्र दिव्यांतर की महत्वाकांक्षा नहीं पालता, न उसका आश्वासन देता है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# देश को लोकतांत्रिक रास्ते पर बनाए रखने वाले प्रेरणा के स्रोत

## आपातकाल दिवस पर प्रभारी मंत्री ने लोकतंत्र सेनानियों व उनके आश्रितों को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर कलेक्ट्रेट में कार्यक्रम आयोजित
- लोकतंत्र सेनानियों के जीवन से प्रेरणा लें युवा: प्रभारी मंत्री

**अमृत विचार :** प्रभारी मंत्री केपी मलिक ने आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर लोकतंत्र सेनानियों व उनके आश्रितों को सम्मानित किया। कहा कि आपातकाल के दौरान जिन लोगों ने अपनी आजादी और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की कीमत पर देश को लोकतांत्रिक रास्ते पर बनाए रखा उनका योगदान अतुलनीय रहा।

बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रभारी मंत्री केपी मलिक की अध्यक्षता में आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर आपातकाल दिवस मनाया गया। प्रभारी मंत्री , शिक्षक विधायक डॉ ढिल्लों व अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने भारत माता के



लोकतंत्र सेनानियों के आश्रितों को सम्मानित करते अतिथि। ● अमृत विचार

चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले लोकतंत्र सेनानियों व उनके आश्रितों को सम्मानित किया गया। प्रभारी मंत्री ने कहा कि आपातकाल भारतीय लोकतंत्र का एक ऐसा अध्याय है जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। उस दौर में जिन लोगों ने अपने प्राणों की बाजी लगाकर लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा की वे वास्तव में हमारे समाज के प्रेरणा स्रोत हैं।

उन्होंने लोकतंत्र सेनानियों के साहस और बलिदान को नमन करते हुए कहा कि युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में सबका साथ सबका विकास के साथ हम कार्य कर रहे हैं। शिक्षक विधायक हरि सिंह ढिल्लो ने कहा कि आपातकाल में 1 लाख 11 हजार लोगों को जेल में डाला गया। 83 लाख की नसबंदी की गई। विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने कहा की 1975 में कांग्रेस सरकार द्वारा उत्पीड़न का जो बोल वाला था उसके दृष्टिगत आपातकाल सबसे बड़ा उदाहरण है। बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व अन्य लोग उपस्थित रहे।

## एक नजर

### श्रीमद् भागवत कथा का ब्लॉक प्रमुख ने किया आरंभ

**हसनपुर,अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव सूबरा में ग्रामीणों के द्वारा सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन कराया जा रहा है जिसका आरंभ मंगलवार की देर रात गंगेश्वरी ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र सिंह खड़गवंशी ने व्यास पीठ का विधि विधान से पूजन कर किया गया। क्षेत्र पंचायत सदस्य मानसिंह राणा दौली सिंह, महिपाल सिंह, भोला सिंह, वीरपाल सिंह डीलर, मंगलसेन मास्टर, रोहतास, जबर सिंह, विजयपाल सिंह, डॉक्टर रामौतार ,रामचंद्र मास्टर, उपदेश, मुंशी, रामगोपाल, प्रसादी सहित समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।

### आपातकाल दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** नगरपालिका सभागार मे आपातकाल दिवस के 50 वर्ष पूरे होने पर कार्यक्रम में पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार वर्मा, राजू बादशाह दुलीचंद गिहार, सहित समस्त सभासद आदि मौजूद रहें। उधर ब्लॉक सभागार में कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी नरेंद्र पाल सिंह व अन्य रहे।

## काला दिवस मना कर लोकतंत्र सेनानियों को किया नमन

**हसनपुर, अमृत विचार :** भाजपा कार्यकर्ताओं ने आपातकाल को काला दिवस के रूप में मनाते हुए कांग्रेस को घेरा और लोकतंत्र सेनानियों को नमन करते हुए हस्ताक्षर कार्यक्रम चलाया।

बुधवार को आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने काला दिवस मनाया। विकासखंड कार्यालय के सभागार में एक कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने कहा कि 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में इमरजेंसी लागू की थी, जो सभी विपक्षी नेताओं के लिए दुर्भाग्यपूर्ण था। मुख्य अतिथि विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी, ब्लॉक प्रमुख ममता गुर्जर, एसडीएम पुष्कर नाथ चौधरी, खंड विकास अधिकारी अश्वनी कुमार, अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह, मयंक अग्रवाल, कल्याण सिंह, देवेंद्र खड़गवंशी, संजय शर्मा, हेमराज सैनी, भोज राम, भोला सिंह, देवकीनंदन आदि लोग मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### एसपी ने नई रिजर्व पुलिस लाइन का किया निरीक्षण



**अमरोहा, अमृत विचार :** एसपी अमित कुमार आनंद ने निर्माणाधीन नई रिजर्व पुलिस लाइन अमरोहा का निरीक्षण कर कार्य की गुणवत्ता का जायजा लिया। मानक के अनुसार एवं समयबद्ध निर्माण कार्य प्रचलित करने हेतु संबन्धित को दिशा–निर्देश दिये गये। कहा कि जल्द जल्द से निर्माण कार्य पूरा हो जाना चाहिए।

### समस्याओं को लेकर सांसद से मिले किसान नेता



**अमरोहा, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन (शंकर) के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर से मुलाकात की। किसान समस्याओं व जनपद के विकास को लेकर एक मांगपत्र उन्हें सौंपा। बुधवार को भाकियू शंकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह ने कहा कि अमरोहा जिला बने 28 वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक जिला सहकारी बैंक बोर्ड का गठन नहीं हो पाया है। जिला सहकारी बैंक लिमिटेड मुरादाबाद ही जनपद अमरोहा के कार्यों को अतिरिक्त रूप में देख रही है। अमरोहा में जिला सहकारी बैंक की 15 शाखाएं हैं, जिनमे करीब 438 करोड़ रुपये की रकम जमा है, इसके अतिरिक्त 46 सहकारी समितियां हैं, जिनमे 50078 सक्रिय सदस्य हैं। समिति सदस्यों ने करीब 484 करोड़ रुपये ऋण ले रखा है। वसूली में अमरोहा का प्रदेश में द्वितीय स्थान रहा है। इस दौरान चौधरी नेमपाल सिंह (जिलाध्यक्ष), चौधरी धर्मवीर सिंह,विक्रम पंवार, प्रिंसिपल सत्यवीर सिंह,मोनू चौधरी,मास्टर जगत चौहान,शेर सिंह राणा,प्रधान हरि सिंह सैनी,प्रधान महिपाल सिंह,,फकीरा सैनी,गुड्डू सैनी अदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### किसानों ने बिजली अधिकारियों का किया घेराव



**हसनपुर, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन ने बिजली विभाग के एसडीओ एवं जेई का घेराव कर प्रदर्शन किया। ब्लॉक अध्यक्ष काले सिंह ने कहा कि किसानों को शेड्यूल के मुताबिक बिजली नहीं दी जा रही है । एसडीओ एवं जेई भी किसानों के धरने में पहुंचे तो घेराव कर लिया। बिजली अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि समस्याओं का जल्द समाधान किया जायेगा। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन करने को बाध्य होंगे। आधार कार्ड संशोधन में अवैध उगाही के अलावा बैंकों पर किसानों को परेशान करने का आरोप लगाया। बाद में एसडीएम पुष्कर नाथ चौधरी को ज्ञापन दिया। महावीर सिंह चौहान, सीता आर्य, गंगाराम आर्य, संजीव बालियान, नरेश कुमार, महेंद्र सिंह . राजेंद्र आदि मौजूद रहे।

## संविधान हत्या दिवस कार्यक्रम का आयोजन

संवाददाता, गजरौला

- लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित किया गया

**अमृत विचार :** संविधान हत्या दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चंद्रमोहन, जनपद के प्रभारी मंत्री केपी मलिक ने विधायकों एवं अतिथियों के संग भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डा. श्याम प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित किया।

लोकतंत्र सेनानी शीतल प्रसाद अग्रवाल एवं अमरोहा से आए विनोद कांत जैन को शॉल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी, सांसद कंवर सिंह तंवर, मंडी धनौरा के विधायक राजीव तरारा, हसनपुर के विधायक महेंद्र सिंह खड़कवंशी ,पूर्व विधायक हरपाल सिंह, हसनपुर के चेयरमैन राजपाल सैनी, मंडी धनौरा के पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, ब्लाक प्रमुख मीनाक्षी चौधरी, हसनपुर की ब्लाक प्रमुख ममता गूर्जर, अमरोहा के ब्लाक प्रमुख गुरेंद्र सिंह ढिल्लो आदि मौजूद रहे।

## आपातकाल को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया

**हसनपुर, अमृत विचार :** आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर काला दिवस मनाते हुए हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र सिंह खड़गवंशी, ब्लॉक के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने हस्ताक्षर किए । खंड विकास अधिकारी अश्वनी कुमार सिंहएपीओ मनरेगा सौरभ चौधरी, प्रधान संघ अध्यक्ष पप्पू सिंह,दुधा सिंह,विजेंद्र,अकाउंटेड संजय कुमार वर्मा, नवल किशोर, ओमवीर सिंह, अरविंद कुमार, राजीव कुमार, मनोज कुमार, अफसर हसन, नवाब, छोटे, सतपाल सिंह, समीर, राशिद आलम, बलराम कुमार,महेंद्र सिंह बादशाह ,अनीश, राजवीर सिंह, चिरंजीत सिंह, अरशद अली सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## स्नातक में पंजीकरण की अंतिम तिथि 7 जुलाई

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

- जेएस हिन्दू कॉलेज पहुंचे कुलपति ने प्रवेश प्रक्रिया, कक्षाओं के संचालन के बारे में बताया

**अमृत विचार :** गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद के कुलपति प्रो. सचिन माहेश्वरी ने जे.एस. हिन्दू पी.जी.कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया, कक्षाओं का संचालन एवं विश्वविद्यालय से सम्बन्धित अन्य महत्वपूर्ण विषयों के बारे में जानकारी दी। कहा कि स्नातक में प्रवेश हेतु पंजीकरण की अन्तिम तारीख 7 जुलाई है।



कुलपति प्रो . सचिन माहेश्वरी का स्वागत करते प्राचार्य वीर वीरेंद्र सिंह।

बुधवार को जे.एस. हिन्दू पीजी. कॉलेज पहुंचे कुलपति प्रोफेसर सचिन माहेश्वरी का प्राचार्य प्रोफेसर वीर वीरेंद्र सिंह ने कुलपति का स्वागत किया। कुलपति ने प्रेस वार्ता में कहा कि विश्वविद्यालय रोजगार परक, समाज उपयोगी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। हम परंपरागत कोर्सों के साथ-साथ नए पाठ्यक्रम भी तैयार करेंगे। स्नातक में प्रवेश हेतु पंजीकरण की अन्तिम बिना अतिरिक्त शुल्क के 7 जुलाई तक विस्तारित की गई है। कहा कि 25 जुलाई को प्रवेश उपरांत नवप्रवेशित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के विजन के संबंध में अवगत कराएंगे। 24 जुलाई तक प्रवेश पूर्ण कर 26 जुलाई से नियमित कक्षाएं संचालित होगी। बताया कि समर्थ पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण में उत्तर प्रदेश के विश्वविद्यालयों में गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद की भूमिका अग्रणी है। कहा कि परास्नातक कक्षाओं की प्रवेश प्रक्रिया भी शीघ्र प्रारंभ होगी। सम्बद्ध महाविद्यालयों के साथ विश्वविद्यालय परिसर में भी पीजी कक्षाओं का संचालन इसी सत्र से किया जायेगा।

## कांवड़ यात्रा: एडीजी ने हाईवे का किया निरीक्षण

**गजरौला, अमृत विचार:** कांवड़ यात्रा 11 जुलाई से शुरू हो रही है। बुधवार को एडीजी रमित शर्मा व अन्य अधिकारियों ने मुरादाबाद से ब्रजघाट तक नेशनल हाईवे का जायजा लिया। इस दौरान रूट डायवर्जन, यातायात नियंत्रण, कानून-व्यवस्था, पुलिस प्रबंधन एवं जनसुविधा संबंधी व्यवस्थाओं की समीक्षा भी की गई।

एडीजी ने संवेदनशील स्थलों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम, मेडिकल सुविधा, शुद्ध पेयजल, अस्थाई शौचालय एवं विश्राम स्थलों की स्थापना हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कहा कि



नेशनल हाईवे पर निरीक्षण करते एडीजी रमित शर्मा। ● अमृत विचार

कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा, सुगम आवागमन एवं आमजन को न्यूनतम असुविधा सुनिश्चित करना प्राथमिकता होगी। एसपी अमित कुमार आनन्द ने कहा कि सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध रूप से पूर्ण कर ली जाएंगी। सीओ श्वेताभ भास्कर, प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान व अन्य मौजूद रहे।

## चार घरों से लाखों की नकदी, आभूषण चोरी

**हसनपुर,अमृत विचार :** चार घरों में चोर लाखों की नकदी जेवरात सहित अन्य सामान ले गए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। सैदनगली थाना क्षेत्र के गांव ईसापुर शर्की में जवेंद्र पुत्र जसराज मंगलवार की रात परिवार के साथ सो रहे थे। रात में किसी समय चोर कूमल लगाकर घर में घुस गए। भैंस बेचकर ली एक लाख दस हजार की नगदी एवं गहनों समेत करीब 7 लाख के माल पर हाथ साफ कर दिया। गांव के ही बीरबल पुत्र हरलाल के घर से 1500 रुपए,कपड़े, पप्पू पुत्र लखपत के घर से एक मंगलसूत्र और कपड़े आदि चोरी कर लिए। इसके बाद जयपाल पुत्र बड्डन के घर पर कूमल लगा रहे थे शोर मचाने पर चोर फरार हो गए। सैद नगली थाना पुलिस ने ग्रामीणों के साथ कांबिंग करते हुए चोरों का पता लगाने का प्रयास किया।

## ब्रजघाट व तिगरी में श्रद्धालुओं ने किया गंगा स्नान

संवाददाता गजरौला

- आषाढ़ अमावस्या पर गंगा में स्ना के लिए उमड़े श्रद्धालु

**अमृत विचार:** आषाढ़ अमावस्या पर हजारों श्रद्धालुओं ने बृजघाट व तिगरी गंगा धाम स्थित गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। श्रद्धालुओं ने मां गंगा से अपने परिवार और समाज में सुख शांति एवं समृद्धि की कामना की।

बुधवार को आषाढ़ अमावस्या पर तड़के से ही स्नान शुरू हो गया था। सुबह आठ बजते-बजते बृजघाट व तिगरी गंगा घाट पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की



बृजघाट गंगा में डुबकी लगाते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

भीड़ जुट गई थी। श्रद्धालुओं ने हर-हर गंगे के उद्घोष के संग गंगा स्नान किया। दोनों स्थानों पर आसपास के जनपद जैसे रामपुर, मुरादाबाद, संभल, बिजनौर, मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर आदि जिलों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने भी गंगा स्नान किया। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पुलिस मुस्तैद रही। पंडित दयानंद शर्मा ने बताया कि इस दिन स्नान करने से श्रद्धालुओं के जीवन में उल्लास, उनके घरों में सुख व समृद्धि आती है।

# प्रदेश

## भू-माफिया बृजेश की दिल का दौरा पड़ने से जेल में मौत

**बस्ती, एजेंसी**

बस्ती जिला जेल में बंद कुख्यात भू-माफिया बृजेश अवस्थी की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार अवस्थी पर जमीन हड़पने, धोखाधड़ी और धमकी देने समेत 43 से अधिक गंभीर आपराधिक मामले दर्ज थे।

अधिकारियों ने बताया कि बुधवार तड़के अवस्थी को सीने में तेज दर्द और पसीना आने की शिकायत हुई, जिसके बाद जेल अस्पताल में आधे घंटे के शुरुआती इलाज के बाद चिकित्सकों ने उसे तत्काल अस्पताल भेजने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि सुबह करीब सात बजे अवस्थी को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान करीब साढ़े दस बजे उसकी मौत हो गई।

जेल अधिकारी के अनुसार, अवस्थी को उनके दो सहयोगियों अनिल सिंह और राकेश त्रिपाठी से अलग करने के प्रशासनिक निर्णय के तहत 15 दिसंबर, 2024 को गोंडा से बस्ती जेल में स्थानांतरित किया गया था। उन्होंने बताया कि अवस्थी को बस्ती, सिंह को बहराइच और त्रिपाठी को बलरामपुर जेल में भेज दिया गया।

## 62 जिलों में आधुनिक कृषि यंत्रों से रफ्तार भरेंगे प्रदेश के किसान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 450 अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी वाले कंबाइन हार्वेस्टर से बदलेंगे हालात

**अमृत विचार:** प्रदेश के 62 जिलों में आधुनिक कृषि यंत्रों से प्रदेश के किसान रफ्तार भरेंगे। 450 अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी वाले कंबाइन हार्वेस्टर से हालात बदलेंगे।

शासन के अधिकारियों के अनुसार आधुनिक यंत्रों से न केवल किसानों को फसल कटाई में होने वाली अतिरिक्त मेहनत से राहत मिलेगी, बल्कि फसलों की क्षति भी काफी हद तक कम होगी। राज्य सरकार का उद्देश्य पारंपरिक खेती को आधुनिक संसाधनों से जोड़ते हुए किसानों को विज्ञान व तकनीक आधारित कृषि पद्धति अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। कंबाइन हार्वेस्टर जैसी मशीनें एक साथ कटाई, थ्रेशिंग और साफ-सफाई का काम करती हैं, जिससे न केवल समय की बचत होती है बल्कि उपज की गुणवत्ता और मात्रा में भी बढ़ोतरी होती है।

इस योजना में महिलाओं की भागीदारी भी उल्लेखनीय है। राज्य के 15 जिलों में 26 महिला किसानों ने कंबाइन हार्वेस्टर जैसे आधुनिक यंत्रों की कमान संभाली है। यह महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। महिलाएं अब न केवल खेती कर रही हैं, बल्कि मशीनों के संचालन और प्रबंधन में भी दक्षता दिखा रही हैं।

### महिला किसानों की भागीदारी वाले जिले

सिद्धार्थनगर, अमेठी, बस्ती, चित्रकूट, गोरखपुर, झांसी, कन्नौज, कानपुर नगर, कानपुर देहात, महाराजगंज, पीलीभीत, रामपुर, संत कबीर नगर, शाहजहांपुर और उन्नाव।

## बाराबंकी में करंट से मां-बेटी की मौत

**बाराबंकी,एजेंसी:** जिले में बुधवार दोपहर लोहे के तार से कपड़े उतारते समय करंट लगने से मां-बेटी की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि असंद्रा कस्बे के पट्टी सैयद मोहल्ला निवासी अली हैदर की 24 वर्षीया बेटी चमन जहरा दोपहर के समय हल्की बूंदाबांदी के बाद छत पर सुखाए गए कपड़े उतारने गई थी। पुलिस के मुताबिक, कपड़े जिस लोहे के तार पर पड़े हुए थे, उसमें करंट आ रहा था ।

बेटी की चीख सुनकर उसकी मां कनीज फातिमा (45) छत पर पहुंचीं और बेटी को बचाने का प्रयास करने लगी। एक अधिकारी ने बताया कि इस दौरान फातिमा भी करंट की चपेट में आ गईं।

## प्रबंधन के बयान से बिजली कर्मियों में नाराजगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बिजली कर्मियों ने कहा, वे डरने वाले नहीं

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन के जेल का विकल्प देने के बयान से बिजली कर्मियों में उबाल आ गया है। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश ने कहा कि बिजली कर्मी डरने वाले नहीं हैं। निजीकरण के लिए टेंडर होते ही बिजली कर्मी जेल भरो अभियान शुरू कर देंगे।

संघर्ष समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने आरोप लगाते हुए कहा कि कॉरपोरेशन के अध्यक्ष ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बिजली कर्मियों को धमकी देते हुए जेल का विकल्प पत्र भरने की बात कही है। सभी प्रबंध निदेशकों और उच्च अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि दो दिन में कर्मियों से जेल जाने का विकल्प ले लिया जाय। उन्होंने कहा कि इस बयान ने 50 साल बाद एक बार फिर आपातकाल की याद ताजा कर दी है। इस बीच, आपातकाल के 50वें वर्ष पर प्रदेश के सभी जिलों व परियोजनाओं पर बिजली कर्मियों ने विरोध सभा कर संकल्प व्यक्त किया और अन्याय, दमन और सार्वजनिक संपत्ति की कथित लूट के विरोध में सामूहिक जेल भरो आंदोलन का संकल्प लिया।

## कांग्रेस तानाशाह,सपा के पीडीए में धोखा : डिप्टी सीएम

- पत्रकार वार्ता में बोले डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य
- पुलिस लाइन में पौधरोपित कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**प्रतापगढ़ अमृत विचार :** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने हेलीकॉप्टर से बुधवार सुबह पुलिस लाइन पहुंचे, मार्च पास्ट की सलामी ली। इसके बाद ''एक पेड़ माँ के नाम'' से आम का पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

इसके बाद पत्रकारों से रूबरू हुए। कहा कि आज से 50 वर्ष पूर्व कांग्रेस ने संविधान की हत्या की। 25 जून 1975 की आधी रात तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आंतरिक अशांति का बहाना बनाकर भारत पर आपात काल थोप दिया। यह निर्णय किसी युद्ध व विद्रोह के कारण नहीं,बल्कि सत्ता बचाने की हताशा में लिया गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक तानाशाह पार्टी है। उसकी वास्तविकता सामंतवादी की है। यह लोकतंत्र में विश्वास न रखने वाली पार्टी है। कहा कि भाजपा के शीर्ष नेताओं को आपातकाल का विरोध करने पर जेल जाना पड़ा। कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव पर भी सीधा हमला किया। कहा कि आपात काल के समय असली समाजवादी नेता लोकतंत्र को बचाने के लिए जेल गए थे। लेकिन आज के नकली समाजवादी अखिलेश एंड कंपनी उसकी कांग्रेस की गोद में बैठे हैं। जिसने आपातकाल लगाया था। उन्होंने कहा कि अगर, असली समाजवादी होते तो कांग्रेस के साथ समझौता न करते। सपा के पीडीए में धोखा है। इसलिए देश की जनता कांग्रेस मुक्त भारत बनाएगी और प्रदेश की जनता समाजवादी पार्टी को समाप्तवादी पार्टी बनाएगी। इसके बाद 50वें आपातकाल दिवस पर तुलसीसदन हादीहाल में आयोजित कार्यक्रम में चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन कर अवलोकन भी किया। उन्होंने 19 लोकतंत्र सेनानियों व उनके आश्रितों को सम्मानित कर सम्मान पत्र प्रदान किया। विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, पूर्व सांसद संगम लाल गुप्ता, पूर्व विधायक धीरज ओझा, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भाजपा अमरनाथ यादव ने विचार रखा। इस दौरान विधायक जीत लाल पटेल, जिला प्रभारी कौशलेन्द्र सिंह पटेल,नपा अध्यक्ष प्रेमलता सिंह,पूर्व मंत्री प्रो.शिवाकांत ओझा,पूर्व विधायक धीरज ओझा, वरिष्ठ भाजपा नेता राजा अनिल प्रताप सिंह और प्रभारी राघवेन्द्र शुक्ल आदि रहे।

## रुचि वीरा को मिली आंशिक राहत

**विधि संवाददाता,प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मुरादाबाद से सपा सांसद रुचि वीरा को राहत देते हुए मुरादाबाद की एसीजेएम कोर्ट से जारी समन आदेश और कोर्ट ने उनके खिलाफ अगले आदेश तक किसी भी तरह की दंडात्मक कार्रवाई पर भी रोक लगा दी है। इसके साथ ही उनके साथ याची उमाकांत गुप्ता को भी अंतरिम राहत मिल गई है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति समित गोपाल की एकलपीठ ने सपा सांसद और उमाकांत द्वारा एसीजेएम कोर्ट से जारी समन आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया।

## राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड संभालेगा प्रदेश में दूध ,पशु आहार की व्यवस्था

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में अब दूध और पशु आहार की व्यवस्थाएं राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की देखरेख में होंगी। कानपुर, गोरखपुर, कन्नौज के डेयरी प्लांट और अम्बेडकरनगर की पशु आहार निर्माणशाला का संचालन एनडीडीबी (राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड) को सौंपा गया है। किसानों की आय बढ़ाने और पशुपालन को सशक्त बनाने के लिए राज्य सरकार और एनडीडीबी के बीच समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान हुआ।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में बुधवार को डेयरी सेक्टर में क्रांतिकारी पहल करते हुए राज्य के 4 प्रमुख इकाइयों की कमान एनडीडीबी को सौंपी गई।

### देश का अग्रणी दुग्ध उत्पादक राज्य बन सकता है उप्र.: योगी आदित्यनाथ

योगी आदित्यनाथ ने इस मौके पर कहा कि एनडीडीबी जैसे दक्ष एवं अनुभवी संस्थान को संचालन सौंपे जाने से इन इकाइयों में तकनीकी कुशलता, व्यावसायिक पारदर्शिता और किसानों को प्रत्यक्ष लाभ सुनिश्चित होगा। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि प्रदेश की पशुधन संपदा और दुग्ध उत्पादन की विशाल क्षमता को यदि नियोजित और वैज्ञानिक तरीके से विकसित किया जाए, तो उत्तर प्रदेश न केवल देश का अग्रणी दुग्ध उत्पादक राज्य बन सकता है, बल्कि वैश्विक डेयरी मानचित्र पर भी अपनी अलग पहचान स्थापित कर सकता है। एनडीडीबी के साथ यह एमओयू उसी दिशा में एक ठोस, दूरदर्शी और व्यवहारिक कदम है।

## जमीन पर दो पक्षों का दावा, पहुंचे एसडीएम

**बहजोई,अमृत विचार :** दि बहजोई एजुकेशनल डेवलपमेंट ट्रस्ट द्वारा छोटा मैदान पर कब्जे करने की शिकायत पर एसडीएम चंदौसी मौके पर पहुंच गए। ट्रस्ट ने अपनी भूमि पर अतिक्रमण होने का दावा किया। दूसरे पक्ष के लोग भी पहुंचे। दि बहजोई एजुकेशनल डेवलपमेंट ट्रस्ट के मंत्री अजय तंबाकू ने डीएम से शिकायत कर कहा था कि छोटा फील्ड के नाम से ट्रस्ट की लगभग 13 बीघा भूमि है। तीन बीघा भूमि पर दूसरे पक्ष ने अतिक्रमण कर रखा है। बुधवार को एसडीएम विनय कुमार मिश्रा पुलिस बल के साथ पहुंच गए। ट्रस्ट के पदाधिकारी ने कागजात दिखाए। दूसरे पक्ष के अजीम सहित अन्य लोग भी पहुंच गए। उन्होंने इसे अपनी दादालाई भूमि बताया। एसडीएम ने बताया कि दोनों पक्षों को कागजात के साथ बुलाया गया है। कागज देखने के बाद ही आगे का निर्णय लिया जाएगा।

## उपचार के दौरान प्रसूता की मौत, ओटी सील

**हसनपुर,अमृत विचार :** गांव गुलामपुर निवासी अमित ने अपनी पत्नी रोमिका को प्रसव प्रीड़ा होने पर रविवार को एक अस्पताल में भर्ती कराया। रोमिका ने एक बेटी को जन्म दिया लेकिन हालत बिगड़ गई। अस्पताल के संचालक ने महिला को मेरठ में भर्ती करा दिया था। बुधवार की सुबह रोमिका की मौत हो गई। नोडल अधिकारी शरद कुमार ने अस्पताल के ओटी को सील कर दिया। बताया कि संचालक से ऑपरेशन करने वाले चिकित्सक के अभिलेख मांगे गये है। कोतवाल वरुण कुमार ने बताया पुलिस मौके पर पहुंची थी। लेकिन वहां उन्हें कुछ नहीं मिला।

## उधार की रकम मांगने पर महिला पर हमला

**आदमपुर,अमृत विचार :** आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव रुपानागल निवासी सावित्री पत्नी महिपाल सिंह ने पुलिस को तहरीर दी कि गांव निवासी युवक ने कुछ महीने पहले उधार करके 15 हजार रुपये लिए थे। महिला ने युवक के खेत में खड़ी मेंथा की फसल को मजदूरी पर काटा था। मजदूरी की रकम युवक से वापस मांगने उसके घर मंगलवार की शाम को गई तो युवक ने अपने परिवार के लोगों के साथ गाली गलौज कर चाकू से हमला कर दिया। ईंट पत्थरों से मारकर घायल कर दिया।

## पंखे का तार लगाते समय करंट से झुलसी बच्ची

**गजरौला,अमृत विचार :** गांव आलमपुर में बच्ची चांदनी बुधवार की सुबह पंखे का तार लगा रही थी। वह करंट से झुलस गई। परिवार वालों ने सीएचसी में भर्ती कराया। चिकित्सक ने उसकी हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया।

## भावनाओं को आहत करने के दो आरोपी गिरफ्तार

**मंडी धनौरा,अमृत विचार :** बछरायूं थाना क्षेत्र के मुंडा खेड़ा खादर गांव के बिलाल और रिजवान ने सोशल मीडिया पर धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाली टिप्पणी की। बछरायूं थाना पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर लिया। सीओ श्वेताभ भास्कर ने बताया कि धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## घर के बाहर खड़ी ई रिक्शा चोरी

**हसनपुर,अमृत विचार :** नगर के मौहल्ला होली वाला हिरण वाला निवासी जीशान पुत्र कलुआ ने ई रिक्शा मंगलवार की रात्रि घर के बाहर खड़ी कर दी जो देर रात्रि चोरी हो गई। पीड़ित ने पुलिस को अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देकर ई रिक्शा बरामद करने की मांग की। पीड़ित का कहना है कि घर के पास लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरी की घटना कैद हो गई है। कस्बा इंचार्ज संदीप पवार द्वारा बताया कि कार्रवाई की जाएगी।

# डेढ़ करोड़ के लिए की थी दोस्त की हत्या

## हरियाणा पुलिस ने दो आरोपियों की निशानदेही पर खुदाई कर निकाला कंकाल

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- आरोपियों ने थाना बनियाठेर के गांव खेड़ाखास में सड़क किनारे दबा दिया था शव

**अमृत विचार:** दोस्त ने डेढ़ करोड़ रुपये के लालच में अपने 5 साथियों के साथ मिलकर हरियाणा के युवक की हत्या कर शव जमीन में दबा दिया। बुधवार को हरियाणा के थाना सांपला की पुलिस दो आरोपियों को साथ लेकर पहुंची और 3 चिकित्सकों के पैनल की टीम व मजिस्ट्रेट के सामने खोदाई कर शव को निकाला। मौके से युवक की खोपड़ी व पसली का कंकाल निकला जिसे पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।


आरोपियों को लेकर मौके पर पहुंची पुलिस। ● अमृत विचार

हरियाणा के थाना सांपला के गांव भैसरु निवासी योगेश पुत्र सतीश ने थाने में तहरीर दी थी कि उसके भाई अजय (27) ने दीपांशु पुत्र नरेश निवासी गांव वैयापुर से जमीन का बयाना लिया था। इसके बाद अजय 3 अप्रैल को अपनी कार से सांपला आया था। इसके बाद अजय की गाड़ी व मोबाइल गांव के जलघर के पास मिली। काफी तलाश के बाद अजय का कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली। पुलिस को सीसीटीवी फुटेज में जलघर के पास कुछ लोग अजय की गाड़ी छोड़कर जाते दिखाई दिए। पुलिस उनकी तलाश में जुट गई। पुलिस ने जांच के बाद मुरादाबाद के थाना बिलारी के गांव पहाड़पुर निवासी सुमित चौधरी व भूपेंद्र उर्फ बुद्धा सहित 6 लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की। बुधवार को थाना सांपला पुलिस दो आरोपियों को लेकर थाना बनियाठेर पहुंची। इसके बाद 3 चिकित्सकों की टीम, तहसील अधिकारियों व स्थानीय पुलिस के साथ संभल मार्ग पर गांव खेड़ाखास पहुंची। यहां आरोपियों के बताने पर खेड़ा खास और सराय सिंकदर के बीच सड़क किनारे खंदी में 4 फिट खुदाई के बाद अजय की खोपड़ी व पसली का कंकाल मिला। आरोपियों ने बताया कि उन्होंने अजय के सिर में गोली मारकर हत्या की थी। पुलिस ने कंकाल को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। उक्त घटना के पीछे बताया जा रहा है कि 3 अप्रैल को अजय ने अपनी जमीन बेच दी थी और उसके पास डेढ़ करोड़ रुपये थे। जिसके लालच में अजय के दोस्त ने अपने 5 साथियों के साथ मिलकर उसकी हत्या कर दी।

# बारिश के बाद उमस से लोग हो गए बेहाल

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी

**अमृत विचार :** संभल सहित आसपास बुधवार को दोपहर में मौसम का मिजाज बदलने पर बारिश हुई लेकिन कुछ ही देर राहत मिली। बारिश रुक जाने पर उमस बढ़ने पर लोग दिक्कतों से जूझने लगे।


संभल के गांव में बरसात के बाद मस्ती करते बच्चे। ● अमृत विचार

बुधवार को सुबह से ही आसमान में काले बादल छाए हुए थे। लोगों ने सोचा कि झमाझम बारिश होने पर राहत मिल जाएगी। समय बढ़ा तो गर्मी तेवर दिखाने लगी। दोपहर के वक्त तो जनजीवन अस्त व्यस्त नजर आया। इस बीच मौसम का मिजाज फिर से बदल गया। दोपहर करीब 3.30 बजे से बारिश शुरू हो गई। कुछ ही देर में बारिश रुक गई तो राहत भी समाप्त हो गई। बारिश रुकने के बाद तो उमस और बढ़ गई। लोग दिक्कतों से जूझने लगे।

## दिन भर रुक रुककर होती रही बारिश

**अमरोहा,अमृत विचार:** जिले में कई दिन से मानसून बन रहा है। बुधवार को सुबह से लेकर दोपहर बाद तक रूक रूककर बूंदबांदी होती रही। जिससे भीषण गर्मी से लोगां को निजात मिल सकी। फसल के लिए बारिश संजीवनी साबित हुई है। तापतान भी लूढककर 32 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। किसानों का कहना है कि अभी और बारिश होनी चाहिए जिससे धान की फसल अच्छी होगी। वहीं बारिश से तापमान भी गिर गया।

## सार संक्षेप

### पांचवें दिन पूरी तरह ध्वस्त कर दी गई मस्जिद



चन्दौसी, अमृत विचार : लक्ष्मण गंज में नगर पालिका की भूमि पर बनी मस्जिद को प्रशासन ने पांचवें दिन जेसीबी से पूरी तरह ध्वस्त करा दिया। मस्जिद के पास ही बनी 4 दुकानें खाली करा ली गई हैं। जबकि 34 मकानों को खाली करने के लिए 15 दिन का समय दिया हुआ है। लक्ष्मण गंज में नगर पालिका की भूमि पर एक मस्जिद व 34 मकान अवैध रूप से बना लिए गए। प्रशासन के आदेश पर मस्जिद झहाई जा रही थी। बुधवार को पांचवें दिन जेसीबी से पूरी मस्जिद को ध्वस्त कर दिया। अब मस्जिद का मलबा हटाने का कार्य किया जा रहा था। मस्जिद के पास बनी 4 दुकानों को भी ध्वस्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

### एसडीएम ने कई सालों से बंद नाले की सफाई करवाई

**चन्दौसी,अमृत विचार :** रामबाग रोड के पास नाला बंद करने की शिकायत पर एसडीएम ने राजस्व विभाग की टीम के साथ निरीक्षण किया। इसके बाद नाले की सफाई कराई। एसडीएम ने आसपास क्षेत्र का भी निरीक्षण किया। रामबाग रोड के पास आदमपुर जाने वाले मार्ग पर कई वर्षों से बंद नाले की शिकायत कुछ लोगों ने एसडीएम विनय कुमार मिश्रा से की थी। बुधवार दोपहर एसडीएम राजस्व विभाग व नगर पालिका की टीम के साथ रामबाग रोड स्थित गांव कैथल वाले मार्ग पर जा पहुंचे। एसडीएम ने नगर पालिका के ईओ व लेखपाल के साथ नाले का निरीक्षण किया। इसके बाद जेसीबी से सफाई कराई गई। एसडीएम ने कहा कि नाले को कोई बंद नहीं कर सकता है।

### जन्मदिन पर जागरुकता के लिए किया पौधरोपण

**चन्दौसी, अमृत विचार :** आराध्या चौधरी ने अपने 10वें जन्मदिन पर साथी बच्चों के साथ पौधरोपण किया। आराध्या ने बताया कि वह प्रत्येक वर्ष अपने जन्मदिन पर जन्मदिन की संख्या के हिसाब से पौधरोपण करती है, और पूरे वर्ष उनको पानी व देखभाल करती है। 1 पेड़ 21 लोगों को आक्सीजन प्रदान करता है और पर्यावरण को शुद्ध रखने में अपनी भूमिका का निवार्हन करता है। हम सभी को ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण कर उनकी देखभाल करनी चाहिए।



### बैलगाड़ी से भिड़ी स्कॉर्पियो, चार घायल, एक गंभीर

**हसनपुर, अमृत विचार :** रझौंहा निवासी हरिओम सिंह, पत्नी सुगंध व बेटी शीला के साथ बैलगाड़ी से चारा लेने खेत पर जा रहा था। अमरोहा मार्ग पर पुलिस चौकी के नजदीक सामने से आ रही स्कार्पियो ने टक्कर मार दी। हादसे में हरिओम, सुगंध व बेटी शीला घायल हो गए। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। नाजुक हालत देख हरिओम को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। स्कॉर्पियो को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया है। प्रभारी निरीक्षक वरुण कुमार ने बताया कि तहरीर नहीं मिली है।

### दंपती ने लगाया फंदा, पत्नी की मौत, पति गंभीर

बिजनौर, अमृत विचार :जनपद बिजनौर के रांडोवाला गांव में मंगलवार रात घरेलू विवाद के चलते एक दंपती ने फंदा लगा लिया। पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पति को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोतवाली देहात क्षेत्र के रांडोवाला गांव निवासी शुभम और उसकी पत्नी त्रिवेणी में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इस कदर बढ़ गया कि दोनों ने खुद को एक कमरे में बंद कर लिया और फंदा लगा लिया। परिजनों को शक हुआ और दरवाजा तोड़ा गया, तब तक त्रिवेणी की सांसें थम चुकी थीं। शुभम को फंदे से उतारकर निजी अस्पताल लाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर है। दोनों के एक चार साल का बेटा और डेढ़ साल की बेटी है।

### सीओ -एसडीएम ने नगीना में की पैदल गश्त



**नगीना, अमृत विचार :** आगामी त्योहारों को लेकर लेकर सुरक्षा का एहसास कराने के लिए पुलिस क्षेत्राधिकारी अंज़नी चतुर्वेदी व एसडीएम आशुतोष जैसवाल ने नगीना के मुख्य मार्गो व बाजारों में पैदल गश्त कर पुलिस की सजगता का परिचय दिया।


# कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, मुरादाबाद

पत्रांक: एस.एस.ए./प्रशिक्षण/20259-66 **प्रेस विज्ञप्ति** दिनांक: 25.06.2025

राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय के पत्रांक गुण.वि./ए.आर.पी./9333/2024-25 दिनांक 15.01.2025 शासनादेश संख्या-68-5099/143/2024 बेसिक शिक्षा अनुभाग-5 दिनांक 10 अक्टूबर 2024 एवं शासनादेश संख्या-902/68-5-2019 बेसिक शिक्षा अनुभाग-5 दिनांक 22 अक्टूबर 2019 के अनुक्रम में समग्र शिक्षा अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक विकास खण्ड एवं नगर क्षेत्र में ए.आर.पी. चयन हेतु बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित प्राथमिक/उ.प्र./कम्पोजिट विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक/शिक्षिकाओं से निम्नांकित प्रतिबंधों के अधीन निर्धारित प्रारूप पर पंजीकृत डाक से दिनांक 10.07.2025 की सायं 05:00 बजे तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है-

| क्र. | ए.आर.पी./विषय विशेषज्ञ हेतु पदनाम | पदों का विवरण | | | अर्हता |
|---|---|---|---|---|---|
| | | ग्रामीण क्षेत्र | नगर क्षेत्र | कुल पद | |
| 1 | अकादमिक रिसोर्स पर्सन हिन्दी | 05 | 1 | 6 | कला संवर्ग में स्नातक में अंतिम वर्ष में हिन्दी विषय अनिवार्य हो। |
| 2 | अकादमिक रिसोर्स पर्सन अंग्रेजी | 03 | 1 | 4 | कला संवर्ग में स्नातक में अंतिम वर्ष में अंग्रेजी विषय अनिवार्य हो। |
| 3 | अकादमिक रिसोर्स पर्सन विज्ञान | 05 | 1 | 6 | स्नातक में जीव विज्ञान, वनस्पति विज्ञान व रसायन विज्ञान-जेड.बी.सी. संवर्ग से अनिवार्य हो। |
| 4 | अकादमिक रिसोर्स पर्सन गणित | 0 | 1 | 1 | स्नातक में भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान व गणित विषय-पी.सी.एम. संवर्ग से अनिवार्य हो। |
| 5 | अकादमिक रिसोर्स पर्सन सामाजिक अध्ययन | 08 | 1 | 09 | कला संवर्ग में स्नातक में समाजशास्त्र, इतिहास, भूगोल, नागरिकशास्त्र, अर्थशास्त्र, मनोविज्ञान, सैन्यविज्ञान सांख्यिकी, कृषि विषय। |
| | योग | 21 | 05 | 26 | |

**अर्हता एवं शर्ते:-**

1. वांछित विषय में स्नातक उपाधि के साथ अध्यापक प्रशिक्षण योग्यता हो।
2. 31.03.2025 तक परिषदीय विद्यालय में अध्यापन का न्यूनतम 05 शिक्षण अनुभव हो तथा सेवानिवृत्ति में न्यूनतम10 वर्ष शेष हो।
3. किसी भी प्रकार की जांच गतिमान न हो और न ही पूर्व में किसी प्रकार की अनुशासनात्मक कार्यवाही की गयी हो। (इस आशय का शपथ पत्र भी प्रस्तुत करेंगे।)
4. ए.आर.पी. के रूप में अधिकतम 03 वर्ष या इससे अधिक का कार्यकाल पूर्ण कर चुके शिक्षक पुन: ए.आर.पी. पद का चयन के लिए अनर्ह होंगे।
5. चयन लिखित परीक्षा, माइक्रो टीचिंग व साक्षात्कार के आधार पर किया जायेगा।
6. विषयवार लिखित परीक्षा हेतु 60 अंक, माइक्रो टीचिंग/शिक्षण प्रदर्शन (10 से 15 मिनट प्रति प्रतिभागी) हेतु 30 अंक व साक्षात्कार हेतु 10 निर्धारित है।
7. लिखित परीक्षा में 60 प्रतिशत अथवा 60 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले अभ्यर्थी ही माइक्रो टीचिंग/शिक्षण प्रदर्शन के लिये पात्र होंगे।
8. माइक्रो टीचिंग/शिक्षण प्रदर्शन में 60 प्रतिशत अथवा 60 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले अभ्यर्थी ही साक्षात्कार के लिये पात्र होंगे।
9. सााक्षात्कार में 60 प्रतिशत अथवा 60 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले अभ्यर्थी ही फाइनल (अंतिम रूप से) चयन हेतु पात्र होंगे।
10. लिखित परीक्षा, माइक्रो टीचिंग/शिक्षण प्रदर्शन व साक्षात्कार के कुल योग को जोड़ने के बाद जिन अभ्यर्थियों के नम्बर 60 प्रतिशत या 60 प्रतिशत से अधिक होंगे उनकी ही ए.आर.पी. के चयन हेतु मैरिट लिस्ट बनायी जायेंगी।
11. यदि जनपद में रिक्त पदों के सापेक्ष अधिक अभ्यर्थी क्वालिफाई करते हैं तो उस स्थिति में मैरिटी के आधार पर चयन के उपरान्त शेष क्वालिफाई करने वाले अभ्यर्थियों में से विषयवार अधिकतम 05 अभ्यर्थियों की प्रतिक्षा सूची बनायी जायेगी।
12. विज्ञप्ति में संशोधन अथवा निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
13. आवेदन पत्र के लिफाफे के ऊपर मोटे अक्षरो में आवेदित पद एवं विषय का नाम सुस्पष्ट से अंकित होना चाहिए।
14. आवेदन पत्र के साथ नियुक्ति पत्र, पदोन्नति आदेश, शैक्षिक एवं प्रशिक्षण योग्यता सम्बन्धी प्रमाण-पत्र, फोटो की प्रमाणित प्रति खंड शिक्षा अधिकारी से प्रमाणित कराकर संलग्न करना अनिवार्य होगा।
15. आवेदन पत्र पंजीकृत डाक से कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, कोर्ट रोड, मुरादाबाद को प्राप्त होने की अंतिम तिथि 10.07.2025 को सायं 05:00 बजे तक है। उक्त तिथि के बाद कोई भी आवेदन पत्र प्राप्त नहीं किया जायेगा।
16. प्रत्येक ए.आर.पी. को दिनांक 22.10.2019 को निर्गत शासनादेश में प्राविधानिक व्यवस्थानुसार अनुमन्य मोबिलिटी भत्ता रू. 2500 प्रतिमाह दर से वित्तीय नियमानुसार देय होगा। अन्य किसी भी प्रकार का कोई भत्ता, मानदेय इत्यादि देय नहीं होगा।
17. ए.आर.पी. का कार्यकाल 01 वर्ष हेतु निर्धारित होगा। प्रत्येक वर्ष परफार्मेस अप्रैजल के आधार पर जनपदीय चयन समिति द्वारा अनुमोदनोपरान्त ही इनका नवीनीकरण किया जायेगा, तथा अधिकतम 03 वर्ष के पश्चात् नवीन चयन की प्रक्रिया अपनायी जायेगी।
18. आवेदन पत्र को खण्ड शिक्षा अधिकारी से अग्रसारित कराना अनिवार्य होगा।
19. नगर क्षेत्र के पद हेतु केवल नगर क्षेत्र के शिक्षक/शिक्षिकाएं ही आवेदन के लिए पात्र होंगे।

**अखिलेश कुमार**
**प्रा.जिला समन्वयक (प्रशिक्षण), मुरादाबाद**

**विमलेश कुमार**
**जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, मुरादाबाद**


# खेलते समय साड़ी का फंदा गले में कसने से बच्चे की मौत

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- टिनशेड में साड़ी से झूल रहा था 10 साल का अनमोल

**अमृत विचार:** बुधवार को घर की दूसरी मंजिल पर लटकी साड़ी पर झूला झूल रहा 10 साल के बच्चे की फंदा लगने से मौत हो गई।

थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांव सराय सिकंदर निवासी सीताराम अपनी पत्नी माया देवी व बड़े पुत्र अमित के साथ दोपहर में खेत पर काम करने गया था। उसके घर पर बेटा अनमोल (10) व दो छोटी पुत्रियां पल्लवी व फलिया थे। खेल-खेल में अनमोल घर की दूसरी मंजिल पर गया। वहां टिनशेड में साड़ी लटकी थी। वह साड़ी से झूला झूलने लगा। झूला झूलते समय साड़ी का फंदा उसके गले में फंस गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुत्री फलिया भी दूसरी मंजिल पर पहुंची। अनमोल को साड़ी के फंदे पर लटका देख वह चीखने लगी और पड़ोसियों को बताया। सीताराम पत्नी के साथ घर पहुंचा। अनमोल की मां माया देवी का रो-रोकर बुराहाल बना हुआ है।

## वाहन की टक्कर से पीएसी जवान की मौत

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र के गांव सिंहपुरसानी निवासी विजयपाल सिंह पीएसी में हेड कांस्टेबल था। वर्तमान में ड्यूटी संभल में थी। मंगलवार को शाम तुलसी टॉकीज के पास विजयपाल सिंह को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। वह काफी समय तक कैंप में नहीं पहुंचा तो तलाश शुरू हुई। जिला अस्पताल में घायल अवस्था में मिला। बेहतर उपचार के लिए मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान मौत हो गई। बुधवार को गांव सिंहपुरसानी में शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# अनोखी ममता... पिल्ले को पाल रहा बंदर

- गांव पैजनिया में पिल्ले को अपना दूध पिलाती है मादा बंदर

**बिजनौर,अमृत विचार:** थाना हल्दौर क्षेत्र के गांव पैजनिया में इन दिनों दिल को छू लेने वाला नज़ारा देखने को मिल रहा है। यहां एक बंदर एक पिल्ले की देखभाल कर रहा है बल्कि हमेशा उसे गोद में उठाकर घूमता है। पिल्ले को खुद से दूर नहीं होने देता।


पिल्ले को गोदी में लेकर बैठा बंदर।

गांव के मोहित, लक्ष्मी, राजन, सौरभ और महेंद्र सहित कई लोगों ने बताया कि बंदर बीते कई दिनों से पिल्ले को गोद में लेकर घूम रहा है। घरों की छतों पर तो कभी गलियों में पिल्ले को लिए नजर आता है। बंदर घरों से रोटी या अन्य खाने की चीजें उठा लाता है और पिल्ले को खिलाता है। बंदर के साथ एक मादा बंदर भी है, जो इस पिल्ले को दूध पिलाती है। ग्रामीणों का कहना है कि पिल्ला पूरी तरह बंदरों के साथ घुल मिल गया है। वह भी बंदर की गोद से उतरने की कोशिश नहीं करता। बंदर उसकी सुरक्षा का पूरा ध्यान रखता है। इस अनोखे रिश्ते को देखने के लिए आसपास के गांवों से भी लोग पैजनिया पहुंच रहे हैं।

## एटीआई ने वाहनों पर लगाए रिफ्लेक्टर टेप

**चन्दौसी, अमृत विचार:** एडवोकेट ट्रस्ट ऑफ इंडिया (एटीआई) व यातायात पुलिस के संयुक्त तत्वाधान में सड़क सुरक्षा को लेकर रिफ्लेक्टर टेप वाहनों पर लगाए गए। वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा व नियमों की जानकारी दी गई। यातायात प्रभारी दुष्यंत बालियान, हेड कांस्टेबल सोनू के अलावा संगठन के नितिन राघव, आमि रखान, मुदित शर्मा, शिवम शर्मा, सावन शर्मा, ओंकार, शगुन शर्मा आदि रहे।

## सुंदर कांड में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**चन्दौसी, अमृत विचार:** स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट की ओर से अन्नपूर्णा उत्सव में श्री सुंदर कांड पाठ किया गया। पंडित घनश्याम शर्मा ने पूजन कराया। केजी शर्मा, सुभाष चंद्र शर्मा, अजय सक्सेना, मुकेश आचार्य, निर्मल शर्मा, सचिन शर्मा, संदीप शर्मा, अनु शर्मा, नेहा शर्मा ने सुंदर कांड की चौपाइयों का वाचन किया। उमा श्रीवास्तव, आरती पाठक व अन्य ने भजन सुनाए। अंश शर्मा, वंश शर्मा, राजीव शर्मा, रमेश ग्रेवाल, आलोक दुबे, सर्वेश गुप्ता, संजीव शर्मा, कल्पना वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

## अपनी दिनचर्या में शामिल करें योग


सम्मानित किये गये लोग। ● अमृत विचार

**संभल, अमृत विचार :** भारत स्वाभिमान ट्रस्ट और पतंजलि योग समिति की ओर से आर्य समाज मंदिर में समारोह की शुरुआत पतंजलि राज्य संगठन मंत्री कुलदीप ऐरन, महेश भारद्वाज, डॉ. प्रदीप त्यागी, कृष्ण ग्रेवाल, मुदिता गुप्ता ने दीप जलाकर की। मुख्य अतिथि कर निर्धारण अधिकारी कार्तिकेय यादव ने कहा कि हमें योग नियमित दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। डॉ. प्रदीप त्यागी, हरनाम सिंह, विशेष कुमार शर्मा, वीकेश शर्मा, त्रिलोकी सिंह राठौड़, विशाल वर्मा, ईश्वर चंद सैनी, अमित शुक्ला, राजेंद्र गुर्जर, संजय कुमार गुप्ता, राजकुमार शर्मा, शंकर शर्मा, राहुल वर्मा, गगन वार्ष्णेय, चंचल सनी गुप्ता, मुदिता गुप्ता, रुचि अग्रवाल, संजय देवल, प्रियांशु जैन, मंजू रस्तोगी को सम्मानित किया गया। संचालन पतंजलि योग समिति के तहसील प्रभारी विकास कुमार वर्मा ने किया।

## बिल ठीक कराने के नाम पर ठगी का आरोपी पकड़ा

**हसनपुर,अमृत विचार:** बिजली के बिल ठीक कराने के नाम पर दर्जनों लोगों से लाखों रुपये की ठगी के आरोपी धोबीयान कॉलोनी में सनी अग्रवाल को पीड़ितों ने पकड़ लिया। पीड़ित कासिम ने बताया कि सनी ने उनसे बिजली बिल ठीक कराने के नाम पर ठगी की है। बिजली विभाग के जेई अजय कुमार भी मौके पर पहुंच गये। सनी ने बताया कि वह बिजली बिल ठीक करवाने व पीडी बनवाने के नाम पर उपभोक्ताओं से पैसा लेता था। सैदगली में एक संविदा कर्मचारी से साठगांठ के चलते इस काम को अंजाम दे रहा था।


# अंतरिक्ष  की उड़ान


## राकेश शर्मा मेरे आदर्श हैं

अंतरिक्ष में उड़ान से पूर्व शुभांशु शुक्ल ने कहा कि मेरे आदर्श भारतीय अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा हैं। मै उनसे बेहद प्रभावित हूं। उनको पढ़कर बड़ा हुआ हूं। मैं जिस सफर पर हूं, यह एक लंबी यात्रा रही है। मुझे नहीं पता था कि यह यहां तक पहुंच जाएगा। मैं यह मौका पाकर खुद को भाग्यशाली और खुशकिस्मत महसूस कर रहा हूं, उड़ना हमेशा से ही मेरा एक सपना रहा है। मैं बहुत खुश हूं...।



नमस्कार। मेरे प्यारे देशवासियों, क्या यात्रा है। हम 41 साल बाद एक बार फिर अंतरिक्ष में वापस आए हैं। यह एक अद्भुत सवारी है। हम 7 .5 किलोमीटर प्रति सेकंड की गति से पृथ्वी के चारों ओर घूम रहे हैं। मेरे कंधों पर उभरा हुआ तिरंगा मुझे बताता है कि मैं आप सभी के साथ हूं। मेरी यह यात्रा अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की शुरुआत नहीं है, बल्कि भारत के मानव अंतरिक्ष कार्यक्रम की शुरुआत है। मैं चाहता हूं कि आप सभी इसका हिस्सा बनें। इस यात्रा पर आपका सीना भी गर्व से चौड़ा हो जाना चाहिए... आइए, मिलकर भारत के मानव अंतरिक्ष कार्यक्रम की शुरुआत करें। लखनऊ के शुभांशु ने जब यह संदेश भेजा तो उसे पढ़कर/देखकर मौजूद राजधानीवासी गर्व से अभिभूत हो गए। शुभांशु के अंतरिक्ष में रवाना होते ही समूचा सीएमएस कंपाउंड भारत माता की जय और वंदेमातरम का जयघोष गूंज उठा। शुभांशु ने सीएमएस से शिक्षा पाई है।

# शुभांशु ने छुआ आसमान

## मां ने मांगी दुआ, पिता बोले-मिशन गढ़ेगा कीर्तिमान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** 'मेरा शुभांशु.. लखनऊ का शुभांशु... प्रदेश/देश का शुभांशु। हमें उस पर नाज। उसकी अंतरिक्ष उड़ान सफलता की नई इबारत लिखेगी। हमारा शुभांशु मिशन में जरूर कामयाब होगा। हम ईश्वर से प्रार्थना और आशीर्वाद मांगते हैं कि इस अंतरिक्ष मिशन से हमारा देश सफलता के नीत कीर्तिमान गढ़े। हमें शुभांशु पर नाज है। उसका अंतरिक्ष मिशन हर हाल में सफल होगा। क्योंकि ईश्वर के आशीर्वाद के साथ करोड़ों भारतवासियों की दुआएं भी तो उसके साथ है। अंतरिक्ष में मिशन पूरा कर वह धरती पर सकुशल आएगा।'

सीएमएस,लखनऊ में आयोजित 'व्योमोत्सव' में यह कहते शुभांशु की मां आशा शुक्ला के नेत्र भर आए। लेकिन, उनके ये आंसू खुशी के हैं। ...और हो भी क्यों न? उनका होनहार बेटा अंतरिक्ष की उड़ान भरने वाला दूसरा भारतीय जो बन बैठा है।

मां आशा की तरह ही पिता शंभू दयाल शुक्ला भी गर्व व रोमांच से भरे दिखे। वे बार-बार ईश्वर का धन्यवाद करते दिखे। बताया कि शुभांशु का अंतरिक्ष मिशन सफलता का कीर्तिमान गढ़ेगा। साथ ही वे अपने बेटे की सलामती की दुआ मांगते भी दिखे। बुधवार को 'व्योमोत्सव' में मौजूद लोगों में तो अलग ही उत्साह और रोमांच दिख रहा था। उधर, शुभांशु के अंतरिक्ष उड़ान के ऐतिहासिक क्षण का लाइव प्रसारण सिटी मांटेसरी स्कूल(सीएमएस) में किया गया। इस अवसर पर सीएमएस की सभी ब्रांच के छात्र और टीचर मौजूद रहे।

इस दौरान शुभांशु के परिजन भी रहे। सीएमएस में आयोजित 'व्योमोत्सव' के माध्यम से सभी ने यान का लाइव प्रसारण देखा। जैसे-जैसे यान के लांच होने का समय नजदीक आता जा रहा था लोगों का रोमांच आसमान छू रहा था। जैसे ही स्पेसएक्स फाल्कन-9 रॉकेट ने अमेरिका के फ्लोरिडा से भारतीय समयानुसार दोपहर 12:01 बजे आकाश की ओर उड़ान भरी वैसे ही स्कूल के वर्ल्ड यूनिटी कन्वेंशन सेंटर तालियों, अश्रुपूरित आंखों और हर्षोल्लास से गूंज उठा। हर किसी ने भारत माता की जय के नारे लगाने शुरू कर दिए।


शुभांशु का राकेट उड़ता देख भावुक मां आशा।

### माता-पिता हुए भावुक

शुभांशु शुक्ल के पिता शंभू दयाल शुक्ला ने कहा कि बहुत अच्छा लग रहा है, बहुत खुशी है। मैं भगवान का धन्यवाद करता हूं और प्रार्थना करता हूं कि उसका मिशन सफल रहे, भगवान उसे आशीर्वाद दें। उनकी मां आशा शुक्ला की आंखें नम हो गईं। वह अपनी आंखें पोंछती हुई बोली यह देश के लिए गर्व की बात है, बेटे का मिशन कामयाब हो, वह सकुशल वापस लौट आए यही प्रार्थना है।

### कपोला विंडो की प्रतिकृति प्रदर्शित

लाइव लॉन्च टेलीकास्ट कार्यक्रम के दौरान अंतरिक्ष स्टेशन की 'कपोला' विंडो की प्रतिकृति, डीफाई ग्रेविटी फोटो बूथ, टेलीस्कोप से आकाश दर्शन, सिम्युलेटेड मिशन कंट्रोल सेंटर को भी दिखा गया।


सीएमएस में लाइव लांचिंग देखने के बाद प्रसन्न मुद्रा में भारती गांधी, शुभांशु के पिता शंभू दयाल शुक्ल, मां आशा शुक्ला, बहनें शुचि मिश्रा, निधि और पीछे खड़े छात्र व छात्राएं। अमृत विचार


ईश्वर से प्रार्थना करतीं शुभांशु की छोटी बहन शुचि मिश्रा।

### 1985 में लखनऊ में जन्म

शुभांशु शुक्ल का जन्म 1985 में लखनऊ में हुआ और उन्होंने सीएमएस अलीगंज कैम्पस से मॉन्टेसरी से लेकर कक्षा 12वीं तक शिक्षा प्राप्त की। तत्पश्चात वे राष्ट्रीय रक्षा अकादमी से स्नातक होकर वर्ष 2006 में भारतीय वायुसेना में कमीशन प्राप्त कर फाइटर पायलट बने। 2000 से अधिक घंटे का उड़ान अनुभव रखने वाले शुभांशु को वर्ष 2019 में गगनयान मिशन के लिए चुना गया और बाद में अंतरिक्ष मिशन के लिए पायलट नियुक्त किया गया। अपने 14 दिवसीय अंतरिक्ष अभियान में वे नासा की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. पेगी व्हिटसन (मिशन कमांडर) तथा हंगरी व पोलैंड के अंतरिक्ष यात्रियों के साथ मिलकर मानव शरीर, पोषण और शून्य गुरुत्वाकर्षण में बीज अंकुरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर शोध करेंगे।

### मिशन में होंगे 60 प्रयोग : डॉ. महीप सिंह

एकेटीयू में इनोवेशन हब के प्रभारी डॉ. महीप सिंह ने कहा कि इस मिशन में कुल 60 प्रयोग किए जाएंगे जिसमें भारत के 6 प्रयोग किया जाना है। धातुविज्ञान, सूक्ष्म जैवप्रोद्योगिकी, माईक्रो ग्रेविटी आदि पर प्रयोग किया जाना है। अंतरिक्ष यात्राओं में विभिन्न देश अपने शोध के विषय देते हैं जिनको नासा लिस्ट में डालकर सूची तैयार करता है। उनका यह मिशन देश के तेजी से बढ़ते विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षेत्र की पहचान है। हम अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में पहले से बेहतर करते आ रहे हैं। अंतरिक्ष में भारत के दूसरे मिशन से वैश्विक स्तर पर हमारी साख बढ़ेगी। इसके अलावा जिन विषयों पर भारत शोध करना चाहता है वह वैश्विक कल्याण के लिए है। जिन छह बिंदूओं पर प्रयोग किया जाना है उनमें कृषि, बायोटेक्नॉजी संबंधित विषय हैं जिससे नवाचार, शोध और नए प्रयोग के अनेक मार्ग खुलेंगे। भारत के दूसरे अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ल को मेरी शुभकामनाएं।


स्पेश शटल ने जैसे ही अंतिरक्ष के लिए उड़ान भरी, लखनऊ के सीएमएस में सीधा प्रसारण देख रहे लोग मारे खुशी थिरकने लगे। अमृत विचार

# लांचिंग का पल-पल रहा रोमांच से भरपूर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** लखनऊ के शुभांशु शुक्ला एक्सियम मिशन-4 के तहत इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन के लिए रवाना हो गए। शुभांशु को उनके स्कूल सीएमएस ब्रांच से भी लोगों ने स्पेस स्टेशन में जाते हुए देखा। अंतरिक्ष यान लांचिंग का लाइव टेलीकास्ट देखने के लिए बड़ी स्क्रीन लगाई गई थी। बुधवार सुबह दस बजे ही कानपुर रोड स्थित स्कूल पर लोगों का पहुंचना शुरू हो गया था। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और सीएमएस की सभी शाखाओं के शिक्षक भी मौजूद रहे। स्क्रीन पर लाइव टेलीकास्ट के प्रसारण की व्यवस्था के साथ अंतरिक्ष के कृत्रिम मॉडल भी प्रदर्शन के लिए रखे गए थे। सीएमएस कानपुर रोड स्थित शाखा पर शुभांशु के माता पिता और उनकी दो बड़ी बहनें भी पहुंचीं। जिनका विद्यालय के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने जोरदार स्वागत किया। अंतरिक्ष यान के लांचिग का समय जैसे-जैसे नजदीक आ रहा था लोगों का रोमांच बढ़ता जा रहा था। यान को 12 बजकर एक मिनट पर उड़ान भरना था, इसका समय करीब आते ही लोगों का रोमांच चरम पर पहुंच गया और सीएमएस का आडिटोरियम भारत माता की जय और बंदेमातरत से गूंजने लगा।

### छात्रों ने कहा, शुभांशु हमारे हमारे आदर्श



अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ल के बचपन के स्कूल के छात्र दक्षराज सिंह ने कहा कि शुभांशु शुक्ल मेरे आदर्श हैं, हम भी बडे होकर देश सेवा करेंगे और देश का नाम रौशन करेंगे। दक्षराज सिंह को अंतरराष्ट्रीय गणित ओलंपियाड में प्रथम स्थान हासिल हो चुका है।



-सीएसएस की छात्रा परी अग्रवाल जिनको अमेरिकी स्कॉलरशिप प्राप्त हो चुकी है उन्होंने कहा कि यह देश के लिए गर्व का विषय है। हमारे विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय विभूतियां हैं जिनसे हम सबको प्रेरणा मिलती है।

### शुभांशु की यात्रा संभावना का प्रकाश स्तंभ



सीएमएस की संस्थापिका और निदेशिका डॉ. भारती गांधी ने कहा कि सीएमएस के अनेक छात्रों ने देश का नाम रोशन किया है। लेकिन शुभांशु की यह यात्रा प्रत्येक भारतीय बालक-बालिकाओं के लिए संभावना का प्रकाश स्तंभ बन गई है। शुभांशु के इस मिशन से सीएमएस सहित देश के अनेक छात्र-छात्राओं को प्रेरणा मिलेगी और वह जीवन में आगे चलकर देश के लिए सर्वश्रेष्ठ करने के लिए प्रेरित होंगे। प्रदेश और देश में छात्र-छात्राओं को विज्ञान व तकनीकि के अध्ययन के लिए प्रेरणा मिलेगी। इसके अलावा हमारे छात्र वैश्विक स्तर पर देश का नाम रोशन करने को प्रेरित होंगे।

## शुभांशु के माता-पिता के साथ टीचर्स ने किया भांगड़ा

**अमृत विचार, लखनऊ :** शुभांशु शुक्ला ने जैसे ही अंतरिक्ष के लिए उड़ान भरी,उनके माता-पिता रोमांचित होकर ताली बजाने लगे। खुशी के मारे शुभांशु की मां की आंखों से आंसू छलक पड़े। हाथ जोड़कर उन्होंने बेटे की सलामती की दुआ की। मिशन की सफल लॉन्चिंग के बाद शुभांशु के माता-पिता, स्कूल के टीचर्स ने भांगड़ा किया। शुभांशु की मां आशा शुक्ला ने कहा कि इस पल का इंतजार लंबे अरसे से था। मेरी खुशी का कोई ठिकाना नहीं है। कभी नहीं सोचा था कि बेटा इतनी ऊंचाई पर जाएगा। बेटा 14 दिन के लिए अंतरिक्ष में गया है, उसका मिशन कामयाब हो और वह सकुशल वापस आए यही दुआ है।

### शुभांशु की अंतरिक्ष उड़ान गौरव का क्षण : ब्रजेश पाठक

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने लखनऊ स्थित शुभांशु शुक्ला के आवास पर जाकर उनके माता-पिता और परिजनों को बधाई और मिशन सफल होने की शुभकामनाएं दीं शुभांशु की अंतरिक्ष उड़ान को उन्होंने देश एवं लखनऊ के लिए गौरव का क्षण भी बताया।


शुभांशु शुक्ल के माता-पिता और परिजनों को बधाई देते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक। अमृत विचार

### महापौर ने भी दी बधाई

**अमृत विचार लखनऊ :** महापौर सुषमा खर्कवाल ने बुधवार को लखनऊ के गौरव भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की ऐतिहासिक उपलब्धि पर उनके निवास स्थान पर जाकर परिजनों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इस उपलब्धि पर उनकी माता आशा शुक्ला एवं पिता शंभु दयाल शुक्ला से भेंट कर इस अद्भुत क्षण के लिए बधाई दी और कहा कि "यह उपलब्धि भारत के वैज्ञानिक और सामरिक सामर्थ्य को दर्शाती है। शुभांशु शुक्ला युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। इस अवसर पर पार्षद दल उपनेता सुशील तिवारी पम्मी सहित पार्षद मुन्ना मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## वर्ग पहेली-13

**बाएं से दाएं**

3.1. पानी गिरने की ध्वनि 2. ज़ोर से उछाला हुआ पानी का छींटा 3. धारा के किसी वस्तु से टकराने के बाद उत्पन्न होने वाला शब्द, छपाछप।

4.1. चुभना, पीड़ा देना, गड़ना 2. किसी दुखद घटना का बार-बार स्मरण होना 3. टीस उठना 4. किसी की याद में तड़पना।

5.1. कंघा, कंघी 2. कंधा, भुजबल।

6.1. ऐसे वर्ण या अक्षर जिनके उच्चारण में मुंह के अतिरिक्त नाक से अनुस्वरात्मक ध्वनि निकलती है 2. नाक के योग से बोलने या गाने वाला।

8.1. पत्रभाग 2. स्तंभ 3. पंक्ति 4. हाशिया।

**ऊपर से नीचे**

1.1. भोग करने वाला, भोगी 2. खाने वाला, भक्षक 3. भोजन पर आमंत्रित अतिथि।

2.1. किसी को दबाना 2. रस्सी या सूत के दो टुकड़ों को बटकर जोड़ना।

3.1. किसी भार या धक्के से वस्तु का वेग से दूर जाना 2. दूर या अलग रहना 3. बंधन से निकल जाना 4. कूदना, उछलना 5. किसी व्यक्ति या जंतु का अपने नमिता

5.1. साग-सब्ज़ी 2. हरी पत्तियों वाली छोटी वनस्पति से बनी सब्ज़ी 3. तरकारी।

7. ज्योतिष, तारे, सितारे।




### वर्ग पहेली -12 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 पा | शी | | 2 आ | | | 3 फ़े |
| | | 4 म | न | ब | सि | या |
| 5 ए | | | न | | | ज़ी |
| 6 की | श | | फा | | 7 फ | |
| क | | 8 अ | न | भ | ला | |
| 9 र | ह | मा | न | | दे | |
| ण | | न | | 10 सं | श | य |

## सुडोकू -20

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 3 | | | 4 | |
| 2 | 8 | | | | 5 | | 6 | 7 |
| | | 6 | 4 | | | 1 | | |
| | 6 | 9 | 2 | | 3 | | 5 | 8 |
| 8 | | 5 | | | 6 | 4 | | |
| | 3 | | 5 | | | | 1 | |
| 6 | | | | | 2 | 9 | | 1 |
| 9 | | 3 | 7 | | | | 8 | |
| | 5 | | | 6 | 9 | | | 4 |

### सुडोकू - 19 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 1 | 2 | 8 | 9 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 9 | 2 | 5 | 7 | 4 | 6 | 1 | 8 |
| 4 | 5 | 8 | 1 | 3 | 6 | 9 | 7 | 2 |
| 2 | 4 | 9 | 8 | 1 | 3 | 5 | 6 | 7 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 2 | 5 | 3 | 8 | 9 |
| 5 | 8 | 3 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 1 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 2 | 1 | 5 | 4 |
| 9 | 6 | 5 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 3 |
| 1 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 7 | 9 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 26 जून, गुरुवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा-13 .24 तक तत्पश्चात द्वितीया।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- दक्षिण ऋतु- ग्रीष्म।

चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।

ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।

नक्षत्र-आर्द्रा 08 .46 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

**मेष** — आज का दिन अत्यंत शुभ रहने वाला है। विशेष विषयों के अध्ययन में रुचि लेंगे। प्रेमी जन के साथ रोमान्टिक डेट पर जाने का विचार बना सकते हैं। कारोबारी यात्रा के योग बन रहे हैं। बेरोजगार लोगों को रोजगार के अवसर मिल सकते हैं।

**वृष** — आज लोग आपकी बातों का गलत मतलब निकाल सकते हैं। परिवार के साथ अच्छा समय बिताने का अवसर मिलेगा। इसके कारण कुछ मित्रों से संबंध भी प्रभावित हो सकते हैं। जीवनसाथी से सलाह लेना उत्तम रहेगा। फाइनेन्स संबंधी कार्यों में सफलता मिलेगी।

**मिथुन** — आज नया व्यापार शुरू करना चाह रहे हैं तो उसके लिए मैनेजमेन्ट सुनिश्चित कर लें। रुके हुए कार्यों में तीव्रता आयेगी। शोध कार्यों में अपेक्षित सफलता मिलने से मन प्रफुल्लित रहेगा। आपका व्यवहार लोगों के लिए प्रेरणादायक रहेगा। गले में दर्द की शिकायत हो सकती है।

**कर्क** — आज आपके ऊपर बेवजह के आरोप लग सकते हैं। नशे और व्यभिचार से दूरी बनाकर रखें। अनेक बाधाओं के साथ आपके काम आगे बढ़ेंगे। किसी मित्र को धन उधार देना पड़ सकता है। सहयोगी आपसे ईर्ष्या रख सकते हैं।

**सिंह** — आज समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। किसी वैवाहिक समारोह में सम्मिलित हो सकते हैं। मित्रों के सहयोग से रुका हुआ काम गतिशील हो जायेगा। इंटरनेट के माध्यम से कुछ महत्वपूर्ण जानकारियां मिल सकती हैं। भाई-बहनों के साथ संबंध मधुर रहेंगे।

**कन्या** — आज सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी। शरीर में थोड़ी थकावट हो सकती है, इसीलिए आराम पर्याप्त मात्रा में अवश्य लें। जल्दबाजी में काम पूरा करने से गलतियां हो सकती हैं। करियर को लेकर चिंता हो सकती है। धन-संपत्ति के मामलों में सफलता मिलेगी।

**तुला** — आज कार्यक्षेत्र में अपनी जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निभायेंगे। छात्र प्रतियोगी परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। पारिवारिक मामलों को लेकर थोड़े परेशान हो सकते हैं। प्रेम संबंधों का तनाव दूर होगा। जीवनसाथी आपका काफी ध्यान रखेगा।

**वृश्चिक** — आज किसी सहकर्मी के साथ आपको विवाद का सामना करना पड़ेगा। अपने खर्चों को नियन्त्रित रखने का प्रयास करें। जीवनसाथी के साथ किसी कारणवश झगड़ा हो सकता है। इसके कारण आपका मन भी अशान्त हो सकता है। बहसबाजी के बजाय आज शांत होकर रहें।

**धनु** — आज जीवनसाथी आपसे पुरानी दबी हुई इच्छा को प्रकट कर सकता है। सरकारी कार्यों में महत्वपूर्ण सफलता मिल सकती है। व्यवसाय को लेकर नए विकल्प आज आपको मिलेंगे। भोगवादी वस्तुओं पर धन खर्च करेंगे। व्यवसाय में टैक्स आदि को लेकर परेशानियां दूर होंगी।

**मकर** — आज कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए अतिरिक्त श्रम करना पड़ेगा। गूढ़ विषयों के अध्ययन में आपकी रुचि जागृत होगी। मौसम में आ रहे बदलावों के कारण तेज बुखार और सिरदर्द की समस्या होने की आशंका है। सरकार की अच्छी योजनाओं का लाभ ले सकते हैं।

**कुंभ** — आज प्रेमी जन के साथ विवाह को लेकर चर्चा कर सकते हैं। बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। छात्रों को करियर को लेकर थोड़ी कन्फ्यूजन हो सकती है। नकारात्मक प्रवृत्ति के लोगों से संपर्क कम करना हितकर होगा। घर के खर्चे बढ़ने के कारण आपके ऊपर दबाव रहेगा।

**मीन** — आज वैवाहिक जीवन को आप पर्याप्त समय नहीं दे पायेंगे। जिसके कारण मन कुछ असन्तुष्ट रहेगा। नए बिजनेस रिलेशन को लेकर थोड़े परेशान हो सकते हैं। जोड़ों में दर्द और अकड़न जैसी समस्या हो सकती है। कानूनी मामलों में नुकसान हो सकता है।

# युद्धविराम के बाद बाजार में आया उछाल

## पश्चिम एशिया में तनाव कम होने से सेंसेक्स 700 तो निफ्टी ने 200 अंक की दर्ज की बढ़त

- एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस और रिलायंस इंडस्ट्रीज में लिवाली से भी निवेशक धारणा को मिला समर्थन



मुंबई, एजेंसी

ईरान और इजराइल के बीच युद्धविराम के बाद पश्चिम एशिया में तनाव कम होने के बीच बुधवार को स्थानीय शेयर बाजार में तेजी दर्ज की गई और सेंसेक्स 700 अंक चढ़ गया। निफ्टी भी 200 अंक की बढ़त के साथ बंद हुआ।

विश्लेषकों ने कहा कि पश्चिम एशिया संकट टलने की उम्मीद में कच्चे तेल के कीमतों में नरमी देखी गई। इसके अलावा एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस और रिलायंस इंडस्ट्रीज में लिवाली से भी निवेशक धारणा को समर्थन मिला। बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स 700.40 अंक चढ़कर 82,755.51 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 760.8 अंक चढ़कर 82,815.91 अंक पर पहुंच गया था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी 200.40 अंक चढ़कर 25,244.75 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इन्फोसिस, पावर ग्रिड, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और भारती एयरटेल के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी तरफ, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, कोटक महिंद्रा बैंक और एक्सिस बैंक के शेयरों में गिरावट का रुख देखने को मिला।

जियोजीत इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव कम होने और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से भारतीय शेयर बाजारों में मजबूती आई। हालांकि, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय बाजार से पूंजी निकासी जारी रखी है लेकिन सकारात्मक वैश्विक संकेतों से घरेलू बाजार की गति को बनाए रखने में मदद मिल रही है। घरेलू स्तर पर मानसूनी बारिश अनुकूल रहने के पूर्वानुमान और खुदरा मुद्रास्फीति में नरमी से भी आशावाद को बल मिल रहा है।

### स्मालकैप-मिडकैप ने भी बढ़ोत्तरी

व्यापक बाजार में बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक ने 1.59 प्रतिशत की छलांग लगाई, जबकि मिडकैप में 0.63 प्रतिशत की तेजी रही। क्षेत्रवार सूचकांकों में प्रौद्योगिकी खंड ने 1.69 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की जबकि आईटी खंड में 1.68 प्रतिशत और दूरसंचार खंड में 1.42 प्रतिशत की तेजी रही। बजाज ब्रोकिंग ने शेयर बाजार पर जारी एक टिप्पणी में कहा कि मानक सूचकांक ने लगातार दूसरे दिन अपनी तेजी बरकरार रखी। ईरान-इजराइल संघर्ष खत्म होने से भू-राजनीतिक तनाव कम होने की उम्मीदें जगी हैं और निवेशक धारणा को बल मिला है।

### सूचीबद्ध 2821 कंपनियों के शेयरों में रही तेजी

बीएसई पर सूचीबद्ध 2,821 कंपनियों के शेयरों में तेजी रही जबकि 1,207 शेयर गिरकर बंद हुए और 134 अन्य अपरिवर्तित रहे। वैश्विक बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 1.21 प्रतिशत बढ़कर 67.95 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग बढ़त के साथ बंद हुए। यूरोपीय बाजार दोपहर के सत्र में मिले-जुले रुख के साथ कारोबार कर रहे थे। मंगलवार को अमेरिकी बाजारों में खासी तेजी देखी गई थी। शेयर बाजार के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने 5,266.01 करोड़ के शेयरों की बिकवाली की। वहीं, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 5,209.60 करोड़ के शेयर खरीदे।

# भारत में आर्थिक गतिविधियां मजबूत

मुंबई, एजेंसी

वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच अर्थव्यवस्था से जुड़े विभिन्न आंकड़े भारत में औद्योगिक और सेवा क्षेत्रों में मजबूत आर्थिक गतिविधियों की ओर इशारा करते हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के बुलेटिन में बुधवार को यह बात कही गई।

आरबीआई के जून बुलेटिन में प्रकाशित 'अर्थव्यवस्था की स्थिति' शीर्षक वाले लेख में कहा गया कि व्यापार नीति अनिश्चितताओं और भू-राजनीतिक तनाव में वृद्धि के दोहरे झटके के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था उथल-पुथल की स्थिति में है। इसमें कहा गया, बढ़ी हुई वैश्विक अनिश्चितता की इस स्थिति में मई, 2025 के लिए विभिन्न उच्च आवृत्ति संकेतक भारत में औद्योगिक और सेवा क्षेत्रों में मजबूत आर्थिक गतिविधियों की ओर इशारा करते हैं। लेख में कहा गया कि 2024-25 के दौरान कृषि में अधिकतर प्रमुख फसलों के उत्पादन में व्यापक वृद्धि देखी गई है। साथ ही, घरेलू मूल्य स्थिति भी अनुकूल बनी हुई है। मई में लगातार चौथे महीने कुल मुद्रास्फीति लक्ष्य से नीचे रही।

'कुल मुद्रास्फीति' में ऊर्जा और खाद्य वस्तुओं का मूल्य प्रभाव शामिल होता है। इसमें कहा गया कि वित्तीय परिस्थितियां भी ब्याज दरों में कटौती का लाभ ऋण बाजार तक प्रभावी तरीके से पहुंचाने के लिए अनुकूल बनी हुई हैं। केंद्रीय बैंक ने स्पष्ट रूप से कहा है कि बुलेटिन में प्रकाशित लेख में व्यक्त विचार लेखकों के हैं और भारतीय रिजर्व बैंक के विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं।

**आरबीआई बुलेटिन में किया गया खुलासा**

### कॉल मनी के लिए बाजार समय 1 जुलाई से दो घंटे बढ़ा

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को कहा कि तात्कालिक वित्तीय जरूरतों के लिए इस्तेमाल होने वाले कर्ज यानी 'कॉल मनी' का बाजार समय 1 जुलाई से दो घंटे बढ़ाकर शाम 7 बजे तक कर दिया जाएगा। जब कोई बैंक अचानक नकदी की जरूरत आने पर किसी दूसरे बैंक से बहुत कम समय (अमूमन एक दिन) के लिए उधार लेता है तो उसे 'कॉल मनी' कहते हैं। आरबीआई ने यह फैसला राधा श्याम राठो की अध्यक्षता में गठित कार्यसमूह की सिफारिशों के आधार पर किया है। यह समूह विनियमित वित्तीय बाजारों के व्यापार एवं निपटान के समय की व्यापक समीक्षा करने के लिए बनाया गया था। केंद्रीय बैंक ने कहा, अब कॉल मनी का संशोधित बाजार समय सुबह नौ बजे से शाम सात बजे तक होगा। साथ ही मार्केट रेपो और त्रिपक्षीय रेपो (टीआरईपी) के कारोबारी घंटे भी एक अगस्त, 2025 से शाम चार बजे तक बढ़ा दिए जाएंगे। संशोधित कारोबारी घंटे सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक होंगे।

# आगरा में बनेगा 111.5 करोड़ में अंतर्राष्ट्रीय आलू केंद्र

नई दिल्ली, एजेंसी



- केंद्र सरकार ने दक्षिण एशिया क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र की स्थापना के प्रस्ताव को दी मंजूरी

केंद्र सरकार ने आगरा में अंतरराष्ट्रीय आलू केंद्र (सीआईपी) के दक्षिण एशिया क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र की स्थापना के प्रस्ताव को बुधवार को मंजूरी दे दी। इसके लिए 111.5 करोड़ की वित्तीय सहायता दी जाएगी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया।

आधिकारिक बयान के अनुसार, इस निवेश का मुख्य उद्देश्य आलू तथा शकरकंद की उत्पादकता, कटाई के बाद प्रबंधन एवं मूल्य संवर्धन में सुधार करके खाद्य तथा पोषण सुरक्षा, किसानों की आय और रोजगार सृजन को बढ़ाना है। आलू क्षेत्र में उत्पादन, प्रसंस्करण, पैकेजिंग, परिवहन, विपणन और मूल्य श्रृंखला में रोजगार के महत्वपूर्ण अवसर उत्पन्न करने की क्षमता है। सीआईपी का दक्षिण एशिया क्षेत्रीय केंद्र उत्तर प्रदेश के आगरा के सिंगना में स्थापित हो रहा है।

### गौतमबुद्ध नगर में 417 करोड़ में स्थापित होगा इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण क्लस्टर

**लखनऊ, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर में केन्द्र सरकार ने 417 करोड़ रूपये की लागत से इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण क्लस्टर (ईएमसी 2.0) की स्थापना को स्वीकृति दे दी है। इसका उद्देश्य स्थानीय विनिर्माण और नवाचार को बढ़ावा देना है। केंद्रीय आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव और राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने बुधवार को इस परियोजना की समीक्षा की। परियोजना के क्रियान्वयन में राज्य सरकार की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसे ध्यान में रखते हुए अधिकारियों को परियोजना के तेजी से क्रियान्वयन के लिए राज्य के साथ मिलकर काम करने के निर्देश दिए गए हैं। स्वीकृत ईएमसी 2.0 परियोजना को यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (वाईईआईडीए) द्वारा विकसित किया जाएगा। यह क्लस्टर 200 एकड़ में फैला होगा और इसमें 2,500 करोड़ रुपये का निवेश होने की उम्मीद है और 15,000 रोजगार के अवसर तैयार होंगे।

# वित्तीय प्रौद्योगिकी में शीर्ष प्रदर्शनकर्ता देशों में भारत शामिल

**नई दिल्ली।** विश्व आर्थिक मंच (डबल्यूईएफ) के अध्ययन में वित्तीय प्रौद्योगिकी के लिहाज से शीर्ष प्रदर्शन करने वाले देशों की सूची में अमेरिका और ब्रिटेन के साथ भारत को भी शामिल किया गया हे। चीन के तियानजिन में आयोजित न्यू चैंपियंस की वार्षिक बैठक में जारी विश्व आर्थिक मंच के अध्ययन में कहा गया कि लाभप्रदता और समावेशन में मजबूती के बीच वित्तीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र की वृद्धि स्थिर हो रही है। इनमें ब्रिटेन, भारत, अमेरिका, सिंगापुर, ब्राजील और इंडोनेशिया हैं।

# देश जल्द बनेगा 5000 अबर डॉलर की अर्थव्यवस्था

कोलकाता, एजेंसी



- केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा- वैश्विक उथल-पुथल के बावजूद मजबूती से आगे बढ़ रहा देश

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि वैश्विक उथल-पुथल के बावजूद भारत 2027 तक पांच हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की राह पर मजबूती से आगे बढ़ रहा है और यह सब सामूहिक राष्ट्रीय प्रयास एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मजबूत नेतृत्व के कारण संभव हो पाया है।

'मर्चेंट्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री' (एमसीसीआई) द्वारा आयोजित ऑनलाइन सत्र में गोयल ने सरकार के दशक भर के आर्थिक सुधारों को वृद्धिशील के बजाय परिवर्तनकारी करार दिया। गोयल ने मंगलवार को कहा कि हम अगले तीन वर्ष में पांच हजार अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य हासिल करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। यह 2047 तक 'विकसित भारत' बनने के सफर में हमारी पहली उपलब्धि होगा। वैश्विक आर्थिक अस्थिरता और भू-राजनीतिक चुनौतियों पर मंत्री ने कहा कि भारत को एकता और दृढ़ संकल्प के साथ अशांत माहौल में आगे बढ़ना चाहिए।

उन्होंने कहा कि बड़ी अर्थव्यवस्थाएं शांत स्थिति मे नहीं बनती। यह भारत का समय है। हमें इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए और दुनिया के अग्रणी देशों के बीच अपना उचित स्थान पाने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। गोयल ने सरकार के वृद्धि मॉडल को समावेशी, टिकाऊ और ईमानदार विकास पर केंद्रित बताया जिसमें सेवा, सुशासन और नवाचार पर जोर दिया गया है। उन्होंने नागरिक कल्याण के प्रति प्रधानमंत्री मोदी की व्यक्तिगत प्रतिबद्धता की प्रशंसा की। साथ ही ईरान तथा यूक्रेन जैसे वैश्विक संघर्ष क्षेत्रों में सरकार के निकासी प्रयासों का भी उल्लेख किया।

## राष्ट्रीय

**एक नजर**

### बम की धमकी पर पालघर का स्कूल कराया खाली

**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर जिले के निजी स्कूल को बुधवार सुबह ईमेल के जरिए बम की धमकी मिली, जिसके बाद छात्रों, शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों को स्कूल परिसर से बाहर निकाला गया। मीरा-भायंदर वसई-विरार (एमबीवीवी) पुलिस के अधिकारी ने बताया कि बम की धमकी अफवाह निकली क्योंकि नालासोपारा स्थित स्कूल के परिसर में जांच के दौरान कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

### अमरनाथ यात्रा के लिए बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था

**श्रीनगर।** कश्मीर पुलिस प्रमुख वीके बिरदी ने बुधवार को कहा कि अमरनाथ यात्रा सुरक्षित और निर्बाध रूप से संपन्न हो, इसके लिए बहुस्तरीय और गहन सुरक्षा व्यवस्था की गई है। कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) ने अनंतनाग में बताया, अगले सप्ताह से श्री अमरनाथ यात्रा शुरू होने जा रही है। जम्मू कश्मीर पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों ने यात्रा के लिए सभी सुरक्षा प्रबंध कर लिए हैं।

### 7 करोड़ की धोखाधड़ी का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में 7.14 करोड़ निवेश के धोखाधड़ी के मुख्य आरोपी को तीन साल बाद उत्तराखंड से गिरफ्तार किया गया है। बुधवार को पुलिस उपायुक्त (आर्थिक अपराध शाखा) पराग मनेरे ने बताया कि आरोपी अजय उसारे (38) ने अपने साथियों के साथ मिलकर ठाणे के वागले एस्टेट इलाके में विदेशी मुद्रा कारोबार कंपनी खोली और भोले-भाले निवेशकों को चपत लगाई। मनेरे के अनुसार, उसारे को गिरफ्तार किए जाने के साथ अब तक इस मामले में छह लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

# आपातकाल की यादें जीवित रखनी होंगी : शाह

## आपातकाल की 50वीं बरसी पर हुए 'संविधान हत्या दिवस' कार्यक्रम को केंद्रीय गृहमंत्री ने किया संबोधित

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि आपातकाल की यादों को जीवित रखा जाना चाहिए ताकि देश पर तानाशाही विचार न थोप सके। शाह ने आपातकाल की 50वीं बरसी पर हुए कार्यक्रम में कहा कि जब बात सामाजिक और राष्ट्रीय जीवन की होती है, तो ऐसे घटनाक्रमों को याद रखा जाना चाहिए, ताकि युवा अन्याय के खिलाफ जागरूक और तैयार रह सकें।

शाह ने कहा कि देश 50 साल पहले आज के दिन घोषित आपातकाल के दौरान कांग्रेस द्वारा किए अन्याय और अत्याचारों को कभी नहीं भूलेगा और इसलिए प्रधानमंत्री मोदी ने इस दिन को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाने का सही निर्णय लिया है। इंदिरा गांधी सरकार ने 25 जून 1975 को आपातकाल लगाया था। शाह ने एक पुस्तक 'द इमरजेंसी डायरीजः इयर्स दैट फोर्ज्ड ए लीडर' का विमोचन किया, जो आपातकाल के दौरान युवा नरेन्द्र मोदी के साथ काम कर चुके सहयोगियों के व्यक्तिगत अनुभवों और अन्य संग्रहित दस्तावेजों पर आधारित है। कार्यक्रम को केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, अश्विनी वैष्णव, दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा,



नई दिल्ली में 'संविधान हत्या दिवस' पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, गजेंद्र सिंह शेखावत, अश्विनी वैष्णव, उपराज्यपाल वीके सक्सेना और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता।

### निरंकुश शासक ने परिवारवादी शासन को बनाए रखने के लिए आपातकाल लगाया

अमित शाह ने कहा कि 50 साल पहले एक निरंकुश शासक द्वारा लगाया गया आपातकाल जिसका उद्देश्य अपने परिवारवादी शासन को बनाए रखना था, इतिहास के सबसे काले अध्यायों में से एक था। शाह ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का परोक्ष उल्लेख करते हुए कहा कि आपातकाल कोई राष्ट्रीय आवश्यकता नहीं था, बल्कि यह कांग्रेस और केवल एक व्यक्ति की अलोकतांत्रिक मानसिकता का प्रतिबिंब था। गृह मंत्री ने एक्स पर कहा, यह दिवस बताता है कि जब सत्ता तानाशाही बन जाती है तो जनता उसे उखाड़ फेंकने की ताकत रखती है। आपातकाल कोई राष्ट्रीय आवश्यकता नहीं, बल्कि कांग्रेस और एक व्यक्ति की लोकतंत्र विरोधी मानसिकता का परिचायक था। प्रेस की स्वतंत्रता कुचली गई, न्यायपालिका के हाथ बांधे गए और सामाजिक कार्यकर्ताओं को जेल में डाला गया। शाह ने कहा, देशवासियों ने सिंहासन खाली करो का शंखनाद किया और तानाशाह कांग्रेस को उखाड़ फेंका। इस संघर्ष में बलिदान देने वाले सभी वीरों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि।

# मोदी के कारण संविधान संकट में आज अघोषित आपातकाल : खरगे

नई दिल्ली, एजेंसी



- कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा- भाजपा संविधान हत्या दिवस मनाने का कर रही नाटक

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को आपातकाल की 50वीं बरसी पर प्रधानमंत्री मोदी के हमले पर पलटवार करते हुए आरोप लगाया कि भाजपा सरकार की विफलताओं को छिपाने के लिए 'संविधान हत्या दिवस' मनाने का नाटक कर रही है। वह आपातकाल तो खत्म हो गया, लेकिन मोदी सरकार में अघोषित आपातकाल है।

खरगे ने कहा कि मोदी के कारण ही आज संविधान संकट में है। अब ये संविधान बचाओ की बात कर रहे हैं। आपातकाल के 50 साल पूरा होने के बाद उसे दोहरा रहे हैं। उन्होंने भाजपा के वैचारिक पूर्वजों का हवाला देते हुए कहा कि जिनका आजादी के आंदोलन में कोई योगदान नहीं रहा, जिनका संविधान के निर्माण कोई योगदान नहीं रहा, जो हमेशा संविधान के खिलाफ बात करते रहे, जिन लोगों ने बाबासाहेब आंबेडकर के संविधान को रामलीला मैदान में जलाया, उन्हें अब सदबुद्धि आई। खरगे ने दावा किया, हम एक साल से संविधान बचाओ यात्रा निकाल रहे हैं, उससे भाजपा घबरा गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार शासन में नाकाम रही।

# दिल्ली के रसायन फैक्टरी में आग लगने से चार की मौत, तीन घायल

नई दिल्ली, एजेंसी

- रोहिणी के रिठाला इलाके की पांच मंजिला इमारत की आग बुझाने पहूंची दमकल की 16 गाड़ियां

दिल्ली में रोहिणी के रिठाला इलाके में रसायन फैक्टरी में आग लगने से चार लोगों की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए। दमकल विभाग ने बुधवार को बताया कि आग मंगलवार को रोहिणी सेक्टर-5 में पांच मंजिला इमारत में लगी, जिसे बुझाने के लिए दमकल की 16 गाड़ियों को भेजा गया।

दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के प्रमुख अतुल गर्ग ने कहा कि घटना रिठाला मेट्रो स्टेशन के पास परिसर में होने की सूचना मिली थी। आग लगने का कारण अभी ज्ञात नहीं है और जांच जारी है। मलबे में दबे लोगों का पता लगाने के लिए अभियान जारी है। पुलिस ने अब तक आग में झुलसे चार लोगों के शव बरामद किए हैं। तीन घायल लोगों को बाबा साहब अम्बेडकर (बीएसए) अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी पहचान नितिन बंसल (31), राकेश (30) और विरेंद्र (25) के रूप में हुई है। नितिन और राकेश राम मनोहर लोहिया अस्पताल भेज दिया गया।

**आपदा प्रबंधन**



एसडीआरएफ की टीम ने बहादुरी दिखाते हुए बुधवार को तवी नदी में अचानक आई बाढ़ के बीच फंसे व्यक्ति को सुरक्षित निकाला। भारी बारिश के चलते नदी का जलस्तर तेज़ी से बढ़ गया था। एजेंसी

# सोनम के गायब हुए सामान में तमंचा होने की आशंका

**राजा रघुवंशी हत्याकांड**

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** राजा रघुवंशी हत्याकांड के अहम सबूत छिपाने और मिटाने के आरोपी की निशानदेही पर मेघालय पुलिस ने इंदौर में बुधवार को एक नाले से प्लास्टिक की थैली में बंधा सामान बरामद किया। माना जा रहा है कि इसमें तमंचा हो सकता है।

मेघालय पुलिस मामले में गिरफ्तार रियल एस्टेट कारोबारी शिलोम जेम्स के साथ शहर के पलासिया क्षेत्र के एक नाले प्लास्टिक की थैली में बंधा सामान मिला। इस बारे में मेघालय पुलिस का कोई बयान सामने नहीं आया है। इंदौर पुलिस ने बताया कि प्लास्टिक की थैली में तमंचा हो सकता है। इसको अन्य सामान के साथ इंदौर के उस फ्लैट से गायब किए जाने का संदेह है, जिसमें सोनम उनके हत्याकांड के बाद मेघालय से फरार होने के बाद कई दिन तक रुकी थी।

# रिहाई में देरी पर जेल अफसरों को सुप्रीम फटकार

नई दिल्ली, एजेंसी



- राज्य सरकार को निर्देश, पीड़ित को दें पांच लाख रुपये मुआवजा

सुप्रीम कोर्ट ने धर्मांतरण रोधी कानून के तहत दर्ज मामले में 29 अप्रैल को जमानत पाने वाले आरोपी को रिहा करने में देरी पर बुधवार को उत्तर प्रदेश के जेल अफसरों को फटकार लगाई। न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन और एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह 24 जून को जिला जेल गाजियाबाद से रिहा किए आरोपी को पांच लाख का मुआवजा दे।

वीडियो कांफ्रेंस के जरिए उत्तर प्रदेश के जेल महानिदेशक पीठ के समक्ष पेश हुए। राज्य के वकील ने कहा कि आरोपी को मंगलवार को जेल से रिहा किया गया और देर का पता लगाया जा है। पीठ ने गाजियाबाद के प्रधान जिला एवं सत्र जज को जांच रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। आरोपी का दावा था कि उसे इस आधार पर रिहा नहीं किया गया कि जमानत आदेश में धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम के की उपधारा का उल्लेख नहीं किया गया था।

### नीतीश कटारा हत्याकांड में सुखदेव को 3 माह का फरलो

सुप्रीम कोर्ट ने 2002 के नीतीश कटारा हत्याकांड में सुखदेव यादव को बुधवार को तीन महीने का फरलो दिया। न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां और के विनोद चंद्रन ने कहा कि यादव ने बिना किसी छूट के 20 साल जेल की सजा काटी है। शीर्ष न्यायालय ने निर्देश दिया कि यादव को सात दिन में निचली अदालत में पेश किया जाए और उसे फरलो दिए जाने से पहले निचली अदालत उस पर उचित शर्तें लगाए। फरलो का मतलब जेल से अस्थायी रिहाई है, न कि सजा का निलंबन या छूट।

### वकीलों को तलब करने की अनुमति न्याय के लिए खतरा

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मुवक्किलों को सलाह देने के लिए वकीलों को पुलिस या जांच एजेंसियों द्वारा तलब करने की अनुमति देना न्याय की स्वतंत्रता के लिए प्रत्यक्ष खतरा है। न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन और एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि कानूनी पेशा न्याय प्रशासन की प्रक्रिया का अभिन्न अंग है। जांच एजेंसियों/पुलिस को पक्षकारों को सलाह देने वाले बचाव पक्ष के वकील या अधिवक्ताओं को तलब करने की अनुमति देना कानूनी पेशे की स्वायत्तता को गंभीर रूप से कमजोर करेगा और न्याय प्रशासन की स्वतंत्रता के लिए भी प्रत्यक्ष खतरा पैदा करेगा। पीठ ने मामले में कुछ प्रश्न भी खड़े किये।

# रथ यात्रा : पुरी की निगरानी करेंगे एआई कैमरे और एनएसजी

**पुरी।** समुद्र तटीय तीर्थ नगरी पुरी में 27 जून को भगवान जगन्नाथ की वार्षिक रथ यात्रा के मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करते हुए 10 हजार सुरक्षाकर्मी तैनात हैं। बुधवार को पुलिस अधिकारी ने बताया कि इसके अलावा, निगरानी के लिए विभिन्न स्थानों पर 250 से अधिक एआई युक्त कैमरे लगाए गए हैं और आसपास के मकानों की छत पर एनएसजी के निशानेबाजों की तैनाती भी की गई है। श्रद्धालुओं को संभालने तथा खुद को तैयार करने के लिए केंद्रीय सशस्त्र बलों ने रिहर्सल में भाग लिया।

# उपचुनावों के इंडेक्स कार्ड 72 घंटे में जारी

नई दिल्ली, एजेंसी

निर्वाचन आयोग (ईसी) ने बुधवार को बताया कि उसने हाल में हुए विस उपचुनाव के लिए इंडेक्स कार्ड अपने नए डिजिटल मंच की मदद से 72 घंटे में जारी कर दिए। इंडेक्स कार्ड गैर-वैधानिक, चुनाव-पश्चात सांख्यिकीय रिपोर्टिंग होती है जो विभिन्न हितधारकों को मतदान संबंधी रुझान समझने में मदद करती है।

ईसी ने कहा कि उसने केरल, गुजरात, पंजाब और प. बंगाल में पांच विस क्षेत्रों के लिए 19 जून को हुए उपचुनाव के दौरान नए डिजिटल मंच ईसीआईएनईटी का संचालन शुरू किया। नतीजे 23 जून को घोषित हुए। सुव्यवस्थित, प्रौद्योगिकी-संचालित प्रणाली उपचुनाव के दौरान अनुमानित मतदान प्रतिशत के रुझान पर समय पर अद्यतन जानकारी देने में सक्षम थी। नयी प्रणाली के तहत, इंडेक्स कार्ड में अधिकांश डेटा ईसीआईएनईटी इनपुट का उपयोग करके स्वतः भरे जाते हैं।

### ईसी पांच और राज्यों में मतदाता सूची की करेगा समीक्षा

**नई दिल्ली।** बिहार के बाद, निर्वाचन आयोग इस वर्ष के अंत तक उन पांच राज्यों में मतदाता सूचियों की गहन समीक्षा करेगा जहां 2026 में चुनाव होने हैं। अंततः, निर्वाचन आयोग देशभर में विशेष गहन पुनरीक्षण शुरू करेगा, ताकि मतदाता सूचियों की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के अपने संवैधानिक दायित्व का निर्वहन किया जा सके। गहन समीक्षा के तहत, चुनाव अधिकारी त्रुटिरहित मतदाता सूची सुनिश्चित करने के लिए घर-घर जाकर सत्यापन करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल की विस का कार्यकाल अगले वर्ष मई-जून में समाप्त हो रहा है और इन राज्यों में मतदाता सूचियों की गहन समीक्षा वर्ष के अंत तक शुरू हो जाएगी। हालांकि, चूंकि बिहार में इस वर्ष के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं, इसलिए निर्वाचन आयोग ने वहां तत्काल विशेष गहन पुनरीक्षण करने का निर्णय लिया है।

# शार्दुल के स्थान पर कुलदीप को मिल सकती है जगह

भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के पहले मैच में शार्दुल ठाकुर से कम गेंदबाजी कराने के कप्तान शुभमन गिल के फैसले का बचाव किया है, लेकिन दो जुलाई से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में उनके चयन को सही ठहराना मुश्किल होगा। दिसंबर 2023 के बाद से अपना पहला टेस्ट खेल रहे शार्दुल का तेज गेंदबाजी में अच्छा उपयोग नहीं हुआ और उन्होंने अपनी बल्लेबाजी से भी टीम को निराश किया। उन्होंने दो पारियों में 20 गेंदों पर कुल पांच रन बनाए। शार्दुल ने मैच की पहली पारी में सिर्फ छह ओवर और दूसरी पारी में 10 ओवर गेंदबाजी की। ऐसे में विशेषज्ञ गेंदबाज की जगह उन्हें तरजीह देने पर सवाल उठ रहे हैं।

**नई दिल्ली, एजेंसी**

शार्दुल ने मैच के पांचवें दिन हालांकि लगातार दो विकेट लेकर भारत की जीत की उम्मीदें जगा दी थी, लेकिन उनकी गेंदबाजी में धार और पैनापन नहीं था। उन्होंने और प्रसिद्ध कृष्णा ने बहुत सारी कमजोर गेंदें फेंकी, जिससे इंग्लैंड के बल्लेबाजों पर दबाव नहीं बना। भारत को इस पांच दिवसीय मैच में ज्यादातर समय तक दबदबा बनाये रखने के बावजूद हार का सामना करना पड़ा। इस हार के बावजूद टीम को ज्यादा परेशान होने की जरूरत नहीं है। एजबेस्टन टेस्ट के लिए हालांकि अंतिम एकादश में कुछ बदलाव तय हैं। विशेषज्ञों ने श्रृंखला के पहले मैच में कुलदीप यादव को शामिल करने की मांग की थी और अब बर्मिंघम में स्पिनरों की मदद करने वाली पिच पर शार्दुल की जगह उन्हें शामिल किए जाने की संभावना है।

**पूर्व भारतीय बल्लेबाज संजय मांजरेकर** ने 'जियोस्टार' से कहा, कुलदीप यादव को वापस आना होगा। मुझे यह कहते हुए दुख हो रहा है, लेकिन शार्दुल ठाकुर को बाहर जाना होगा। उन्होंने कहा यह एक बदलाव है जो भारत को करना होगा। जहां तक नीतीश कुमार रेड्डी का सवाल है तो मैंने पहले टेस्ट के लिए उनका समर्थन इस आधार पर किया था कि उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में शानदार प्रदर्शन किया था। मांजरेकर ने कहा लेकिन वह पर्याप्त विकल्प प्रदान नहीं करता है। वह टीम में चौथे तेज गेंदबाज की भूमिका में पूरी तरह से खरा नहीं उतर पाएगा इसलिए भारतीय टीम प्रबंधन को कड़ा फैसला लेना होगा। हमें यहां की परिस्थितियों में अपने सर्वश्रेष्ठ आक्रमण के साथ करना होगा और इसके लिए मैं एक तेज गेंदबाज कम रखूंगा और कुलदीप को अंतिम एकादश में शामिल करूंगा। उसे खेलना ही होगा। हेडिंग्ले में इंग्लैंड के 371 रन के रिकार्ड लक्ष्य का पीछा करने के बाद गंभीर से शार्दुल के कम उपयोग के बारे में पूछा गया तो उन्होंने इस मामले में कप्तान का समर्थन किया। उन्होंने कहा कप्तान कभी-कभी अपनी अंतरात्मा की सोच के अनुसार काम करता है और जडेजा ने पहली पारी में हमें नियंत्रण ( रन गति को कम कर) दिया था। इससे हम दूसरे छोर पर अपने तीन तेज गेंदबाजों से गेंदबाजी करा सकते थे। उन्होंने कहा हम जानते हैं कि शार्दुल का कौशल क्या है और इसलिए वह भारत के लिए खेल रहे हैं। वह चौथे तेज गेंदबाज हैं, इसका मतलब यह नहीं है कि उन्हें स्पिनर से पहले गेंदबाजी का मौका दिया जाना चाहिए। एक कप्तान अपनी सोच के अनुसार फैसले लेता है और यह फैसला काफी हद तक पिच की स्थिति पर आधारित होता है। गेंदबाजी विभाग में किसी और बदलाव की संभावना कम है क्योंकि पहले और दूसरे टेस्ट मैच के बीच एक सप्ताह का अंतराल है और ऐसे में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के अंतिम एकादश में बने रहने की उम्मीद है। अर्शदीप सिंह के फिर से बाहर बैठने की संभावना है क्योंकि टीम प्रबंधन प्रसिद्ध को और मौका देना चाहेगा।

### चार तेज गेंदबाजों के साथ खेलने का कोई मतलब नहीं

पूर्व भारतीय कप्तान दिलीप वेंगसरकर ने 'पीटीआई' से कहा कुलदीप को टीम में होना चाहिए। चार तेज गेंदबाजों के साथ खेलने का कोई मतलब नहीं है। शार्दुल या प्रसिद्ध में से कोई भी उनके लिए जगह बना सकता है। इंग्लैंड में टीमें अकसर चार तेज गेंदबाजों के साथ मैदान पर उतरते रहीं हैं लेकिन मौजूदा समय में शुष्क मौसम को देखते हुए कुलदीप और रविंद्र जडेजा दोनों अंतिम एकादश में जगह बना सकते हैं। जडेजा की गेंदबाजी पर भी सवाल उठ रहे हैं क्योंकि वह स्पिनरों की मददगार पांचवें दिन की पिच पर ज्यादा प्रभाव नहीं छोड़ सके।



शार्दुल ठाकुर। ● एजेंसी



कुलदीप यादव।

# हमें कैच छोड़ना महंगा पड़ा : शुभमन गिल

**लीड्स, एजेंसी**

भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि हमारे पास टेस्ट जीतने का मौका था, लेकिन कैच छोड़ना हमें महंगा पड़ा। इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में पांच विकेट से मिली हार के बाद भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि टेस्ट मैच शानदार रहा। हम इंग्लैंड की टीम को 430 रनों का लक्ष्य देने के बारे में सोच रहे थे, लेकिन हमने 31 रन जोड़कर अपने आखिरी पांच विकेट गवां दिये। उन्होंने कहा कि हमारे पास मैच जीतने का मौका था। कैच छोड़ना हमें महंगा पड़ा। उन्होंने कहा कि आज भी, मुझे लगा कि पहले विकेट के बाद हमारे पास मौके थे। हमने पहली पारी में खराब प्रदर्शन के बारे में बात की, हमें आगे बढ़ते हुए इसमें सुधार करना होगा। इस तरह के विकेट पर मौके आसानी से नहीं मिलते, लेकिन हमारी टीम युवा है, टीम में सीखने का जज्बा है। उम्मीद है कि इसमें सुधार होगा। उन्होंने कहा कि पहले सत्र में हमने शानदार गेंदबाजी की और रनों पर अंकुश लगाया, लेकिन एक बार गेंद पुरानी हो जाने के बाद रन रोकना मुश्किल होता है। जब गेंद नरम हो जाए तो विकेट लेते रहना चाहिए। जाडेजा ने शानदार गेंदबाजी की, उन्होंने मौके बनाए।

बुमराह कौन से गेम खेलेंगे इस सवाल पर उन्होंने कहा कि यह मैच दर मैच तय होता है। एक बार जब हम लंबे ब्रेक के बाद अगले मैच के करीब होंगे तब देखा जायेगा। गौरतलब है कि लीड्स के मैदान पर भारतीय खिलाड़ियों ने कई कैच छोड़े, जिससे उन्हें मैच गवाना पड़ा। अकेले यशस्वी जायसवाल ने चार कैच छोड़े। इससे इंग्लैंड के बल्लेबाजों को और रन बनाने का मौका मिला और उन्होंने जीत हासिल की।



शुभमन गिल।



यशस्वी जायसवाल से मैच के दौरान बेन डकेट का महत्वपूर्ण कैच छूट गया। इसके साथ ही मैच जीतने का सुनहरा अवसर भी छूट गया। ● एजेंसी

# हर्षित राणा को भारतीय टीम से रिलीज किया गया

**बर्मिंघम, एजेंसी**

इंग्लैंड के खिलाफ लीड्स में खेले गये पहले टेस्ट के लिए भारतीय टीम में कवर के तौर पर शामिल किए गए युवा तेज गेंदबाज हर्षित राणा को टीम प्रबंधन ने बुधवार को रिलीज (टीम से अलग करना) कर दिया। राणा ने इससे पहले ऑस्ट्रेलिया दौरे पर दो टेस्ट मैच खेले थे।

वह इंग्लैंड दौरे पर भारत ए टीम का हिस्सा थे लेकिन कैंटरबरी में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ अनौपचारिक टेस्ट में ज्यादा प्रभाव नहीं डाल पाए। उन्होंने 27 ओवर में 99 रन देकर सिर्फ एक विकेट लिया। बीसीसीआई के एक सूत्र ने नाम न बताने की शर्त पर 'पीटीआई' को बताया, हर्षित राणा को टीम से रिलीज कर दिया गया है। वह दो जुलाई से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए भारतीय टीम के साथ बर्मिंघम नहीं आये हैं। दिल्ली के 23 साल के हर्षित को मुख्य कोच गौतम गंभीर का शिष्य माना जाता है। वह गेंद को पिच पर पूरी ताकत के साथ टप्पा खिलाने के लिए जाने जाते है।

उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में पर्थ के मैदान पर अपनी ऑफ कटर गेंद से ट्रेविस हेड को चकमा देकर सुर्खियां बटोरी थी। समय के साथ हालांकि यह स्पष्ट हो गया है कि शीर्ष स्तर पर लाल गेंद के मैचों को खेलने के लिए उन्हें अपनी गेंदबाजी में और सुधार करना होगा। इंग्लैंड की परिस्थितियों में मुकेश कुमार और अंशुल कंबोज को हर्षित से बेहतर गेंदबाज माना जा रहा है लेकिन इन दोनों की जगह कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के इस गेंदबाज को तरजीह मिलने पर सवाल भी उठे थे। गंभीर ने मंगलवार को पहले टेस्ट मैच में भारत की हार के बाद कहा था हर्षित राणा को लेकर मैं चयन समिति के अध्यक्ष से चर्चा करूंगा। कुछ छोटी-मोटी परेशानियों के कारण उन्हें रोका गया था। अब सब कुछ ठीक है। मैं चर्चा करूंगा और फिर हम उस पर निर्णय लेंगे।

## एक नजर

### भारत के नौ वर्षीय खिलाड़ी ने कार्लसन को ड्रॉ पर रोका

**नई दिल्ली :** दिल्ली के नौ वर्षीय आरित कपिल एक प्रमुख ऑनलाइन मंच पर आयोजित 'अर्ली टाइटल्ड ट्यूजडे' शतरंज टूर्नामेंट में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराने के करीब पहुंच गए थे लेकिन आखिर में उन्हें ड्रॉ पर संतोष करना पड़ा। हाल ही में अंडर-नौ राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में उपविजेता रहे आरित ने पांच बार के विश्व चैम्पियन कार्लसन को हार के कगार पर पहुंचा दिया था, लेकिन समय समाप्त होने और घड़ी में केवल कुछ सेकंड बचे होने के कारण यह युवा भारतीय खिलाड़ी अपनी बढ़त को भुनाने में असमर्थ रहा और उसे ड्रॉ पर मजबूर होना पड़ा। आरित ने जॉर्जिया के अपने होटल से इस प्रतियोगिता में भाग लिया, जहां वह वर्तमान में अंडर-10 विश्व चैंपियनशिप में खेल रहे हैं। इस बीच भारत के वी प्रणव ने 11 में से 10 अंक लेकर 'अर्ली टाइटल्ड ट्यूजडे' का खिताब जीत लिया। अमेरिकी ग्रैंडमास्टर हैंस मोके नीमन और कार्लसन दोनों ने 9 .5 अंक हासिल किए, लेकिन नीमन ने टाईब्रेक में दूसरा स्थान हासिल किया।

### भारतीय निशानेबाजी लीग के लिए 400 से अधिक पंजीकरण

**नई दिल्ली** : आगामी भारतीय निशानेबाजी लीग (एसएलआई) में भाग लेने के लिए अभी तक दुनिया भर के 400 से अधिक खिलाड़ी पंजीकरण करा चुके हैं। इस प्रतियोगिता के आयोजक भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने बुधवार को यह जानकारी दी। भारत, कजाकिस्तान, रूस, ईरान, हंगरी, क्रोएशिया, अजरबैजान, यूनाइटेड किंगडम, ऑस्ट्रेलिया, ग्रेनेडा, इटली, ऑस्ट्रेलिया, ऑस्ट्रिया, सर्बिया, अमेरिका, स्पेन, थाईलैंड, जर्मनी, चेक गणराज्य, नॉर्वे, सैन मैरिनो और रोमानिया के निशानेबाजों ने लीग के लिए पंजीकरण कराया है। एनआरएआई के अध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव ने कहा हमें पहली भारतीय निशानेबाजी लीग को लेकर जिस तरह की प्रतिक्रिया मिल रही है उससे वास्तव में हम उत्साहित हैं। पहली भारतीय निशानेबाजी लीग का आयोजन इस साल के आखिर में 20 नवंबर से दो दिसंबर तक किया जाएगा। इसमें पिस्टल (10 मीटर, 25 मीटर), राइफल (10 मीटर, 50 मीटर 3 पोजीशन) और शॉटगन (ट्रैप और स्कीट) में मिश्रित टीम स्पर्धाएं शामिल होंगी।

### भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हराया

**बर्लिन :** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने बुधवार को चार देशों के टूर्नामेंट में तीसरे और चौथे स्थान के लिए खेले गये मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हरा दिया। आज यहां खेले गये मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के टोबी मैलन ने दूसरे हाफ में 40वें मिनट में मैदानी गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलायी। इसके बाद भारत के रोहित ने (45वें) मिनट में गोलकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। चौथे क्वार्टर में भारत के अजीत यादव ने (52वें) मिनट में गोल कर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। पहले हाफ में दोनों टीमें के बीच संघर्षपूर्ण मुकाबला हुआ।

## पंत टेस्ट रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ सातवें स्थान पर

**दुबई :** भारत के आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के पहले टेस्ट में दो शतक की बदौलत बुधवार को जारी नवीनतम आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ सातवें स्थान पर पहुंच गए।

पहले टेस्ट में पांच विकेट की हार के दौरान पहली पारी में शतक जड़ने वाले भारत के नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल भी पांच स्थान के फायदे से 20वें पायदान पर हैं। एक ही टेस्ट में दो शतक जड़ने वाले केवल दूसरे विकेटकीपर बने पंत को एक स्थान का फायदा हुआ है। पंत से पहले जिंबाब्वे के एंडी फ्लावर एकमात्र विकेटकीपर थे जिन्होंने एक ही टेस्ट में दो शतक जड़ने की उपलब्धि हासिल की थी। भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह पहले टेस्ट की पहली पारी में पांच विकेट चटकाने के बाद शीर्ष पर बने हुए हैं। इंग्लैंड की जीत के दौरान 62 और 149 रन की पारी खेलकर मैन ऑफ द मैच बने बेन डकेट पांच स्थान की छलांग के साथ रैंकिंग में आठवें स्थान पर पहुंच गए। डकेट के टीम के साथियों ओली पोप (तीन स्थान के फायदे से 19वें स्थान पर) और जेमी स्मिथ (आठ स्थान के फायदे से 27वें स्थान पर) को भी रैंकिंग में फायदा हुआ है। इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट दुनिया के नंबर एक टेस्ट बल्लेबाज हैं जबकि टीम के उनके साथी हैरी ब्रूक दूसरे स्थान पर हैं। पहले टेस्ट में प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाले इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स टेस्ट ऑलराउंडर की सूची में तीन स्थान के फायदे से पांचवें स्थान पर पहुंच गए।

# कमजोर गेंदबाजी पर गंभीर ने कहा, हमें उन्हें समय देना होगा

**लीड्स, एजेंसी**

इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में हार के दौरान भारतीय आक्रमण की अनुभवहीनता खुलकर उजागर हो गई, लेकिन मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा कि टीम के अधिकतर तेज गेंदबाज अभी अपने करियर की शुरुआत कर रहे हैं। उन्हें कुछ और समय देने की जरूरत है। इंग्लैंड की पहली पारी में पांच विकेट लेने वाले जसप्रीत बुमराह को छोड़कर कोई भी अन्य गेंदबाज प्रभावशाली नहीं दिखा।

मेजबान टीम ने मंगलवार को मैच के पांचवें और अंतिम दिन 371 रन का लक्ष्य बिना किसी परेशानी के हासिल कर लिया। प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज और शार्दुल ठाकुर की तेज गेंदबाजी तिकड़ी की लाइन और लेंथ में निरंतरता का अभाव दिखा। गंभीर में भारत की पांच विकेट से हार के बाद संवाददाताओं से कहा हमें उन्हें समय देना होगा। पहले हमारी टीम में चार तेज गेंदबाज होते थे, जिन्हें 40 से अधिक टेस्ट मैचों का अनुभव था। एकदिवसीय या टी20 मैचों में इसका इतना बड़ा प्रभाव नहीं पड़ता, लेकिन जब आप टेस्ट मैच खेलने के लिए ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड या दक्षिण अफ्रीका का दौरा करते हैं तो अनुभव काफी मायने रखता है।

उन्होंने कहा उनके करियर के अभी शुरुआती दिन हैं। अगर हम प्रत्येक टेस्ट मैच के बाद अपने गेंदबाजों का मूल्यांकन करना शुरू कर देंगे, तो हम अच्छा गेंदबाजी आक्रमण कैसे तैयार कर पाएंगे। बुमराह और सिराज के अलावा हमारे पास तेज गेंदबाजी में उतना अनुभव नहीं है, लेकिन उनमें (अन्य में) गुणवत्ता है और यही वजह है कि वे इस भारतीय टीम में हैं। गंभीर ने कहा लेकिन हमें उनका समर्थन करते रहना होगा, क्योंकि यह एक दौरे की बात नहीं है। यह एक मजबूत तेज गेंदबाजी आक्रमण तैयार करने से जुड़ा है, जो टेस्ट क्रिकेट में लंबे समय तक भारत की सेवा कर सके। भारतीय टीम में शामिल अन्य तेज गेंदबाजों में अर्शदीप सिंह ने अभी तक कोई टेस्ट नहीं खेला है जबकि हर्षित राणा ने केवल दो मैच खेले हैं। प्रसिद्ध ने मैच में पांच विकेट लिए लेकिन उन्होंने काफी रन भी लुटाए।

गंभीर को हालांकि लगता है कि प्रसिद्ध में एक बहुत अच्छा टेस्ट गेंदबाज बनने के सभी गुण मौजूद हैं। उन्होंने शार्दुल ठाकुर का भी बचाव किया, जिन्होंने पहली पारी में केवल छह और पूरे मैच में 16 ओवर ही फेंके। गंभीर ने कहा कप्तान परिस्थितियों के अनुसार फैसला करता है। रविंद्र जडेजा ने पहली पारी में हमें संतुलन प्रदान किया जिससे हम दूसरे छोर पर अपने तीन तेज गेंदबाजों में अदला बदली कर सकते थे।



● मुख्य कोच गौतम गंभीर ने भारतीय कमजोर आक्रमण पर गेंदबाजों का लिया पक्ष

### तीन और शतक लगे थे, पंत के दो शतक के बारे में पूछने पर बोले गंभीर

**लीड्स, एजेंसी :** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ऋषभ पंत के दो शतक जैसी व्यक्तिगत उपलब्धियों की तारीफ करने के मूड में नहीं दिखे और जब उनसे इंग्लैंड के हाथों पहले टेस्ट में मिली हार के सकारात्मक पहलुओं के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि सबसे अहम नतीजा होता है जो टीम हासिल नहीं कर सकी। गंभीर से जब पंत के दो शतकों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा तीन और शतक बने थे । ये सब सकारात्मक बातें हैं । शुक्रिया। मैच के सकारात्मक पहलुओं के बारे में पूछने पर गंभीर ने कहा अगर आप कहते कि यशस्वी (जायसवाल) ने शतक जमाया और शुभमन गिल ने बतौर कप्तान पदार्पण में शतक जड़ा तो मुझे अच्छा लगता। केएल राहुल ने भी शतक लगाया और ऋषभ ने दो शतक लगाये। एक टेस्ट में पांच शतक बड़ी बात है। यह सवाल बेहतर हो सकता था। कोच ने कहा कि अगर टीम हारती है तो व्यक्तिगत उपलब्धियां मायने नहीं रखती। भारत को इंग्लैंड ने पांच विकेट से हराया। उन्होंने कहा ये सब सकारात्मक पहलु हैं। जसप्रीत बुमराह ने पांच विकेट लिए। लेकिन आखिर में सब कुछ इसी पर आता है कि हम मैच जीत नहीं सके। उन्होंने कहा व्यक्तिगत प्रदर्शन अच्छी बात है। हमें शीर्ष छह से बड़ी पारियां चाहिए थी लेकिन आखिर में तो हम टेस्ट मैच जीत नहीं सके।

### पहले टेस्ट में हार के बावजूद बुमराह को लेकर योजना में कोई बदलाव नहीं

**लीड्स :** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा है कि टीम प्रबंधन पहले टेस्ट में हार के बावजूद तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ तीन से अधिक टेस्ट मैच खेलने के लिए नहीं कहेगा। बुमराह एकमात्र भारतीय गेंदबाज थे जिन्होंने हेडिंग्ले में खेले गए पहले टेस्ट मैच में इंग्लैंड के बल्लेबाजों के सामने लगातार चुनौती पेश की। बुमराह अपने करियर के दौरान चोटों से जूझते रहे हैं और यही वजह है कि उनके कार्यभार प्रबंधन के तहत टीम प्रबंधन ने उन्हें पांच में से तीन टेस्ट मैचों में खिलाने का फैसला किया था। चार मैच शेष रहने के बावजूद यह योजना नहीं बदली है। गंभीर ने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा नहीं, हम अपनी योजना में कोई बदलाव नहीं करेंगे। हमारे लिए उनके कार्यभार का प्रबंधन करना महत्वपूर्ण है, क्योंकि आगे काफी क्रिकेट खेलना है और हम जानते हैं वह क्या कर सकते हैं। श्रृंखला शुरू होने से पहले ही तय कर दिया गया था कि वह तीन टेस्ट मैच खेलेंगे।

# भारतीय क्रिकेट ने जब कामयाबी की नींव रखी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पिछले चार साल में जब भी 25 जून आता है तो '83' वाट्सअप ग्रुप के सबसे जिंदादिल सदस्य की यादें बाकी 13 सदस्यों को कचोटती हैं। चार साल पहले यशपाल शर्मा ने आखिरी सांसें ली थी लेकिन ऐसा एक भी दिन नहीं गया होगा जब कपिल देव की 1983 विश्व कप विजेता टीम के सदस्यों ने 'यश पाजी' को याद नहीं किया हो।

कोरोना महामारी से पहले पंजाब के तत्कालीन चयनकर्ता यशपाल दिल्ली में रणजी मैच देखने आये थे। उन्होंने कुछ पत्रकारों को उलाहना भी दिया था कि ओल्ड टैफर्ड में वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले मैच की रिकॉर्डिंग उनके पास नहीं है जिसमें उनकी 89 रन की पारी की मदद से भारत ने 34 रन से जीत दर्ज की थी।

टूर्नामेंट में सर्वाधिक 240 रन बनाने वाले यशपाल ने कहा था जिसके पास भी रिकॉर्डिंग है, मैं उसे 5000 पाउंड देने के लिये तैयार हूं। मेरे पास रिकॉर्डिंग नहीं है। वह मेरी सर्वश्रेष्ठ वनडे पारी थी । ऐसा लगता था कि मैको (मैल्कम मार्शल) का मुझसे अलिखित करार था । मेरे आते ही दो गेंद छाती पर मारता था।

महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने उनके बारे में कहा था वह टीम का बहुत ही लोकप्रिय सदस्य था और हम सभी उसे याद करते हैं। द 83 वाट्सअप ग्रुप में टीम के 14 सदस्य और प्रशासनिक प्रबंधक पीआर मान सिंह हैं। भारतीय टीम ने जब रवि शास्त्री के कोच रहते बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी जीती या रोजर बिन्नी बीसीसीआई अध्यक्ष बने या कीर्ति आजाद ने लोकसभा चुनाव जीता, इस ग्रुप पर चर्चा का दौर चला है।

गावस्कर ने कहा हम लगभग हर रोज संपर्क में रहते हैं और आज तो बिल्कुल ही। विजय माल्या के यूबी समूह ने 2008 में विश्व कप जीत की 25वीं सालगिरह पर लार्डर्स पर टीम के सभी सदस्यों के लिये समारोह का आयोजन किया था। फिर 2023 में अडाणी समूह ने 40वीं सालगिरह पर सदस्यों को सम्मानित किया। इस बार गावस्कर और शास्त्री एंडरसन तेंदुलकर ट्रॉफी के लिये अपनी मीडिया व्यस्तताओं के कारण बाहर हैं और दिलीप वेंगसरकर भी देश में नहीं है तो जश्न नहीं हो सका। गावस्कर ने कहा हमने इस साल भी जश्न का सोचा था लेकिन सीरीज चालू होने के कारण स्थगित करना पड़ा।

### विश्व कप जीत के 42 साल



# काश ! मैने अच्छा प्रदर्शन किया होता: नीरज

● गोल्डन स्पाइक जीतने के बावजूद खुश नहीं हैं भारत के भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा

**ओस्ट्रावा, एजेंसी**

भारत के भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने भले ही पदार्पण के साथ गोल्डन स्पाइक खिताब जीत लिया हो लेकिन पूर्व ओलंपिक चैम्पियन अपने प्रदर्शन से खुश नहीं हैं।

चोपड़ा ने 85.29 मीटर के थ्रो के साथ नौ खिलाड़ियों के बीच खिताब जीता। जीत के बाद उन्होंने कहा मैं आज अपने प्रदर्शन से खुश नहीं हूं लेकिन इस बात की खुशी है कि खिताब जीता। उन्होंने कहा मैं बचपन में यह टूर्नामेंट देखा करता था। मैने जान जेलेंजी और उसेन बोल्ट जैसे दिग्गजों को गोल्डन स्पाइक जीतते देखा और मुझे लगता था कि मैं भी एक दिन जीतूंगा।

आज वह सपना सच हो गया है। उन्होंने हालांकि कहा मुझे पता है कि चेक गणराज्य में भालाफेंक काफी लोकप्रिय है। दर्शकों से हमें अपार समर्थन मिला। काश कि मैं बेहतर प्रदर्शन कर पाता। दूसरे दौर के बाद चोपड़ा तीसरे स्थान पर थे जिनकी शुरूआत फाउल से हुई लेकिन उसके बाद 83.45 मीटर का थ्रो फेंका। तीसरे दौर में 85.29 मीटर के थ्रो के साथ वह शीर्ष पर आये । उनके अगले दो थ्रो 82.17 मीटर और 81.01 मीटर के रहे जबकि आखिरी थ्रो फाउल रहा। पिछले दो सत्र में वह यहां फिटनेस कारणों से खेल नहीं सके थे। उनके कोच जान जेलेंजी ने यहां नौ बार खिताब जीता है।

27 वर्ष के चोपड़ा ने इस सत्र में मई में दोहा डायमंड लीग में 90 मीटर की बाधा पार करके दूसरा स्थान हासिल किया। इसके बाद पेरिस डायमंड लीग खिताब जीता। चोपड़ा यहां 2018 में आईएएएफ कांटिनेंटल कप में एशिया प्रशांत टीम का हिस्सा थे और 80.24 मीटर के थ्रो के साथ छठे स्थान पर रहे थे। अब वह बेंगलुरु में पांच जुलाई को नीरज चोपड़ा क्लासिक में भाग लेंगे जिसमें पीटर्स और रोहलेर भी खेल रहे हैं।



नीरज चोपड़ा।

## अमरनाथ यात्रा



अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू होने वाली है, देश भर से श्रद्धालुओं और साधु-संतों ने जम्मू पहुंचना शुरू कर दिया है। यात्रा शुरू होने तक यहां साधु-संत राम मंदिर बेस कैंप में ठहरे हुए हैं। बुधवार को साधुओं के नारों की वजह से यहां अलग ही माहौल नजर आया। अमरनाथ यात्रा के दौरान सुरक्षा के भी कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। एजेंसी

# अंतरिक्ष यात्राओं की उपलब्धियां
# जब मंगल पर रहेगा मानव



अंतरिक्ष यात्राओं का इतिहास रोमांचक और जोखिम भरा रहा है। अंतरिक्ष यात्राओं से बेहद महत्वपूर्ण तकनीकी उपलब्धियां हासिल हुई हैं तो नाकामियां भी मिली हैं। ऐतिहासिक सफलताओं ने भविष्य की अपार संभावनाओं के द्वार खोले हैं। एक तरह से कहा जाए तो अंतरिक्ष यात्राएं मानव की तकनीकी प्रगति के साथ विज्ञान और वैश्विक सहयोग का भी प्रतीक हैं।

### संभावनाओं भरा इतिहास

इनमें जोखिम जरूर रहे हैं लेकिन इन यात्राओं से मिली सीखों ने अंतरिक्ष विज्ञान को नई ऊंचाइयों तक भी पहुंचाया है। भविष्य में चंद्रमा और मंगल ग्रह पर मानव बस्तियों की कल्पना भी धीरे-धीरे वास्तविकता की ओर बढ़ने लगी है। भारत दुनिया के चुनिंदा देशों में शामिल है जो अंतरिक्ष विज्ञान की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहा है। उसके कई सफल अंतरिक्ष अभियानों ने दुनिया को अचरज में भी डाला है।

### अंतरिक्ष यात्रा की शुरुआत और प्रगति

अंतरिक्ष यात्रा का प्रारंभिक युग सन् 1950 से 1970 तक माना जा सकता है। सन् 1957 में सोवियत संघ ने स्पुतनिक-1 लॉन्च किया था जो पहला कृत्रिम उपग्रह था। सन् 1961 में यूरी गागरिन अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले पहले इंसान थे। इसके बाद सन् 1969 में अपोलो 11 मिशन के तहत अमेरिका के नील आर्मस्ट्रॉन्ग और बज एल्ड्रिन चंद्रमा पर उतरने वाले पहले इंसान बने। सन् 1970 से सोवियत संघ और अमेरिका के बीच स्पेस रेस शुरू हुई जो 1990 तक चरम पर पहुंच गई। इसी दौरान पहले मीर और उसके बाद इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) जैसे स्पेस स्टेशनों की शुरुआत हुई। सन् 1975 में भारत ने भी अपना पहला उपग्रह आर्यभट्ट लांच किया। वर्ष 1984 में राकेश शर्मा अंतरिक्ष में जाने वाले पहले भारतीय बने।

### नई तकनीक और निजीकरण

सन् 1990 से 2020 के बीच हबल टेलिस्कोप से ब्रह्मांड में झांकने की शुरुआत हुई। 1998 में आईएसएस कई देशों की साझा परियोजना था जो अब भी कार्यरत है। इसी बीच स्पेस एक्स और ब्लू ओरिजिन जैसी निजी कंपनियां आईं।

### प्रमुख सफलता

- नासा का चंद्रमा अभियान अपोलो शृंखला
- स्पेस एक्स का फाल्कन 9 और रियुजेबल रॉकेट्स-1
- इसरो का मंगलयान।
- चीन का चांग मिशन, टियांगॉन्ग एसएस।

### असफलता

- नासा के 1986 में चैलेंजर और 2003 कोलंबिया स्पेस शटल हादसे में सभी अंतरिक्ष यात्री मारे गए।
- यूएस का नाडेज्दा मिशन कई बार असफल मानव रहित प्रयास रहा।
- 2019 में चंद्रयान-2 लैंडर विक्रम चांद पर लैंडिंग में विफल हुआ।

### भविष्य की योजनाएं

**नासा**

- आर्टिमिस मिशन : 2025 तक फिर चंद्रमा पर इंसान भेजने की योजना।
- मार्स मिशन : 2030 के दशक में मानव को मंगल ग्रह पर भेजने की योजना।

**इसरो**

- गगनयान : 2025 तक भारत का पहला मानव अंतरिक्ष मिशन।
- चंद्रयान-3 : चांद की सफल सॉफ्ट लैंडिंग 2023 में पूरी हुई।
- शुक्रयान : भविष्य में शुक्र ग्रह के अध्ययन का मिशन।

**स्पेस एक्स और निजी क्षेत्र**

- स्टारशिप : इंटरप्लैनेटरी ट्रैवल के लिए डिज़ाइन किया गया।
- मार्स कोलोनाइजेशन : एलन मस्क की दीर्घकालिक योजना।
- अंतरिक्ष पर्यटन : अब धीरे-धीरे आम लोगों के लिए खुल रहा है।

## एक नजर

### थाईलैंड के प्रौद्योगिकी तंत्र को बेहतर बनाएगा भारत

**बैंकाक।** भारतीय प्रौद्योगिकीविद् इस साल की शुरुआत में प्रधानमंत्री की बैंकॉक यात्रा के दौरान हस्ताक्षरित एक समझौते के तहत प्रौद्योगिकी तंत्र को बेहतर बनाने में थाईलैंड की मदद करेंगे। डिजिटल अर्थव्यवस्था और सोसाइटी मंत्रालय के स्थायी सचिव प्रोफेसर विसित विसितसोरा-एटी ने कहा, हम फिलहाल दोनों देशों के बीच प्रौद्योगिकी समझौते पर आगे बढ़ने के तरीके पर चर्चा कर रहे हैं, जिसके तहत भारत की मदद से थाईलैंड में प्रौद्योगिकी पेशेवरों को कुशल बनाया जाएगा।

### कोलंबिया में भूस्खलन में आठ लोगों की मौत

**बोगोटा।** उत्तर पश्चिमी कोलंबिया में एंटिओक्विया विभाग के बेलो नगरपालिका में मंगलवार को भूस्खलन में कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई और पांच घायल हो गए। मेयर लोरेना गोंजालेज ने कहा, सुबह करीब 3:25 बजे ग्रैनिज़ल सेक्टर में भूस्खलन हुआ। अब तक हमने आठ लोगों की मौत और पांच लोगों के घायल होने की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि ला नेग्रा धारा के ज्यादा प्रवाह से शुरू हुए भूस्खलन ने एल पिनार पड़ोस के 10 घरों को प्रभावित किया। एंटिओक्विया के गवर्नर एंड्रेस जूलियन ने कहा कि आपातकाल का निपटने के लिए विभाग के सभी संसाधन जुटाए गए हैं। बचाव दल लापता लोगों की तलाश जारी रखे हुए हैं।

### जिनपिंग ब्रिक्स सम्मेलन में नहीं होंगे शामिल

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ब्राजील में छह-सात जुलाई को होने वाले 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेंगे। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट अखबार ने बुधवार को सूत्रों के हवाले से यह रिपोर्ट दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीनी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व प्रधानमंत्री ली कियांग कर सकते हैं। राष्ट्रपति जिनपिंग ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में होने वाले 17वें शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेंगे। चीन के शीर्ष नेता एक वर्ष से भी कम समय में ब्राजील के राष्ट्रपति लुईस इनासियो लूला दा सिल्वा से दो बार मिल चुके हैं।

### विस्फोटक फटने से सात इजराइली सैनिकों की मौत

**यरुशलम।** दक्षिणी गाजा के खान यूनिस शहर में मंगलवार को एक इजराइली बख्तरबंद वाहन में लगे विस्फोटक उपकरण में विस्फोट होने से इजराइल के सात सैनिकों की मौत हो गयी। सात अक्टूबर 2023 को हमास के हमले के बाद शुरू हुए युद्ध में अब तक इजराइल के 860 से अधिक सैनिक मारे गए हैं। सेना ने बताया कि खान यूनिस इलाके में ही गोलीबारी में मंगलवार को एक सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गया।

# ईरान का परमाणु कार्यक्रम पूरा तबाह नहीं
## अमेरिकी खुफिया एजेंसियों की नई रिपोर्ट, पर ईरान ने कहा- हमारे ठिकानों पर भारी नुकसान

**वाशिंगटन/दुबई, एजेंसी**

अमेरिका की एक नई खुफिया रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी हमले के बाद ईरान का परमाणु कार्यक्रम कुछ महीने पीछे चला गया है लेकिन पूरी तरह तबाह नहीं हुआ है, जैसा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है। रक्षा खुफिया एजेंसी की ओर से सोमवार को जारी यह रिपोर्ट ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों की स्थिति को लेकर ट्रंप और इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बयानों के विपरीत है। हालांकि खुद ईरान ने कहा है कि अमेरिकी हमले में उसके परमाणु ठिकानों को भारी नुकसान पहुंचा है।

शुरुआती आकलन से अवगत दो व्यक्तियों ने नाम सार्वजनिक न करने की शर्त पर बताया कि रिपोर्ट में पता चला है कि ईरान के फोर्दो, नतांज और इस्फहान परमाणु स्थलों पर शनिवार को हुए हमलों से अच्छा खासा नुकसान हुआ है, लेकिन वे पूरी तरह नष्ट नहीं हुए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका के हमलों से पहले ही ईरान के अत्यंत संवर्धित यूरेनियम के एक हिस्से को दूसरी जगहों पर स्थानांतरित कर दिया गया था। फोर्दो में बहुत अंदर स्थित यूरेनियम संवर्धन संयंत्र का प्रवेश भाग ढह गया है और अवसंरचना को भी नुकसान हुआ है, लेकिन भूमिगत ढांचा क्षतिग्रस्त नहीं हुआ है।

मंगलवार को सीएनएन ने इस आकलन के बारे में सबसे पहले खबर दी लेकिन व्हाइट हाउस ने इसे गलत बताकर खारिज कर दिया है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलीन लेविट ने एक बयान में कहा, इस आकलन को उजागर करना राष्ट्रपति ट्रंप को नीचा दिखाने और ईरान के परमाणु कार्यक्रम को नष्ट करने के लिए एक बेहतरीन मिशन को अंजाम देने वाले बहादुर लड़ाकू पायलटों को बदनाम करने का प्रयास है। उन्होंने कहा, हर कोई जानता है कि जब आप 30,000 पाउंड के 14 बम लक्ष्य पर सटीक रूप से गिराते हैं तो क्या होता है: संपूर्ण विनाश। ट्रंप कई बार कह चुके हैं कि हमलों के कारण ईरान में परमाणु स्थल पूरी तरह से नष्ट हो गए हैं और ईरान कभी अपने परमाणु प्रतिष्ठानों का पुनर्निर्माण नहीं कर पाएगा।

उधर, ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई ने बुधवार को पुष्टि की कि अमेरिकी हमलों से देश के परमाणु प्रतिष्ठान बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुए हैं। 'अल जजीरा' से बात करते हुए बाघेई ने यह टिप्पणी की, हालांकि उन्होंने विस्तार से बताने से इनकार कर दिया। बाघेई ने स्वीकार किया कि रविवार को अमेरिकी बी-2 बमवर्षकों द्वारा बंकर-बस्टर बम गिराए जाने से काफी नुकसान हुआ है।



तेहरान में अमेरिका और इजराइल के खिलाफ महिलाओं ने किया प्रदर्शन।

### इजराइल के लिए जासूसी के आरोप में तीन और को फांसी

**दुबई।** ईरान ने इजराइल के लिए जासूसी करने के आरोप में बुधवार को तीन और कैदियों को फांसी दे दी। ईरान की सरकारी इरना समाचार एजेंसी ने खबर में ईरान की न्यायपालिका का हवाला देते हुए कहा कि इन व्यक्तियों पर देश में हथियार लाने का आरोप था। ईरान ने इजराइल के साथ अपने युद्ध के दौरान कई लोगों को फांसी की सजा दी है। मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने आशंका जताई है कि संघर्ष समाप्त होने के बाद कई और लोगों को फांसी पर लटकाया जा सकता है।

### अमेरिका-ईरान के अधिकारी अगले सप्ताह वार्ता करेंगे

**द हेग।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका और ईरान के अधिकारी अगले सप्ताह बातचीत करेंगे, जिससे इजराइल और तेहरान के बीच हालिया संघर्ष के कारण बाधित हुई वार्ता बहाल होगी। नीदरलैंड में नाटो शिखर सम्मेलन के दौरान प्रेस वार्ता में ट्रंप ने कहा, मैं आपको बता दूं कि हम अगले सप्ताह ईरान के साथ बातचीत करने जा रहे हैं। हम किसी समझौते पर हस्ताक्षर भी कर सकते हैं। ट्रंप ने कहा कि उन्हें ईरान के साथ बातचीत फिर से शुरू करने में कोई खास दिलचस्पी नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अमेरिकी हमलों ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को नष्ट कर दिया है।

### ट्रंप के खिलाफ पेश महाभियोग प्रस्ताव खारिज

**वाशिंगटन।** संसदीय मंजूरी के बगैर ईरान के विरुद्ध सैन्य कार्रवाई को लेकर राष्ट्रपति ट्रंप पर महाभियोग चलाने के प्रयासों के खिलाफ अमेरिकी संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा ने बढ़-चढ़कर मतदान किया। इस संबंध में पेश प्रस्ताव के विरोध में 344 और पक्ष में 79 वोट पड़े। टेक्सास से डेमोक्रेटिक सांसद एल ग्रीन ने यह प्रस्ताव पेश किया, जिसपर उनकी पार्टी में ही विभाजन हो गया। ग्रीन ने मतदान से पहले कहा, मैं ऐसा इसलिए कर रहा हूं क्योंकि किसी भी व्यक्ति को अमेरिकी संसद से परामर्श किए बिना 30 करोड़ लोगों को युद्ध में झोंकने का अधिकार नहीं होनी चाहिए। मैं समझता हूं कि या तो संविधान सार्थक साबित होगा या निरर्थक बन जाएगा। ट्रंप पर महाभियोग की यह पहली कोशिश नहीं है, लेकिन यह दिखाता है कि डेमोक्रेटिक पार्टी के कई सदस्य विशेष रूप से ईरान के परमाणु केंद्रों पर अचानक हमले के बाद से उनके प्रशासन से असहज हैं, जो पश्चिम एशिया के मामलों में एक जोखिम भरा हस्तक्षेप है।

# साइबर धोखाधड़ी: गुजरात महाराष्ट्र में ईडी के छापे

- ऋण धोखाधड़ी में एनसीआर, पंजाब में भी छापेमारी

**अहमदाबाद, एजेंसी**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने साइबर अपराध से जुड़े 100 करोड़ रुपये से अधिक के धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में बुधवार को गुजरात और महाराष्ट्र में छापेमारी की। इन साइबर अपराधियों पर 'डिजिटल अरेस्ट' जैसे साइबर अपराध करने और विदेश में 100 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि स्थानांतरित करने का आरोप है।

एजेंसी के सूरत उप-क्षेत्रीय कार्यालय ने पीएमएलए के तहत गुजरात के सूरत और अहमदाबाद तथा मुंबई में यह छापेमारी की। सूत्रों ने बताया कि धन शोधन का यह मामला 2024 में मकबूल डॉक्टर, काशिफ डॉक्टर, बासम डॉक्टर, महेश मफतलाल देसाई, माज अब्दुल रहीम नाडा और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ गुजरात पुलिस की एक प्राथमिकी से सामने आया है। उन्होंने कहा कि आरोप है कि साइबर अपराधी विभिन्न साइबर धोखाधड़ी जैसे कि नकली यूएसडीटी ट्रेडिंग (क्रिप्टो मुद्रा), डिजिटल अरेस्ट, कानून प्रवर्तन एजेंसियों आदि के नकली नोटिस भेजकर लोगों को धमकी देने जैसी साइबर धोखाधड़ी करते थे।

### कर्नाटक: इंजीनियरिंग सीट से जुड़े घोटाले में छापे

**बेंगलुरु।** ईडी ने कुछ निजी कॉलेजों में इंजीनियरिंग सीट ब्लॉकिंग घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के तहत बुधवार को शहर में कई स्थानों पर छापे मारे। कुल 18 परिसरों पर छापे मारे गए, जिनमें बीएमएस कॉलेज, आकाश इंस्टीट्यूट और न्यू होराइजन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, बीएमएस के ट्रस्टियों और उनके मुख्य सहयोगियों, कुछ शिक्षा सलाहकारों और एजेंटों के ठिकाने शामिल हैं।

ईडी ने इसके अलावा दिल्ली में पंजीकृत दिवालिया कंपनी के पूर्व प्रवर्तकों के खिलाफ 989 करोड़ रुपये की बैंक ऋण धोखाधड़ी से जुड़े मामले में बुधवार को एनसीआर और पंजाब में कई जगहों पर छापेमारी की। ऑटोमोबाइल और टेलीकॉम क्षेत्र के लिए बिजली के तार और केबल का डिजाइन एवं निर्माण करने वाली दिल्ली स्थित शिल्पी केबल्स टेक्नोलॉजीज लिमिटेड कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया हैं कंपनी के खिलाफ 2017 में दिवालिया की कार्रवाई शुरू की गई थी।

# बांग्लादेश: हसीना के बचाव को नियुक्त वकील हटाया

**ढाका, एजेंसी**



- अपराध न्यायाधिकरण चला रहा है हसीना पर मुकदमा

बांग्लादेश के अपराध न्यायाधिकरण ने बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के बचाव के लिए सरकार द्वारा नियुक्त उस अधिवक्ता को हटा दिया है जिन्होंने पहले उन्हें फांसी देने की मांग की थी।

बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी-बीडी) हसीना के खिलाफ मुकदमा चला रही है। हसीना की करीब 16 साल पुरानी सरकार पिछले साल पांच अगस्त को छात्रों के एक आंदोलन के बाद गिर गई थी। बांग्लादेश के अधिकारियों के अनुसार आईसीटी-बीडी ने हसीना के लिए बचाव पक्ष के वकील के तौर पर नियुक्त अमीनुल गनी टीटू को कार्यमुक्त कर दिया है।

एक दिन पहले ही न्यायाधिकरण ने पूर्व प्रधानमंत्री के बचाव के लिए उनकी नियुक्ति की थी। हसीना पर जुलाई से अगस्त 2024 के दौरान देश में नरसंहार का आरोप है। न्यायाधिकरण ने संबंधित घटनाक्रम में आमिर हुसैन को हसीना तथा उनकी कैबिनेट में गृह मंत्री रहे असदुज्जमां खान कमाल के लिए बचाव पक्ष का वकील नियुक्त किया। टीटू ने पिछले साल फेसबुक पर एक टिप्पणी की थी जिस पर हाल में मीडिया में विवाद उठा।

# भारतीय पायलट अभिनंदन को पकड़ने वाला पाकिस्तानी सैन्य अफसर मारा गया

- अफगानिस्तान की सीमा के पास तालिबानी उग्रवादियों से मुठभेड़ में हुई मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी सेना के विशेष सेवा समूह का एक अधिकारी तालिबानी उग्रवादियों के साथ झड़प में मारा गया, जिसने 2019 में विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद भारतीय वायुसेना के पायलट अभिनंदन वर्धमान को पकड़ने का दावा किया था।

सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के बयान के अनुसार, 37 वर्षीय मेजर सैयद मुईज अब्बास शाह मंगलवार को अफगानिस्तान की सीमा के पास दक्षिण वजीरिस्तान के सरारोगा इलाके में तालिबानी उग्रवादियों के साथ झड़प में मारे गए। बयान में कहा गया कि 27 वर्षीय लांस नायक जिब्रानउल्ला की भी इस हमले में मौत हो गई। इसमें कहा गया कि सेना के जवानों ने तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के 11 आतंकवादियों को मार गिराया और सात अन्य घायल हो गए। मुईज के जनाजे की नमाज रावलपिंडी के चकलाला गैरीसन में पढ़ी गई और सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर भी इसमें शामिल हुए।

# कुल्लू जिले में बादल फटने के बाद मची तबाही
## तीन लोग लापता, कई घर, स्कूल, सड़कें और पुलों को पहुंचा भारी नुकसान

**शिमला, एजेंसी**



कुल्लू में बादल फटने के बाद ब्रह्म गंगा नाले में बाढ़ आ गई जिसने आबादी में भारी नुकसान पहुंचाया।

हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में बुधवार को बादल फटने से अचानक आई बाढ़ में तीन लोग बह गए तथा कई घर, एक स्कूल भवन, संपर्क सड़कें और छोटे पुल क्षतिग्रस्त हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। कुल्लू जिले के सैंज में जीवा नाला और रेहला बिहाल तथा गड़सा क्षेत्र के शिलागढ़ में बादल फटने की तीन घटनाएं हुईं।

अधिकारियों ने बताया कि रेहला बिहाल में अपने घरों से सामान निकालने की कोशिश कर रहे तीन लोग बाढ़ में बह गए और लापता हैं। कुल्लू के अतिरिक्त जिला आयुक्त (एडीसी) अश्विनी कुमार ने बताया कि जिले के मनाली और बंजार में भी अचानक बाढ़ आ गई। टीम मौके पर मौजूद है और तलाश अभियान जारी है।

मणिकरण घाटी में ब्रह्म गंगा नाले में अचानक बाढ़ आने की भी सूचना मिली है। पानी का स्तर कई घरों तक पहुंच गया है और अगर यह जल्दी कम नहीं हुआ तो इससे नुकसान हो सकता है। कुल्लू में कई जगहों पर भारी बाढ़ के कई वीडियो में तबाही के निशान दिखे हैं। एक वीडियो में एक वाहन कीचड़ भरे पानी में बहता हुआ दिखाई दे रहा है।

बंजार के विधायक सुरिंदर शौरी ने कहा, सुबह से भारी बारिश हो रही है और मुझे कई कॉल आए हैं कि बारिश के कारण सैंज, तीर्थन और गड़सा में नुकसान हुआ है। मैंने प्रशासन से त्वरित कार्रवाई करने को कहा है क्योंकि लोग परेशान हैं। ब्यास और सतलुज नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। इसके अलावा, लाहौल और स्पीति पुलिस ने कहा कि काजा से समदोह तक सड़क भूस्खलन, मलबा गिरने और नालों के उफान पर होने के कारण कई स्थानों पर अवरूद्ध हो गई है।

# गाजा में इजराइली हमलों से 70 फिलिस्तीनियों की मौत

**गाजा, एजेंसी**



गाजा में खाने के पैकेट ले जाते लोग।

- सहायता वितरण केंद्र से राशन और खाने के पैकेट ले जा रहे लोगों पर की गोलीबारी

गाजा पट्टी में मंगलवार को इजरायली गोलीबारी और हवाई हमलों में कम से कम 70 फिलिस्तीनी मारे गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने संवाद एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि इजरायली बलों ने दक्षिणी गाजा पट्टी में राफा के उत्तर में शाकौश क्षेत्र में एक अमेरिकी समर्थित सहायता वितरण केंद्र के पास जुटे फिलिस्तीनियों की भीड़ पर गोलीबारी की।

गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों के एक चिकित्सा स्रोत ने बताया कि शाकौश में हुई इस गोलीबारी में कम से कम 25 लोग मारे गए और दर्जनों अन्य घायल हो गए। सूत्र ने कहा, सुरक्षा स्थितियों और क्षेत्र की दूरस्थता के कारण घायलों को पास के फील्ड अस्पतालों में ले जाने के लिए जानवरों द्वारा खींची जाने वाली गाड़ियों का इस्तेमाल किया गया। इस बीच एक अन्य घटना में इजरायली सेना ने पर वाडी गाजा के दक्षिण में सलाह अल-दीन स्ट्रीट पर खाद्यान्न लेने एकत्र हुए फिलिस्तीनियों को निशाना बनाया। मध्य गाजा पट्टी के नुसेरात में अल-अवदा अस्पताल ने कहा कि उसे 19 शव और 146 घायल व्यक्ति मिले हैं।

# अनुदान कटौती के ट्रंप प्रशासन के फैसले के खिलाफ मुकदमा

**बोस्टन।** अमेरिका में 20 से अधिक राज्यों और वाशिंगटन डीसी के अटॉर्नी जनरलों ने ट्रंप प्रशासन की ओर से अनुदान में अरबों डॉलर की कटौती को चुनौती देते हुए संघीय अदालत में एक वाद दायर किया। मुकदमे में न्यायाधीश से ट्रंप प्रशासन को अनुदान में कटौती करने से रोकने का अनुरोध किया गया है।

मुकदमे में कहा गया है कि प्रशासन ने जनवरी से संघीय नियमन की एक अस्पष्ट धारा का उपयोग करके विभिन्न कार्यक्रमों और हजारों अनुदानों को रद्द किया है, जो पहले राज्यों व अनुदान प्राप्तकर्ताओं को प्रदान किए गए थे। वादियों ने तर्क दिया कि, बदली प्राथमिकताओं को आधार बनाकर अनुदान समाप्त करने के लिए धारा का इस्तेमाल करने का निर्णय गैरकानूनी है।

## शिखर सम्मेलन

**सामूहिक सुरक्षा गारंटी के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता को किया रेखांकित**

# ट्रंप के दबाव में नाटो सदस्य रक्षा खर्च में भारी वृद्धि पर सहमत
## बैठक में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को किया गया दरकिनार

**द हेग, एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दबाव के बाद नाटो नेताओं ने बुधवार को रक्षा खर्च में भारी वृद्धि पर सहमति व्यक्त की तथा हमला होने पर एक-दूसरे की सहायता करने की अपनी 'दृढ़ प्रतिबद्धता' दोहराई। हालांकि रक्षा खर्च बढ़ाने पर सहमति के लिए यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को दरकिनार कर दिया गया।

शिखर सम्मेलन के एक वक्तव्य में उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) में शामिल 32 नेताओं ने कहा, सहयोगी देश अपने व्यक्तिगत और सामूहिक दायित्वों को सुनिश्चित करने के लिए 2035 तक मुख्य रक्षा आवश्यकताओं के साथ-साथ रक्षा एवं सुरक्षा संबंधी व्यय पर प्रतिवर्ष सकल घरेलू उत्पाद का पांच प्रतिशत खर्च करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। नेताओं ने नाटो की सामूहिक सुरक्षा गारंटी के प्रति अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता को भी रेखांकित किया कि एक देश पर हमला सभी पर हमला है। शिखर सम्मेलन से पहले, ट्रंप ने अमेरिका द्वारा अपने सहयोगियों की रक्षा को लेकर फिर से संदेह जताया था।

रक्षा खर्च में उल्लेखनीय वृद्धि पर सहमति के दौरान यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की दरकिनार दिखाई दिए। वर्ष 2022 से रूस के साथ युद्ध में उलझा यूक्रेन हमेशा नाटो शिखर सम्मेलन में चर्चा के केंद्र में रहा है, लेकिन जब गठबंधन के नेताओं की वार्षिक बैठक हेग में शुरू हुई, तो वोलोदिमीर जेलेंस्की कमरे में नहीं थे।

इसके बजाय, जेलेंस्की ने शिखर सम्मेलन स्थल पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सहित नेताओं के साथ आमने-सामने की बैठकों की एक शृंखला निर्धारित की। इस वर्ष के शुरू में अमेरिका में ओवल ऑफिस में ट्रंप और जेलेंस्की की झड़प हुई थी। ट्रंप ने सम्मेलन में शामिल होने से पहले संवाददाताओं से कहा, ठीक है, हम स्पष्ट बातों पर चर्चा करेंगे।




शिखर सम्मेलन में नाटो महासचिव मार्क रूट के साथ अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप।

### जापान और अमेरिका में तनाव के संकेत उभरे

**तोक्यो।** जापानी प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा ने अमेरिका के ट्रंप प्रशासन को स्पष्ट संकेत दिया है : जापान-अमेरिका संबंध बहुत गंभीर स्थिति में हैं। कुछ दिन पहले ही उन्होंने कहा था कि वह इस सप्ताह हेग में होने वाले नाटो शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे, लेकिन अंतिम समय में उन्होंने अचानक नाम वापस ले लिया। जापानी मीडिया के मुताबिक, इशिबा ने अपनी यात्रा इसलिए रद्द की क्योंकि उनकी अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से मुलाकात की उम्मीद नहीं थी और इंडो-पैसिफिक फोर (आईपी4) साझेदार की बैठक भी शायद नहीं होती। इशिबा के इस बैठक में शामिल नहीं होने से यह भी पता चलता है कि वाशिंगटन द्वारा जापान पर भारी शुल्क लगाने के बाद जापान ट्रंप प्रशासन के साथ अपने संबंधों को किस तरह देखता है।